CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :25°C
न्यूनतम: 24°C

लखनऊ, मंगलवार 2 सितम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 302 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 9 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



परिषदीय स्कूलों के विलय मामले में अगली सुनवाई 22 सितम्बर को

पेज 2



महिला वनडे विश्वकप: पुरस्कार राशि में चार गुना वृद्धि

खेल टाइम्स



जल प्रलय के संदेश

सम्पादकीय



कृति सैनन बनीं यूएनएफपीए की मानद राजदूत

पेज 12

## 42 दिन बाद उपराष्ट्रपति आवास से निकले धनखड़

**नई दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अब दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर इलाके में स्थित अभय चौटाला के फॉर्महाउस में रहेंगे। सोमवार शाम 6 बजे उन्होंने इस्तीफे के 42 दिन बाद उपराष्ट्रपति आवास छोड़ा। इंडियन नेशनल लोकदल के प्रमुख अभय चौटाला ने बताया कि हमारे परिवार के घनखड़ जी से पुराने रिश्ते रहे हैं। हमने उनसे हमारे घर में रहने की अपील की, जो उन्होंने मान ली। धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए मानसून सत्र के पहले दिन 21 जुलाई को पद से इस्तीफा दे दिया था। तब वे सार्वजनिक कहीं नजर नहीं आए। इस दौरान विपक्ष ने हाउस अरेस्ट जैसे कई आरोप लगाए। हालांकि सरकार ने इनसे इन्कार किया। धनखड़ अब तक संसद भवन के पास उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में रह रहे थे। उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। धनखड़ अभय चौटाला के फॉर्महाउस में तब तक रहेंगे, जब तक उन्हें टाइप-8 सरकारी बंगला आवंटित नहीं कर दिया जाता, जिसके वे पूर्व उपराष्ट्रपति होने के नाते हकदार हैं।

## सकल GST राजस्व अगस्त में 6.5 % की वृद्धि के साथ 1,86,315 करोड़

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की सकल वसूली अगस्त 2025 में सालाना आधार पर 6.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,86,315 करोड़ रुपये रही। पिछले साल अगस्त में सकल जीएसटी प्राप्ति 1,74,962 करोड़ रुपये थी। रिफंड के बाद जीएसटी से शुद्ध प्राप्ति अगस्त में 1,66,956 करोड़ रुपये रही जो पिछले साल के 1,50,791 करोड़ रुपये से 10.7 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्रालय के जारी आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य माह में घरेलू बाजार के सौदों से जीएसटी की सकल वसूली 9.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,36,962 करोड़ रुपये रही। इसमें केंद्रीय जीएसटी का योगदान 34,076 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी का 42,854 करोड़ रुपये और आईजीएसटी का योगदान 48,639 करोड़ रुपये रहा।

## MBBS, BDS में दाखिला संबंधी तेलंगाना के नियम पर सुप्रीम मुहर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नौवीं से 12वीं कक्षा तक तेलंगाना में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को एमबीबीएस और बीडीएस में दाखिले से संबंधित राज्य सरकार के मूल निवास संबंधी आरक्षण का लाभ देने वाले राज्य सरकार के नियम को बरकरार रखा है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने सोमवार को तेलंगाना सरकार की अपील स्वीकार कर ली। अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका पर यह फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पांच अगस्त को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। उच्च न्यायालय ने पिछले साल इस नियम को मनमाना करार दिया था। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि मूल निवास संबंधी नियम कुछ वर्षों के लिए राज्य से बाहर गए स्थायी निवासियों के बच्चों को दाखिले से वंचित कर देगा।

# अफगानिस्तान में भूकंप से तबाही

## गांव के गांव बर्बाद, 800 लोगों की मौत, 2500 घायल

काबुल, वार्ता

**पूर्वी अफगानिस्तान** में आए एक शक्तिशाली भूकंप में लगभग 800 लोगों की मौत हो गई। अब तक 2,500 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। रविवार देर रात 6.0 तीव्रता का भूकंप नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर के पास कुनार प्रांत के कई कस्बों में आया, जिससे भारी नुकसान हुआ।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, रात 11:47 बजे आए भूकंप का केंद्र नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से 27 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व में था। इसकी गहराई महज 8 किलोमीटर थी। कम तीव्रता वाले भूकंप ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। इसके बाद भी इलाके में कई झटके आए। सोशल मीडिया और समाचार चैनलों पर प्रसारित वीडियो फुटेज में बचावकर्मी घायल लोगों को ढही हुई इमारतों से स्ट्रेचर पर उठाकर हेलीकॉप्टरों में ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि कई लोग अपने हाथों से मलबा हटाने की कोशिश कर रहे हैं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मृतकों की संख्या बढ़कर 800 हो गई है। 2,500 लोग घायल हुए हैं। ज्यादातर लोग कुनार प्रांत में हताहत हुए हैं। कुनार के सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में से एक नूरगल जिले के एक निवासी ने बताया कि लगभग पूरा गांव ही तबाह हो गया है। बच्चे मलबे के नीचे हैं। बुजुर्ग मलबे के नीचे हैं। युवा मलबे के नीचे हैं। हमें मदद की जरूरत है। हमें लोगों की जरूरत है, जो यहां आकर हमारी मदद करें। पूर्वी अफगानिस्तान पहाड़ी इलाका है। यह दूरदराज के इलाकों में फैला है। भूकंप के कारण संचार व्यवस्था बिगड़ गई है। एक जीवित बचे व्यक्ति ने बताया कि उसने अपनी आंखों के सामने घर ढहते और लोगों को मदद के लिए चीखते हुए देखा।



### मोदी ने जान-माल के नुकसान पर शोक किया व्यक्त

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अफगानिस्तान में रविवार रात आए विनाशकारी भूकंप में हुए जानमाल के नुकसान पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए भारत की तरफ से हरसंभव मानवीय सहायता प्रदान करने की पेशकश की है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में सोमवार को कहा कि अफगानिस्तान में आए भूकंप में हुई जान-माल की हानि से अत्यंत दुखी हूं। इस कठिन घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। भारत प्रभावित लोगों को हर संभव मानवीय सहायता और राहत प्रदान करने के लिए तत्पर है।

### भारत ने अफगानिस्तान में एक हजार तंबू और 15 टन खाद्य सामग्री भेजी

**नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान में भूकंप से हुई भारी तबाही के बाद मदद का हाथ बढ़ाते हुए तत्काल सहायता के तौर पर वहां एक हजार तंबू तथा 15 टन खाद्य सामग्री भेजी है। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तक़ी से बात कर भूकंप के कारण हुई जान-माल की हानि पर संवेदना व्यक्त की और कहा कि इस कठिन समय में भारत अफगानिस्तान के साथ है। उन्होंने कहा कि भारत ने काबुल में एक हजार तंबू पहुंचाए हैं। काबुल स्थित भारतीय मिशन द्वारा कुनार तक 15 टन खाद्य सामग्री भी तुरंत पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से कल और राहत सामग्री भेजी जाएगी। डा. जयशंकर ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि सोमवार को अफ़ग़ानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तक़ी से बात की। भूकंप में हुई जान-माल की हानि पर अपनी संवेदना व्यक्त की। भारत ने आज काबुल में 1000 परिवारों के लिए तंबू पहुंचाए हैं। भारतीय मिशन द्वारा काबुल से कुनार तक 15 टन खाद्य सामग्री भी तुरंत पहुंचाई जा रही है। मंगलवार (आज) से भारत से और राहत सामग्री भेजी जाएगी। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। इस कठिन समय में भारत अफगानिस्तान के साथ है।

# उत्तराखंड: चारधाम यात्रा पांच सितम्बर तक स्थगित

## हिमाचल आपदा प्रभावित राज्य घोषित

शाह टाइम्स ब्यूरो

- हरियाणा में 2.50 लाख एकड़ में फसलों को नुकसान
- शिमला में लैंडस्लाइड, चार लोगों की मौत

**नई दिल्ली/देहरादून।** उत्तर भारत के हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश से हालात खराब हैं। हिमाचल में रविवार से तेज बारिश हो रही है। शिमला के कोटखाई, जुब्बल और जुन्गा में देर रात लैंडस्लाइड से 4 लोगों की मौत हो गई।

सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा में राज्य को आपदाग्रस्त प्रदेश घोषित किया है। चंडीगढ़-मनाली फोरलेन सहित 5 नेशनल हाईवे और करीब 800 सड़कें बंद पड़ी हैं। कुल्लू समेत 10 जिलों में सोमवार को स्कूल-कॉलेज बंद हैं। उत्तराखंड में केदारनाथ नेशनल हाईवे पर सोमवार को लैंडस्लाइड के बाद दो यात्रियों की मौत और छह लोग घायल हो गए। रेड और ऑरेंज अलर्ट के बाद चार धाम और हेमकुंड साहिब यात्रा 5 सितम्बर तक स्थगित कर दी गई है। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में लैंडस्लाइड के कारण 12 घर टूट गए। हरियाणा के 6 जिलों में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। सिरसा में एक नहर टूटने से 50 एकड़ में खड़ी फसल पानी में डूब गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में अब तक 2.50 लाख एकड़ में फसलों को नुकसान हुआ है। करीब 40 हजार किसान प्रभावित हुए हैं। सोमवार सुबह हथिनीकुंड बैराज से 29,313 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। दिल्ली सरकार ने बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। पंजाब के 9 जिलों फाजिल्का, फिरोजपुर, कपूरथला, पठानकोट, तरनतारन, होशियारपुर, मोगा, गुरदासपुर और बरनाला में बाढ़ के हालात हैं। अब तक 1312 गांव बाढ़ से प्रभावित हो चुके हैं। भाखड़ा डैम में फ्लड गेट 4-4 फीट तक खोल दिए हैं। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में रविवार शाम को सड़क पर विशाल पेड़ गिर गया। वहां कई लोग और गाड़ियां खड़ी थीं। हालांकि, किसी को नुकसान नहीं पहुंचा। उत्तराखंड में सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच मुनकटिया में लैंडस्लाइड हुई। इसके बाद वाहन फंसे हुए हैं। एसडीआरएफ टीम राहत कार्य में जुटी है।

# SCO ने की आतंकवाद के विरुद्ध कड़ी घोषणा

## भारत की पहल पर एससीओ देशों ने की पहलगाम हमले की निंदा

**तियांजिन / नई दिल्ली।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों ने अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और इस हमले में शामिल लोगों, इसकी साजिश करने वालों और इसका प्रायोजन करने वालों को कानून के हवाले किए जाने पर बल दिया है।

एससीओ की तियांजिन में आयोजित 25वीं शिखर बैठक में अनुमोदित प्रस्तावों में आतंकवाद को लेकर एक कड़ा प्रस्ताव पारित किया गया। एससीओ के सदस्यों ने आतंकवाद की, उसके हर रूप और हर तरीके की कड़ी निंदा की है। संगठन ने इस विषय में भारत की पहल को स्वीकार करते हुए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद का मुकाबला करने का आह्वान किया है, जिसमें सीमापार से आतंकवादियों की घुसपैठ के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान भी शामिल है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्मेलन के पूर्ण अधिवेशन में कहा था कि आतंकवाद कहीं भी हो, किसी भी रूप में हो, उसका कड़ाई से मुकाबला -**शेष पृष्ठ दो पर**



### पुतिन ने यूक्रेन संकट समाधान में भारत के प्रयासों को सराहा

**तियांजिन।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन संकट में मध्यस्थता के लिए भारत और चीन के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनकी पहल ने चल रही शांति वार्ताओं को और मूल्यवान बनाया है। श्री पुतिन ने यह बात कही।

### आतंकवाद साझा चुनौती, इस पर दोहरा मापदंड मंजूर नहीं : मोदी

**तियांजिन/नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद को विकास की राह में बड़ी बाधा करार देते हुए कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सभी सदस्य देशों को इस मुद्दे पर दोहरा मापदंड छोड़कर मानवता के खिलाफ इस साझा चुनौती का एकजुट होकर विरोध करने के अपने दायित्व को निभाना होगा। श्री मोदी ने सोमवार को यहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्र प्रमुखों के 25 वें शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए आतंकवाद के मुद्दे पर पूरी मजबूती के साथ भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि सुरक्षा, शांति और स्थिरता किसी भी देश के विकास का आधार होते हैं लेकिन आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद इस राह में बड़ी चुनौतियां हैं।

# एटम बम से बड़ा हाइड्रोजन बम ला रहे, मोदी जी मुंह नहीं दिखा सकेंगे: राहुल

पटना, वार्ता




**राहुल गांधी** ने कहा कि महाराष्ट्र में हमसे चुनाव चोरी किया गया था। तकरीबन एक करोड़ नए वोटर लोकसभा चुनाव के बाद जोड़े जाते हैं। जितना हमें लोकसभा में मिला, उतना विधानसभा में गया। नए सारे वोट भाजपा के खाते में चले गए। क्योंकि, चुनाव आयोग और भाजपा ने मिलकर वोट चोरी की।

हमने साफ दिखाया कि एक क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा फर्जी वोटर थे। हमने डाटा के साथ दिखाया। चुनाव आयोग हमें वोटर लिस्ट नहीं देती। सीसीटीवी नहीं दिखाती। चार महीने, 16-17 घंटे काम कर हमने देश के सामने सबूत रखा। बिहार के युवाओं को मैं कहना चाहता हूं, वोट चोरी का मतलब अधिकार की चोरी, आरक्षण की चोरी, रोजगार की चोरी, शिक्षा की चोरी, लोकतंत्र की चोरी, युवाओं के भविष्य की चोरी। यह आपकी जमीन, आपका राशन कार्ड लेकर अडानी- अंबानी को दे देंगे। महात्मा गांधी की हत्या करने वाली शक्ति संविधान की हत्या करने की कोशिश कर रहे हैं। हम इन्हें संविधान की हत्या नहीं करने देंगे। हमने बिहार की यात्रा की। बिहार के सारे के सारे युवा खड़े हो गए।

# अल्पसंख्यक स्कूलों को RTE छूट वाले फैसले पर SC संशय में

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 2014 के प्रमति एजुकेशनल एंड कल्चरल ट्रस्ट मामले के उस फैसले पर गंभीर सवाल उठाए हैं, जिसमें कहा गया था कि अल्पसंख्यक स्कूलों को बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा देने वाले कानून (आरटीई एक्ट, 2009) से छूट है।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस आगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि उन्हें इस फैसले की सही होने पर संदेह है और उन्होंने यह मुद्दा मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के पास भेज दिया है। आरटीई एक्ट के तहत छह से 14 वर्ष तक के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार दिया गया है। कानून में प्रावधान है कि निजी स्कूलों को 25 प्रतिशत सीटें कमजोर वर्गों और वंचित तबकों के बच्चों के लिए सुरक्षित रखनी होंगी। लेकिन 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने प्रमति केस में यह कहा था कि अल्पसंख्यक



- सीजेआई के पास भेजा मामला

स्कूलों को इस प्रावधान से छूट दी जाएगी। मौजूदा पीठ ने सवाल उठाया कि क्या यह छूट सही है और क्या इसे दोबारा विचार की जरूरत है। पीठ ने कहा कि अगर आरटीई एक्ट अल्पसंख्यकों के अधिकारों (अनुच्छेद 30) का उल्लंघन करता है, तो प्रमाटी फैसले में यह विचार करना चाहिए था कि धारा 12(1)(ब) को उस समुदाय के कमजोर तबके के बच्चों तक सीमित कर पढ़ा जा सकता था। अदालत ने कहा कि पूरी तरह छूट देना सही नहीं था।

## इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल विवाद: सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिना इथेनॉल वाले पेट्रोल का विकल्प दिए 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री को उपभोक्ता अधिकारों के खिलाफ होने का दावा करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने याचिकाकर्ता अक्षय मल्होत्रा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शादान फरासत की गुहार ठुकरा दी। पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता फरासत ने नीति आयोग की 2021 की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि उस रिपोर्ट में इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल मानकों का पालन न करने वाले पुराने वाहनों के प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त की गई है। अधिवक्ता मल्होत्रा की इस याचिका में दावा किया गया था कि यह उन लाखों वाहन मालिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है, जिनके वाहन इथेनॉल मिश्रण के अनुकूल नहीं हैं। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता ने केवल प्रसिद्धि पाने के लिए इस मामले में शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस याचिका के पीछे एक बड़ा गुट काम रहा है।

# सम्भल मस्जिद विवाद में यथास्थिति बढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सुप्रीम कोर्ट ने दो हफ्ते के लिए बढ़ाई समयसीमा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के सम्भल मस्जिद विवाद में यथास्थिति बनाए रखने के अपने आदेश को दो हफ्ते के लिए बढ़ा दिया।

न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक राधे की पीठ ने कहा कि इस मामले में जामा मस्जिद सम्भल की प्रबंधन समिति की ओर से दो अपीलें दायर की गई थीं, जिनका प्रतिनिधित्व इसके सचिव (पहली याचिका) और उपाध्यक्ष (दूसरी याचिका) कर रहे थे। इसके बाद शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री को मामले की जांच करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। मुकदमे में हिंदू पक्षकारों की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने यथास्थिति बढ़ाने का विरोध किया। हालांकि, मस्जिद प्रबंधन का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने रिपोर्ट प्रस्तुत होने तक अवधि बढ़ाने की मांग की। शीर्ष अदालत इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की ओर से दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी।

## संक्षिप्त समाचार

### परिषदीय स्कूलों के विलय मामले में अब सुनवाई 22 को

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश के परिषदीय स्कूलों के विलय मामले में अगली सुनवाई की तारीख 22 सितंबर को नियत की है। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ल की खंडपीठ ने सोमवार को यह आदेश मामले में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध विशेष अपीलों पर दिया हैं। बीती 24 जुलाई को उच्च न्यायालय ने विलय प्रक्रिया में उजागर हुई स्पष्ट अनियमित. ताओं के मद्देनजर सीतापुर के स्कूलों के विलय पर यथास्थिति बरकरार रखने का आदेश दिया था।

### नन्ही मायरा बोली प्रवेश करा दीजिए डाक्टर बनना है

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दर्शन कार्यक्रम में अपनी मां के साथ आई कानपुर की नन्हीं बच्ची ने कहा कि स्कूल में एडमिशन करा दीजिए, वह डाक्टर बनना चाहती है। योगी ने पास खड़े अधिकारियों से बच्ची के एडमिशन तुरंत कराने के निर्देश दिए। अपने सरकारी आवास में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 50 से अधिक फरियादियों की समस्याएं जानी।

### टीसीए कल्याणी ने महालेखा नियंत्रक का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी टीसीए कल्याणी ने सोमवार को वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग में महालेखा नियंत्रक (सीजीए) का पदभार संभाला। मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए कहा कि आईसीएएस की 1991 बैच की अधिकारी श्रीमती कल्याणी इस प्रतिष्ठित पद पर आसीन होने वाली 29वीं अधिकारी हैं।

# उत्तर प्रदेश में आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में रुक रुककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक कई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश में सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश होगी।

मौसम विभाग ने 15 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 2 सितंबर तक भारी बारिश की आशंका है। लखनऊ सहित कई जिलों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है इसलिए सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मानसूनी रेखा उत्तर की ओर

**मुजफ्फरनगर समेत 15 जिलों में ऑरेंज अलर्ट**

खिसकी है। इस कारण दो सितंबर तक कहीं भारी तो कहीं अत्यधिक भारी बारिश होगी।

लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में भारी बारिश की संभावना है। चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मीरजापुर, भदोही, बहराइच, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बारा. बंकी, रायबरेली, अमेठी, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी व आसपास के इलाकों में भी अधिक बारिश के आसार हैं।

# जेलों में गंभीर बीमार बंदियों की समयपूर्व रिहाई के नियम सरल किए जाएं: सीएम योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीर बीमारियों से ग्रसित बंदियों की समयपूर्व रिहाई से संबंधित नियमों को और अधिक सरल, स्पष्ट तथा मानवीय दृष्टिकोण से परिभाषित किए जाने की आवश्यकता जताई।

सोमवार को कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाओं की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का अनुपालन करते हुए प्रदेश की नीति को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि पात्र बंदियों की रिहाई स्वत: विचाराधीन होनी चाहिए और इसके लिए उन्हें अलग से आवेदन न करना पड़े। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राणघातक रोग से पीड़ित होने की आशंका वाले सिद्धदोष बंदी, जिसे मुक्त करने पर उसके स्वस्थ होने की उपयुक्त संभावना है तथा वृद्धावस्था, अशक्तता या बीमारी के कारण भविष्य में ऐसा अपराध करने में स्थाई रूप से असमर्थ बंदी, जिसके लिए वह दोषी ठहराया गया हो



**कारागार प्रशासन व सुधार सेवाओं की समीक्षा बैठक में बोले सीएम**

के साथ-साथ घातक बीमारी या किसी प्रकार की अशक्तता से पीड़ित सिद्धदोष बंदी जिसकी मृत्यु निकट भविष्य में होने की संभावना हो, के संबंध में प्रदेश के सभी कारागारों में सर्वेक्षण कर वास्तविक संख्या का आकलन किया जाए।

इनमें महिलाओं, बुजुर्गों को प्राथमिकता के आधार पर रिहा करने की व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कैदियों को कृषि, गोसेवा आदि कार्यों से जोड़कर उनकी जेल अवधि के सदुपयोग करने के लिए व्यवस्था बनाने की भी आवश्यकता बताई।

### पारदर्शिता बढ़ाने को शीघ्र लागू होगा नया सोसाइटी पंजीकरण एक्ट: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के स्थान पर उत्तर प्रदेश में नया कानून लागू किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि सोसाइटी के रूप में पंजीकृत संस्थाओं के पंजीकरण, नवीनीकरण तथा उनकी संपत्तियों के पारदर्शी प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए युगानुकूल और व्यावहारिक प्रावधान किए जाने चाहिए। वर्तमान अधि. नियम में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने, निष्क्रिय अथवा संदिग्ध संस्थाओं के निरस्तीकरण/ विघटन और संपत्ति के सुरक्षित प्रबंधन, तथा सदस्यता, प्रबंधन और चुनाव संबंधी विवादों के समयबद्ध निस्तारण के स्पष्ट प्रावधानों का अभाव है। इसी प्रकार, वित्तीय अनुशासन के लिए ऑडिट, निधियों के दुरुपयोग पर नियंत्रण और संपत्ति प्रबंधन से संबंधित नियम भी पर्याप्त नहीं हैं।

## चीन को भारत की तरह आतंकवाद से पीड़ित देश बताना गलत : कांग्रेस

# पीएम का बयान चीन के सामने झुकने वाला

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि चीन ने हमेशा पाक के आतंकवादियों का समर्थन किया है और इसे देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चीन को भारत की तरह आतंकवाद से पीड़ित देश बताने वाला बयान अनुचित है।

कांग्रेस ने कहा कि मोदी ने रविवार को तियानजिन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मुलाकात में चीन को भारत की तरह आतंकवाद से पीड़ित देश बताया है, यह एक तरह से चीन के सामने झुकने वाला बयान है। पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां एक बयान में कहा कि भारत लंबे समय से चीन पर आतंकवाद के मुद्दे पर 'दोहरे मानदंड' और 'दो.



**भारत लंबे समय से चीन पर आतंक के मुद्दे पर 'दोहरे मानदंड' और 'दोहरी भाषा' बोलने का आरोप लगाता रहा**

हरी भाषा' बोलने का आरोप लगाता रहा है, लेकिन अब प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग से कहा है कि भारत और चीन, दोनों आतंकवाद के शिकार हैं। उन्होंने इसे चीन के सामने झुकने वाला बयान बताया और कहा कि अगर यह तथाकथित हाथी का तथाकथित ड्रैगन के आगे झुकना नहीं है, तो फिर क्या है।

इससे भी ज्यादा राष्ट्र-विरा. `धी बात यह है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन और पाकिस्तान की जुगलबंदी के बारे में प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत में एक शब्द तक नहीं कहा। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए कहा कि स्वघोषित 56 इंच सीने वाले नेता अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुके हैं। उन्होंने 19 जून, 2020 को चीन को क्लीन चिट देकर राष्ट्रहित के साथ विश्वासघात किया। अब, 31 अगस्त, 2025 भी तियानजिन में उनके बयान को बदनामी के दिन के रूप में याद किया जाएगा।

### जीडीपी के आंकड़े मजबूत होने के बावजूद अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी की दर का आंकड़ा भले ही मजबूत हो, लेकिन विनिर्माण सहित कई क्षेत्रों में वृद्धि घट रही है जिससे साफ है कि मजबूत जीडीपी के बावजूद आर्थिक विकास की रफ्तार धीमी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को जीडीपी के आंकड़ों पर कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी आंकड़ों को लेकर उत्साह अतार्किक है। जीडीपी के अप्रैल-जून के आंकड़ों में कुछ स्पष्ट विरोधाभास भी हैं, जिन पर एक जाने माने बैंक की रिपोर्ट ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि शहरी खपत अब भी काफी कमजोर बनी हुई है, जबकि ग्रामीण खपत संरचनात्मक बाधाओं से जूझ रही है। जीडीपी की मामूली वृद्धि दर अब भी धीमी है और जनवरी-मार्च 2025 की तुलना में स्पष्ट रूप से कम है। लाभ वृद्धि के विपरीत, विनिर्माण क्षेत्र में बिक्री की वृद्धि लगातार धीमी हो रही है। सामान्यत: उपभोग, निवेश और व्यापार जीडीपी वृद्धि के मुख्य निर्धारक हैं लेकिन आश्चर्यजनक रूप से, तिमाही वृद्धि दर का पूरा 1.8 प्रतिशत अंक इन तीनों निर्धारकों से नहीं समझाया जा सकता।

# अखिलेश ने ईसी को बताया जुगाड़ आयोग

लखनऊ, वार्ता



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग को 'जुगाड़ आयोग' कहकर निशाना साधा और 17,986 हलफनामों पर कार्रवाई न होने पर सवाल उठाए। यादव ने आरोप लगाया कि एआई से बड़े घोटाले पकड़ने वाला आयोग, सपा के हलफनामों को अनदेखा कर रहा है।

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि पार्टी की तरफ से पेश किए गए 17,986 हलफनामे पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल से 1.25 करोड़ रुपये से अधिक के घोटाले का पता लगाने में सक्षम चुनाव आयोग, सपा के हलफनामे पर ध्यान नहीं दे रहा है। यादव ने सोमवार को चुनाव

**18 हजार हलफनामों में सिर्फ 14 का मिला जवाब**

आयोग को जुगाड़ आयोग करार दिया और सवाल किया कि उसने उनकी पार्टी की तरफ से जमा किए गए 17,986 हलफनामों का जवाब क्यों नहीं दिया? उन्होंने एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें दावा किया गया था कि पंचायत चुनावों के सिलसिले में 1.25 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं और गांवों में नकली मतदाताओं की पहचान के लिए एआई का इस्तेमाल किया जा रहा है।



सेंसेक्स 8036449
निफ्टी 24625.05



सोना रु. 104493
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 122800
प्रति किलो



# सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ बंद

मुंबई, वार्ता

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में उम्मीद से ज्यादा वृद्धि के बाद सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में निवेशकों में उत्साह रहा और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक करीब 555 अंक की बढ़त से साथ बंद हुआ।

बाजार में सुबह से ही तेजी रही। सेंसेक्स 19.34 अंक की मजबूती के साथ 79,828.99 अंक पर खुला और अंत में 554.84 अंक (0.70 प्रतिशत) ऊपर 80,364.49 अंक पर बंद हुआ। इसका दिन का निचला स्तर 79,818.38 अंक और उच्चतम स्तर 80,406.84 अंक रहा। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 5.85 अंक ऊपर 24,4342.70 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहने के बाद 198.20 अंक यानी 0.81 प्रतिशत चढ़कर 24,625.05 अंक पर पहुंच गया। पहली



तिमाही के जीडीपी के आंकड़े में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जारी किया गया है। इससे बाजार में निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। फार्मा को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों की कंपनियों में लिवाली का जोर रहा।

बिक्री के मजबूत आंकड़े आने से ऑटो क्षेत्र की कंपनियों में जमकर लिवाली हुई। एनएसई में महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 3.52 प्रतिशत, बजाज ऑटो से 4.01 प्रतिशत, हीरो मोटोकॉर्प के 3.18, टाटा मोटर्स से 3.09, हीरो मोटोकॉर्प के 3.18 प्रतिशत चढ़े। इसके अलावा, आईटी, रियलिटी, बैंकिंग, धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस क्षेत्र में निवेशकों ने खूब पैसा लगाया। एनएसई में 3,156 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 2,133 के शेयरों में तेजी और 935 में गिरावट रही। वहीं 88 कंपनियों के शेयरों के भाव अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 से 23 कंपनियों से शेयर हरे निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 3.65 प्रतिशत चढ़े। टाटा मोटर्स में 3.17 फीसदी, ट्रेंट में 2.71, इटरनल में 2.23, एशियन पेंट्स में 2.13 और इंफोसिस में 2.04 फीसदी की तेजी देखी गई। टेक महिंद्रा का शेयर 1.71 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स का 1.68, पावर ग्रिड का 1.63 और एक्सिस बैंक का 1.52 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, बीईएल, अल्ट्राटेक, टाटा स्टील और एनटीपीसी के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। सनफार्मा में सबसे अधिक 1.87 प्रतिशत की गिरावट रही। आईटीसी का शेयर भी 0.99 प्रतिशत टूटा। हिंदुस्तान यूनीलिवर, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए।

### सोना 1.04 लाख के ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम सोमवार को अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज सोना 2,105 रुपए बढ़कर 1,04,493 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 1,02,388 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 5,228 रुपए बढ़कर 1,22,800 रुपए प्रति किलो हो गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,030 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,200 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,05,8800 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,050 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,05,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,050 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,05,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,050 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,05,910 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,100 रही। सोना केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमे. रिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बनी हुई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है और इसकी डिमांड भी बढ़ रही है।

## चावल-चीनी महंगी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घटबढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की कीमत में उछाल देखा गया, जबकि गेहूं में नरमी रही। दालों के दाम बढ़ गए। चीनी भी मजबूत हुई, जबकि खाद्य तेलों में घट.बढ़ रही।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 118 रुपए बढ़कर 3,848.88 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं तीन रुपए फिसलकर 2,849.43 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी छह रुपए सस्ता हुआ और 3,300.30 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। सरसों तेल औसतन 101 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। पाम ऑयल में 40 रुपए और सोया तेल में 68 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सूरजमुखी तेल की कीमत करीब 41 रुपए और मूंगफली तेल की 20 रुपए बढ़ गई। वनस्पति 83 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तेजी का रुख रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 208 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 134 रुपए और मूंग दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत में 146 रुपए और उड़द दाल में 40 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़त दर्ज की गई। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में गुड़ की औसत कीमत करीब 75 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ी। चीनी भी करीब 22 रुपए महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : दाल-दलहन : दाल चना 7980.86 रुपए, मसूर काली 8153.63 रुपए, मूंग दाल 10105.84 रुपए, उड़द दाल 10446.71 रुपए, अरहर दाल 10759.71 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.43 रुपए और चावल 3848.88 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4307.56 रुपए और गुड़ 4965.90 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17822.06 रुपए, मूंगफली तेल 17788.83 रुपए, सूरजमुखी तेल 15410.63 रुपए, सोया रिफाइंड 13815.05 रुपए, पाम ऑयल 12356.08 रुपए और वनस्पति 14506.34 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## अपने बयानों से विपक्ष के नेता पद की गरिमा गिरा रहे: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रवि शंकर प्रसाद ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा को विफल बताते हुए कहा है कि वह अपने बयानों से लोकसभा में विपक्ष के नेता के पद की गरिमा गिरा रहे हैं।

प्रसाद ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में श्री गांधी के एटम बम और हाइड्रोजन बम वाले बयान पर कहा कि कर्नाटक में मतदाता सूची का उनका एटम बम फुस्स हो गया, तो वह अब जनता को भ्रमित करने के लिए हाइड्रोजन बम फोड़ने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अपने बयान से अपने वजूद को क्यों हल्का बना रहे हैं, आप लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं। कम से कम इसकी गरिमा का ख्याल रखिए। प्रसाद ने कहा कि सभी लोगों को पता है कि पहले जब बिहार में चुनाव होते थे, तब कितनी बूथ कैप्चरिंग होती थी, बूथ तक लूट लिया जाता था। लेकिन अब ईवीएम के चलते बूथ कैप्चरिंग खत्म हो गई है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**एससीओ ने की...**

किया जाना चाहिए। एससीओ के देशों ने पहलगाम हमले में मारे गए और घायल लोगों के परिजनों के प्रति गहन संवेदना और शोक व्यक्त किया है। एससीओ की तियानजिन घोषणा में कहा गया है कि संगठन के सदस्य देश पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 के आतंकवादी हमले की कठोर भर्त्सना करते हैं। इसमें आगे कहा गया है कि ऐसे हमले करने वालों, इसकी साजिश रचने वालों और इसके प्रायोजकों को निश्चित रूप से कानून के हवाले किया जाना चाहिए। एससीओ के सदस्य देशों ने आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अपनी ठोस प्रतिबद्धता को दोहराया है। घोषणा पत्र में स्वीकार किया गया है कि आतंकवादियों, पृथकतावादियों और अतिवादियों के गिरोहों को भाड़े के टट्टू की तरह इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। एससीओ ने कहा है कि आतंकवादी और अतिवादी तत्वों के खतरों के विरुद्ध कार्रवाई करने में देशों की सरकारों और उनकी एजेंसियों की अग्रणी भूमिका को मान्यता दी है। संयुक्त घोषणा पत्र में आतंकवाद पर सबका साथ आना और उसकी निंदा करना भारत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसकी वजह यह है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दो महीने पहले एससीओ के संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। इस बयान में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र नहीं होने के कारण उन्होंने इस पर दस्तखत करने से इंकार कर दिया था, लेकिन अब इस संगठन ने भारत के रुख को स्वीकार कर लिया है। यह आतंकवाद के मुद्दे पर भारत की बड़ी जीत है। पाकिस्तान और चीन के रहते आतंकवाद को संयुक्त घोषणा पत्र में जिक्र होना और सभी देशों का साथ आना भारत की कूटनीतिक जीत को दिखाता है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010




वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करें। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# भाजपा सरकार ने विदेश नीति को किया चौपट

## चीन पर भरोसा देश के लिए घातकः अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भारत की विदेश नीति को चौपट कर दिया है। उन्होंने कहा कि आज भारत की स्थिति ऐसी हो गई है कि दुनिया के तमाम मित्र देशों ने साथ छोड़ दिया है।



हाल में हुए आपरेशन सिंदूर के दौरान भी पड़ोसी देश भारत के साथ खड़े नहीं हुए जबकि पाकिस्तान का चीन हर प्रकार की मदद करता रहा। अमेरिकाए जिससे भाजपा सरकार ने गहरी दोस्ती का दावा किया थाए उसने व्यापार पर पचास प्रतिशत टैरिफ लगाने के साथ ही कड़े आल्थक प्रतिबंधों की धमकी दे डाली। ऐसे हालात में घबराई भाजपा सरकार चीन की शरण में पहुंच गई हैए जबकि उसका इतिहास भारत से दुश्मनी का ही रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि चीन पर भरोसा करना खतरनाक है। उन्नीस सौ बासठ की जंग में ष्हिन्दी.चीनी भाई.भाईष् के नारे का हश्र सामने आ चुका हैए जब चार हजार भारतीय सैनिक और अफसर कैद कर लिए गए थे और उन्हें अमानवीय यातनाएं दी गई थीं। इससे पहले उन्नीस सौ पचास में चीन ने तिब्बत पर कब्जा कर लिया था। उन्होंने कहा कि चीन की निगाहें हमेशा भारत की भूमि पर रही हैं। उसने रिजंगला में भारत के वार मेमोरियल को तोड़ दियाए फाइव लफगर पर कब्जा कर लिया और पेंगान लेक में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा दी। अरुणाचल प्रदेश के बड़े हिस्से को वह अपना बताता है और गलवान घाटी सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उसने अपनी गति. विधियां तेज कर रखी हैं।

इसके बावजूद भाजपा सरकार कहती है कि ष्न कोई घुसा था और न कोई घुसा हैष्। यदि ऐसा है तो दोनों देशों के बीच लगातार वार्ताएं क्यों हो रही हैंघ् अखिलेश यादव ने कहा कि चीन के दबाव और अमे. रिका की नाराजगी के बीच भारत के व्यापा. रिक प्रतिष्ठान संकट में हैं। अमेरिकी प्रति. बंधों की आशंका के कारण निर्यात ठप्प पड़ता जा रहा है जबकि आयात महंगा होता जा रहा है। चीन के साथ व्यापार में भारत लगातार घाटे में है और भारतीय बाजार उसके सामान से पटे पड़े हैं। नई व्यापारिक डील से तो चीन का दखल और गहरा जाएगा। भारतीय उद्योग कच्चे माल के लिए भी चीन पर निर्भर हैंए ऐसे में स्वदेशी का संकल्प कितना टिक पाएगा यह बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि भारत को चीन के असली इरादों को समझना होगा। चीन विस्तारवादी सोच रखता है और अपनी सीमाओं का विस्तार करने की महत्वाकांक्षा में कई पड़ोसी देशों को आल्थक सहायता के नाम पर कर्ज के जाल में फंसा चुका है।

भारत से जवानी सहयोग की बातें करने वाला चीन अब तक कब्जाए गए भारतीय भू.भाग पर बातचीत से बचता रहा है। तिब्बत हड़पने के बाद वह अरुणाचलए लेह और लद्दाख में भी पैर पसारना चाहता है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार देश को गुमराह कर रही है और चीन की इन चालों के आगे बेबस दिखाई दे रही है। यह स्थिति भारत के लिए बेहद खतरनाक है।

# मुख्यमंत्री आवास के पास महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** दबंग के उत्पीड़न और पुलिस की उदासीनता से क्षुब्ध हरदोई की एक महिला ने सोमवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास के बाहर आत्मदाह का प्रयास किया।

मौके पर सुरक्षाकर्मियों की सक्रियता से महिला को बचा लिया गया, जिसके बाद मौके पर पहुंची गौतमपल्ली महिला को लेकर थाने आई। महिला ने बताया कि हरदोई पुलिस उसके मामले पर कार्रवाई नहीं कर रही है जिससे वह आहत है और न्याय की गुहार लगाने के लिए मुख्यमंत्री से मिलना चाह रही थी। हरदोई जिले के तिहानी थानान्तर्गत खुरमुल्ली निवासी 26 वर्षीया पीड़ित महिला रोली कश्यप ने बताया कि आरोपी विक्की मिश्रा ने लखनऊ में घर दिलाने के नाम पर उसे झूठा आश्वासन दिया था। वह उसके बहकावे में आकर हरदोई के अपने मकान को बेचकर फोन एप के माध्यम से आरोपी को 60 लाख रुपए ट्रांसफर किए थे।

पैसा मिलने के बाद विक्की मिश्रा पीड़ित महिला को लगातार मकान दिलाने का आश्वासन देता आ रहा था। काफी समय बीत जाने के बाद जब महिला को लखनऊ में मकान नहीं मिला, तो उसने आरोपी से पैसे वापस करने की मांग की, तो आरोपी उसे धमकियां देने लगा। पीड़ित महिला ने बताया कि इस मामले की शिकायत लेकर वह हरदोई पुलिस कप्तान के पास गई थी। पर वहां भी उसके मामले की कोई सुनवाई नहीं हुई। उल्टा आरोपी विक्की मिश्रा उसे धमकियां देने लगा। पीड़िता का कहना है कि विक्की मिश्रा अक्सर फोन पर धमकी देता है कि वह 5.6 लाख रुपए पुलिस वालों को खिलाकर या मामला रफा-दफा कर देगा और वह उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती है। इंस्पेक्टर गौतमपल्ली ने बताया कि मकान खरीदने को लेकर महिला ने किसी को पैसे दिए थे। पैसा वापस न करने की शिकायत महिला ने स्थानीय थाने में दर्ज कराई थी। कोई कार्यवाही होते न देख महिला आज मुख्यमंत्री दरबार में फरियाद लगाने पहुंची थी। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर स्थानीय पुलिस से सम्पर्क किया जा रहा है।

# दिव्यांग ऑटो चालक की नृशंस हत्या उधार चुकाने के विवाद ने ली जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के उमेदखेड़ा मोड़ पर सोमवार सुबह दिल दहला देने वाली घटना घटी। गांव गोदियाना निवासी पवन का दोनों पैरों से विकलांग होकर भी अपने परिवार का पेट पालने के लिए ऑटो चलाकर रोज़ी कमाना हत्यारे को पसंद नहीं था।

शायद इसीलिए गांव के ही मोहित ने बूढ़ी मां शिवरानी और छोटे भाइयों से उनका सहारा छीन लिया। आज सुबह मोहित ने पवन की उस समय गला रेतकर बेदर्दी से उसकी जिंदगी खत्म कर दी जब वह आटो लेकर अपने काम पर निकल रहा था। परिजनों का कहना है कि गांव के ही मोहित ने अपनी बहन की शादी के लिए पवन से पचास हज़ार रुपये उधार लिए थे। हाल में जब पवन ने नया ऑटो खरीदा तो उसने अपने पैसे लौटाने की मांग तेज़ कर दी।

इसको लेकर कई बार दोनों के बीच कहासुनी हो चुकी थी। आज पूर्वान्ह पवन जैसे ही ऑटो लेकर घर से निकलाए उमेदखेड़ा मोड़ पर मोहित उससे मिला और रुपये लौटाने की बात कहकर अचानक चाकू से हमला कर दिया। देखते ही देखते पवन का गला रेत दिया वह जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। घटना के समय वहां मौजूद लोगों ने हत्यारे को भागने नहीं दिया और दौड़ाकर पकड़ लिया। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पवन की नृशंस हत्या ने गांव में गहरा आक्रोश और पीड़ा फैला दी है। दिव्यांग होकर भी जिसने मेहनत से परिवार का पेट पालाए वही कर्ज लौटाने की जिद् में अपनी जान गंवा बैठा। यह घटना समाज के उस कठोर चेहरे को उजागर करती हैए जहां विश्वास और मानवता की जगह हिंसा और बेरहमी ने ले ली है।

# लगातार बारिश से लखनऊ व पूर्वी उप्र में बाढ़ का संकट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ सहित पूरे पूर्वी उत्तर प्रदेश में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बेहाल कर दिया है। आसमान घने बादलों से ढका हुआ हैए बिजली की कड़काहट और तेज हवाओं का सिलसिला जारी है और मौसम विभाग ने आने वाले दिनों तक इसी तरह के हालात बने रहने की संभावना जताई है।



मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान मानसून सत्र में लखनऊ में सामान्य से अधिक वर्षा दर्ज की गई है और मध्य प्रदेश की ओर बने चक्रवाती तंत्र के कारण अभी भारी से अति भारी बारिश की आशंका बनी हुई है। लगातार बारिश ने नदी-नालों को उफान पर ला दिया है। गंगाए यमुनाए घाघराए शारदाए गोमती और रामगंगा जैसी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। पूर्वांचल और बुंदेलखंड के कई जिलों में हालात और भी गंभीर हो गए हैं। राज्य सरकार के अनुसार चालीस से अधिक जिले बाढ़ से प्रभावित हैं और हजारों गांव पानी में डूबे हुए हैं। लाखों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है और अनेक परिवार राहत शिविरों में शरण लेने को मजबूर हैं। हजारों हेक्टेयर खेती भूमि जलमग्न हो चुकी है और फसलें पूरी तरह बर्बाद होने के कगार पर हैं। रूग्यसड़कें और पुल टूटने से आवागमन बाधित हो गया है। कई स्थानों पर स्कूल और अन्य शैक्षणिक संस्थान बंद कर दिए गए हैं और कुछ को राहत केंद्र में बदल दिया गया है। प्रशासन लगातार अलर्ट पर है मंत्री और अधिकारी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें तैनात हैंए नावों की मदद से ग्रामीणों को सुरक्षित निकाला जा रहा है। य हालात से जूझ रहे लोग अब बाढ़ के बाद फैलने वाली बीमारियों को लेकर भी लचतित हैं। जलभराव और गंदगी से डायरियाए मलेरिया और वायरल बुखार जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। पशुधन भी प्रभावित हो रहा है और चारे.पानी की किल्लत सामने आने लगी है। लखनऊ सहित पूरे पूर्वी उत्तर प्रदेश में इस समय हालात बेहद कठिन हैं। आसमान से बरसता पानीए चारों तरफ फैला जलभराव और उफनाती नदियां जनजीवन को अस्वस्थ कर रही हैं। प्रशासन की कोशिशों के बावजूद बेचैनी और भय का माहौल है। लोग दुआ कर रहे हैं कि जल्द ही बारिश थमे और हालात सामान्य होंए लेकिन मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अभी संकट और गहरा सकता है।

# संस्थाओं के पारदर्शी संचालन के लिए नया सोसाइटी पंजीकरण एक्ट शीघ्र होगा लागूः सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में सोसाइटी पंजीकरण अधिनियमए 1860 के स्थान पर नया और युगानुकूल कानून लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि पंजीकृत संस्थाओं के पंजीकरणए नवीनीकरण और संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए व्यावहारिक प्रावधान अनिवार्य हैं। मुख्यमंत्री ने वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की उपस्थिति में हुई बैठक में स्पष्ट किया कि ट्रस्ट हो या सोसाइटीए संस्थाओं की संपत्तियों की मनमानी बिक्री रोकने के लिए ठोस व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विवाद की स्थिति में प्रशासक की नियुक्ति उपयुक्त नहीं हैए बल्कि प्रबंध समिति को ही अपने विधान तय करने चाहिए। सरकार और प्रशासन को संस्थाओं के आंतरिक कामकाज में अनावश्यक हस्तक्षेप से बचना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में इस समय आठ लाख से अधिक संस्थाएं पंजीकृत हैंए जिनकी गतिविधियां शिक्षाए स्वास्थ्यए ग्रामीण विकासए उद्योगए खेल और सामाजिक समरसता जैसे क्षेत्रों से जुड़ी हुई हैं। ऐसे में सदस्यता विवादए चुनावी मतभेद और वित्तीय अनियमितताओं के त्वरित निस्तारण के साथ.साथ निष्क्रिय अथवा संदिग्ध संस्थाओं के विघटन और संपत्ति सुरक्षा के लिए नए कानून में स्पष्ट प्रावधान होंगे।

उन्होंने कहा कि पंजीकरण और नवीनीकरण की प्रक्रिया ऑनलाइन और केवाईसी आधारित होगीए जबकि वित्तीय अनुशासन व लेखा.परीक्षा प्रणाली को और सुदृढ़ किया जाएगा। मुख्यमंत्री का कहना है कि नया सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम पारदर्शिता और सुशासन को बढ़ावा देगा तथा समाजोपयोगी कार्यों को प्रोत्साहित करेगा।

## दो पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**सीतापुर।** कमलापुर थाना पुलिस ने सिधौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पूरनपुर निवासी सतीश मिश्रा पुत्र आनंद मिश्रा तथा ग्राम बहादुरपुर निवासी संजय पुत्र रेवती पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। पुलिस का कहना है कि दोनों शातिर वाहन चोर हैं। गैंगलीडर सतीश मिश्रा ने संजय के साथ मिलकर एक संगठित आपराधिक गिरोह बना रखा हैए जो जनपदीय स्तर पर सक्रिय है। ये अपने व गैंग के अन्य सदस्यों के आल्थक और भौतिक लाभ हेतु वाहन चोरी जैसे अपराध कर अवैध कमाई कर रहे थे। इनके खिलाफ पूर्व में भी चोरी के कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि अपराध से अर्जित संपत्ति की पहचान की जा रही।

# बाइकबोट घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई 394 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बाइकबोट घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपियों की तीन सौ चौरानबे करोड़ बयालिस लाख रुपये की संपत्ति कुर्क की है।





यह कार्यवाही धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की गई है। ययवईडी के अनुसार जीआईपीएल और उसके प्रमोटर संजय भाटी ने अपने साथियों के साथ मिलकर यह घोटाला किया था। बाइकबोट नाम से शुरू की गई बाइक टैक्सी सेवा के लिए कंपनी ने निवेशकों को आकर्षक योजनाओं का लालच दिया। निवेशकों से करोड़ों रुपये जुटाकर उन्हें मासिक किरायाए ईएमआई और बोनस देने का वादा किया गया था। जांच में सामने आया है कि निवेश की गई रकम को शैक्षिक संस्थानों और ट्रस्टों में ट्रांसफर किया गया। मेरठ में अचल संपत्तियां इसी धन से खरीदी गईए जबकि कई बैंकों में गिरवी रखी गई संपत्तियों को भी घोटाले की रकम से छुड़ाया गया। रकम को अलग.अलग कंपनियों के माध्यम से इधर.उधर ट्रांसफर कर छिपाने की को. शिश की गई। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय इससे पहले भी दो सौ बीस करोड़ अठहत्तर लाख रुपये की संपत्ति कुर्क कर चुका है। अब तक की कार्रवाई से घोटाले का दायरा और गहराता जा रहा हैए जिसमें हजारों निवेशकों की गाढ़ी कमाई डूब गई थी।

# लूटे गए ई-रिक्शा के साथ दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** बिसवां कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर मोहल्ला शंकरगंज निवासी सुनील कुमार उर्फ सोनू सिंह पुत्र साहब बख्श सिंह तथा सदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मारखापुर निवासी राजू उर्फ नंदन पुत्र मन्नू कहार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से लूटा गया ई.रिक्शाए ई.रिक्शा की दो बैटरियांए एक मोबाइल फोन और दो हजार चार सौ उनचास रुपये नकद बरामद किए।





इसके अलावा इनके पास से दो अवैध तमंचे और कारतूस भी मिले। पुलिस का कहना है कि दोनों ने मिलकर ई.रिक्शा चालक को नहर पटरी किनारे डरा.धमकाकर रिक्शाए मोबाइल फोन और नकदी लूट ली थी। चार बैटरियों में से दो को बेच दिया था जबकि बाकी दो बरामद हो गईं। पुलिस ने अवैध हथियार बरामदगी पर आर्म्स एक्ट में केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया।

# डीएम ने सैनिक बंधु बैठक की समीक्षा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सैनिक बंधु की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों से संबंधित कल्याणकारी योजनाओंए समस्याओं और उनके निस्तारण पर चर्चा हुई। जिलाधिका. री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई लापरवाही न हो और शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।





बैठक में लंबित प्रकरणों की स्थिति पर अधिकारियों ने जानक. री दी। जिलाधिकारी ने लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के आद. श दिए। बैठक का संचालन कमांडर राजीव कुमार पाठकए जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने किया। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट ख्रुणानंद तिवारीए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक सिंहए कोषाधिकारी प्रति. निधि रजनीश कुमारए स्वास्थ्य विभाग से डॉण् एमण्एलण् गंग. वारए उद्योग केंद्र के संजय सिंहए बैंक अग्रणी अधिकारी प्रीति पांडेयए पूलत अधिकारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी और पूर्व सैनिक कैप्टन महीप सिंहए फ्लाइ लेफ्टिनेंट राममूलतए सिपाही प्रमोद यादवए नायक सत्यनाम सिंह व कंचन पांडे उपस्थित रहे।

## पंचायत चुनाव को विधानसभा का सेमीफाइनल मान रही भाजपा

**लखनऊ।** भाजपा पंचायत चुनाव को आगामी विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल मानकर पूरी ताकत से मैदान में उतरने की रणनीति बना रही है। पार्टी सूत्रों के अनुसार संगठन अब गांव.गांव और घर.घर जाकर जनता से सीधा संवाद करेगा। कार्यकर्ता लोगों को केन्द्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे और इसके साथ ही पिछली सपाए बसपा और कांग्रेस सरकारों की खामियां भी गिनाएंगे। सूत्रों का कहना है कि पार्टी ने छह सितम्बर तक क्षेत्रीय स्तर पर बैठकें होंगीए जबकि दस सितम्बर से पहले जिलास्तर की बैठकों का आयोजन भी पूरा कर लिया जाएगा।

## चोरी के माल और असलहे के साथ दो शातिर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** महमूदाबाद कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नाकेबंदी कर थानगांव थाना क्षेत्र के ग्राम लोनियन पुरवा ग्वारी निवासी सुरेंद्र चौहान पुत्र कन्हैया तथा ग्राम ग्वारी निवासी गोपाल उर्फ छुटकन पुत्र दुलवजय सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दोनों शातिर चोर हैं। इनके कब्जे से चोरी के सामान को बेचकर बचे रुपये उनतीस हजार सात सौ रुपयेए एक अवैध तमंचाए कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस ने बताया कि इन्होंने बाईस अगस्त को ग्राम गड़ियनपुरवा व ग्राम जियारीपुरवा से जेवरात और नकदी चोरी की थी।

# केजीएमयू में बनेगी स्टूडेंट काउंसिल

**लखनऊ।** विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव पर लगी रोक के बीच लकग जॉर्ज चिकित्सा विश्व. विद्यालय ने बड़ा कदम उठाते हुए स्टूडेंट काउंसिल गठित करने का निर्णय लिया है। कार्य परिषद ने इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है और इसी साल से काउंसिल का गठन शुरू हो जाएगा। सूत्रों के अनुसार इस काउंसिल में अध्यक्ष समेत सात पदों पर चुनाव होंगे।

वाइस प्रेसीडेंटए सेक्रेटरीए जॉइंट सेक्रेटरीए स्पोर्ट्स सेक्रेटरी और कल्चरल सेक्रेटरी भी इसमें शामिल होंगे। चुनाव नामित सदस्यों के मतदान के आधार पर होंगेए जबकि हर कक्षा से एक क्लास रेप्रेजेंटेटिव भी काउंसिल का हिस्सा बनेगा। कुलपति प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद काउंसिल की संरक्षक होंगीए डीन स्टूडेंट वेलफेयर को चेयरमैन तथा असिस्टेंट डीन को कोआर्डिनेटर बनाया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि यह व्यवस्था छात्रों को नेतृत्व और सहभागिता का अवसर देगी तथा विश्वविद्यालयीय गतिविधियों को अधिक संगठित रूप प्रदान करेगी। गौरतलब है कि प्रदेश में कई वर्षों से छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगी हुई है। सरकार का तर्क है कि पारंपरिक चुनाव से शिक्षण संस्थानों का शैक्षिक माहौल प्रभावित होता है।

## कांग्रेस के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन

**सीतापुर।** बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को अपशब्द कहे जाने के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने जोरदार प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कंचन प्रभा पांडे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने परशुराम चौक से कांग्रेस कार्यालय की ओर कूच किया। हालांकि महावीर पार्क के पास पुलिस ने बैरिकेलडग कर सभी को रोक लिया। इस अवसर पर कंचन प्रभा पांडे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपनी नैतिकता खो दी है और मातृशक्ति का अपमान कर देशवासियों की भावनाओं को आहत किया है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रहेगा।

# धर्म परिवर्तन कराने वाले चार अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह व क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली के पर्यवेक्षण में मऊ कोतवाली पुलिस ने चार लोगों को धर्म परिवर्तन के आरोप में गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक वंशनारायण सिंह व उनकी टीम ने कार्रवाई करते हुए यह गिरफ्तारी की। गिरफ्तार अभियुक्तों में फूलचन्द्र पुत्र सीताराम निवासी ग्राम अहिरी थाना मऊ (उम्र लगभग तिरपन वर्ष)ए राजकुमार पटवा पुत्र रामजी पटवा निवासी रामनगर थाना रैपुरा (उम्र लगभग उनतीस वर्ष)ए सन्तलाल पुत्र राममनोहर निवासी कौशाम्बी (उम्र लगभग चालीस वर्ष) और बाबूलाल पुत्र शारदा निवासी अर्जुनपुर दबवा मजरा खण्डेहा थाना मऊ (उम्र लगभग चालीस वर्ष) शामिल हैं।

पुलिस ने इनके कब्जे से दो धार्मिक पुस्तकें-पवित्र बाइबल और नया नियम-बरामद की हैं। रूरूपुलिस के अनुसार वादी मुक. श बाजपेयी निवासी कस्बा मऊ ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि फूलचन्द्र अपने घर में पिछले एक वर्ष से गरीब हिंदू परिवारों को धन का लालच देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करता है। इस दौरान देवी.देवताओं के प्रति आपत्ति. जनक भाषा का प्रयोग कर ईसा मसीह की प्रार्थना सभा आयोजित की जाती थी। इस आधार पर थाना मऊ में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

इसके बाद उपनिरीक्षक वंशनारायण सिंह व उनकी टीम ने 31 अगस्त की रात महिला घाट पुल से करीब दो सौ मीटर पहले मऊ की ओर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान संतलाल से एक बाइबल और राजकुमार पटवा से नया नियम की पुस्तक बरामद हुई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक वंशनारायण सिंहए उपनिरीक्षक अनूप कुमार शुक्लाए आरक्षी राकेश कुमारए आरक्षी सोनपाल और पंकज राय शामिल रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए, मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बख्श 'सुमन'
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पुलिस के सामने दो पक्षों में पथराव

## 11 नामजद व 15 अज्ञात पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** पुलिस के सामने दो पक्षों में जमकर पथराव हुआ। जिसमें कई लोग घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला। दरोगा की तहरीर पर 11 नामजद व 15 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करया गया है। पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पायंती खुर्द की है। यहां कैफ व शाहरुख के परिवार रहते हैं। रविवार दोपहर दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। मारपीट के बीच देखते ही देखते दोनों ओर से पथराव होने लगा, जिससे गांव में भगदड़ मच गई। झगड़ा होने की सूचना मिलते ही दरोगा सुधीर कुमार, हेड कांस्टेबल दीपक कुमार और कांस्टेबल आकाश कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों को समझने का प्रयास किया लेकिन दोनों ने हमला जारी रखा, एक-दूसरे पथराव करते रहे। इतना ही नहीं आरोपियों ने पुलिसकर्मियों पर पथराव कर दिया। अचानक हुए हमले में बाल-बाल बचे दरोगा और सिपाहियों ने दीवार की आड़ लेकर खुद को बचाया। मारपीट और पथराव में दोनों ओर से कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली से फोर्स गांव पहुंचा। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने पथराव कर रहे लोगों पर लाठी फटकार कर दौड़ा दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में दरोगा सुधीर कुमार की तहरीर पर कैफ, नदीम, जीशान, इसरार, अनीस, वासित, शाहरुख, सरोज, मोमी व सबिया समेत 11 नामजद तथा 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी इसरार व शहानावाज को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।



हसनपुर। झारखण्ड महादेव मन्दिर पर भूमि पूजन करते विधायक महेन्द्र सिंह।

# 50 लाख से होगा मन्दिर का सौंदर्यकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर का सौंदर्यीकरण 50 लाख रुपये की लागत से किया जायेगा। विधि विधान से भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है।

प्राचीन श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर का सौंदर्यीकरण करवाये जाने की काफी लंबे समय से मांग की जा रही थी। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने बताया उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मंदिर का सौंदर्यीकरण करवाये जाने की मांग की गई थी। पर्यटन विभाग द्वारा मंदिर का सौंदर्यीकरण कराये जाने के लिए 50 लाख रुपये स्वीकृत किये गये हैं। सोमवार को विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी द्वारा कार्य करवाये जाने से ओरव विधि विधान के साथ भूमि पूजन किया गया। श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के ग्राउंड में कुछ दिनों बाद रामलीला का मंचन होगा। काफी समय से श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर का सौंदर्यीकरण करवाये जाने की मांग की जा रही थी। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष कृष्ण अवतार अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, संदीप गुप्ता, महेश प्रजापति, मयंक अग्रवाल, संजय शर्मा, पवन राज आदि मौजूद थे।

# सत्य ही आत्मा का स्वभाव, झूठ से बढ़ते हैं पाप

## पांचवे दिन हुई उत्तम सत्य की व्याख्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भाद्रपद मास के पवित्र अवसर पर चल रहे दशलक्षण महापर्व का पंचम दिवस सोमवार को 'उत्तम सत्य' के रूप में मनाया गया। इस मौके पर शास्त्री दीपक जैन ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सत्य ही आत्मा का स्वभाव है। जब मन और आत्मा को सरल व शुद्ध बना लिया जाता है, तो सत्य अपने आप जीवन का हिस्सा बन जाता है।

उन्होंने कहा कि झूठ बोलना पाप को बढ़ाता है और इससे मुक्ति पाना कठिन हो जाता है। सत्य का पालन करने से आत्मा के वास्तविक स्वरूप की पहचान होती है और इसी आधार पर मोक्ष की प्राप्ति संभव है। शास्त्री ने स्पष्ट किया कि सत्य शब्द सत से बना है, जिसका अर्थ है वास्तविक होना। उत्तम सत्य धर्म हमें यही सिखाता है कि आत्मा की प्रकृति को जानना और उसे शुद्ध बनाना ही जीवन का परम उद्देश्य होना चाहिए। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और उत्तम सत्य धर्म के गूढ़ महत्व को आत्मसात किया।

# मकान के मलबे में दबकर वृद्धा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** क्षेत्र में 2 दिन से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते मकान गिरने से पशु समेत महिला घायल हो गई। घायल को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

सैदनगली थाना क्षेत्र के उझारी कस्बा स्थित मौहल्ला भीम नगर निवासी सतीश एवं कैलाश तथा भगवत पुत्रगण होरीलाल का परिवार एक ही मकान में रहता हैं। वह परिवार के लोग खेतों पर काम करने गये हुए थे। इस दौरान घर के अंदर अकेली वृद्ध माता रामदेही लेटी हुई थी। जहां तेज बारिश के चलते मकान अचानक भर भराकर गिर गया। जहां मलबे में दबने से वृद्धा गंभीर रुप से घायल हो गई। वहीं एक मवेशी भी मलबे के अंदर दबकर घायल हो गया। उधर मकान गिरने से हुई तड़तड़हट की आवाज को सुनकर मौहल्ले के लोगों ने मकान के मलबे के अंदर दबी वृद्धा को बाहर निकाला। और गंभीर स्थिति में घायल वृद्धा को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल मवेशी को भी उपचार के लिए पशु चिकित्सक को दिखाया। साथ ही मकान गिरने से मोहल्ले में अफरा तफरी का माहौल बन गया फिलहाल मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। रुक रुक कर हो रही तेज बारिश से मकानों को नुकसान होने लगा है।

# पोषण ही जीवन की असली शक्ति



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नेशनल न्यूट्रिशन वीक की शुरुआत सोमवार को मानव रचना द स्कूल में बड़े ही रंगीन अंदाज में हुई। विद्यालय परिसर में आयोजित फ्रूट्स पार्टी ने नन्हें-मुन्नों को स्वास्थ्य और स्वाद का अनोखा संगम परोसा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या सारिका त्यागी ने किया। उन्होंने बच्चों को संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पोषण ही जीवन की असली शक्ति है। यदि भोजन पौष्टिक होगा तो शरीर और मस्तिष्क दोनों का विकास सही दिशा में होगा। उन्होंने समझाया कि मौसमी फल और सब्जियां बीमारियों से बचाव के साथ-साथ शरीर को ऊर्जा से भरपूर बनाते हैं, कार्यक्रम में मोनी चौधरी, सलोनी अलुना, आदिति त्यागी, पलक सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# बिना हेलमेट के अब नहीं मिलेगा पैट्रोल

## यातायात प्रभारी ने पम्पों पर की चैकिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सड़क हादसों पर रोक लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए सोमवार से नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान की शुरुआत की गई। यातायात पुलिस ने इसे पूरी सख्ती के साथ लागू कराया। आदेश साफ है कि अगर कोई दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट पेट्रोल पंप पर आता है तो उसे पेट्रोल नहीं मिलेगा। यातायात प्रभारी अनुज मलिक के नेतृत्व में यातायात पुलिस की टीमें अलग-अलग पेट्रोल पंपों पर पहुंचीं। वहां पंप संचालकों-कर्मचारियों को आदेश की जानकारी दी गई और यह सुनिश्चित कराया गया कि बिना हेलमेट वालों को पेट्रोल न दिया जाए। इस मौके पर कई बाइक सवार ऐसे आए जो बिना हेलमेट के पेट्रोल भरवाने पहुंचे थे, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में उन्हें साफ मना कर दिया गया। इस दौरान लोगों को समझाया गया कि हेलमेट पहनना सिर्फ चालान से बचने का साधन नहीं, बल्कि जान बचाने का जरिया है। पुलिस ने इस अभियान को सिर्फ नियम लागू करने तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे जागरूकता अभियान का रूप भी दिया। कई जगह आम लोगों को समझाया गया कि सड़क पर दुर्घटना कब और कैसे हो जाए, कोई नहीं जानता। ऐसे में हेलमेट पहनना हर दोपहिया चालक के लिए जरूरी है।

# सांड के हमले में युवक घायल

**हसनपुर।** आवारा सांड ने युवक के सींग मारकर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। घायल को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। सोमवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रही है। जिसके मुताबिक सैदनगली थाना क्षेत्र के कस्बा चौकी उझारी स्थित मोहल्ला मंसूरपुर पश्चिमी निवासी नदीम पुत्र इशरत किसी कार्य से हसनपुर आया हुआ था। जहां नगर के मोहल्ला लालबाग रेतिया में आवारा सांड ने युवक को सींगों से उठाकर पटक दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं मौके पर जमा लोगों ने सांड को बा मुश्किल भगाया। इसके बाद घायल को एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। इसके बाद घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वहीं लोगों ने सीसीटीवी कैमरे की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। फिलहाल मामले में कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

# कड़ी सुरक्षा में मौलाना एसडीएम कोर्ट में पेश

## पैगम्बरे इस्लाम पर की थी टिप्पणी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पैंगबरे इस्लाम व धर्मगुरुओं का नाम लेकर आपत्तिजनक ऑडियो क्लिप व्हाट्सऐप ग्रुप पर शेयर करने वाले मौलाना अहमद हसन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जरूरी पूछताछ के बाद पुलिस ने सोमवार को आरोपी मौलाना का शांतिभंग की धारा में चालान किया है।

गौरतलब है कि शहर में आला हजरत बरेली मरकज के नाम से चलाए जा रहे एक व्हाट्सऐप ग्रुप में बीते दिनों शहर के मोहल्ला अहमद नगर निवासी मौलाना अहमद हसन के मोबाइल नंबर से उसकी आवाज में एक 28 सेकेंड का आडियो क्लिप शेयर किया गया था। जिसमें मौलाना अहमद हसन ने पैगंबरे इस्लाम व कई अन्य सहाबा (धर्मगुरु) का नाम लेकर गाली-गलौज के साथ बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। बीते शुक्रवार को आडियो क्लिप दूसरे व्हाट्सऐप ग्रुप पर वायरल होते ही मुश्किल समुदाय के लोगों में गुस्सा भड़क गया था। वहीं, आरोपी मौलाना अहमद हसन घर से फरार हो गया था।।मामले में मुरादाबाद जिले के छजलैट थाना क्षेत्र के गांव चेतरामपुर निवासी फैजान ने शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस तभी से आरोपी मौलाना की तलाश में जुटी थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि सोमवार को आरोपी मौलाना से हसन को गिरफ्तार कर लिया था।

# आठवें दिन भी जारी रहा वकीलों का आंदोलन

**अमरोहा।** उपनिबंधन कार्यालय की मांग को लेकर अमरोहा तहसील में अधिवक्ताओं का आंदोलन 08वें दिन भी जारी रहा। सोमवार को मूसलाधार बारिश के बीच तहसील परिसर में अधिवक्ता क्रमिक अनशन पर डटे रहे तथा प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है, तब तक उनका आंदोलन चलता रहेगा। अधिवक्ताओं के आंदोलन को भाकियू समेत कई संगठनों ने समर्थन भी किया है। गुलड़िया में बन रहे नए तहसील में उपनिबंधन कार्यालय की मांग को लेकर अधिवक्ता 25 अगस्त से कार्य बहिष्कार कर आंदोलन कर रहे हैं। आठ दिनों से अधिवक्ता तहसील परिसर में अनशन कर रहे हैं। धरनें में सतेंद्र पाल सिंह, महफ ज अली, शौकीन मंसूरी, वीरेन्द्र सिंह, खालिद हुसैन, मंसूर अहमद आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# तमंचे के साथ वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

## पुलिस ने तमंचा भी बरामद किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** तमंचे व कारतूस के साथ वीडियो वायरल करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वीडियो वायरल होते ही पुलिस में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने आरोपी युवक के पास से तमंचा भी बरामद कर लिया है।

डिडौली पुलिस ने मामले में क्षेत्र के गांव पायंती खुर्द निवासी युवक इरफान की गिरफ्तारी की है। युवक का तमंचा लहराते हुए वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वायरल एक फोटो में युवक के हाथ में करीब दो दर्जन से ज्यादा कारतूस भी दिख रहे थे। पुलिस के मुताबिक आरोपी इरफान ने ही तमंचा लहराते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला था जो तेजी से वायरल हो रहा था। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस सतर्क हो गई। सोमवार तड़के



मुखबिर की सूचना पर जिवाई चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार तोमर ने पुलिस टीम के साथ करनपुर चौराहे पर दबिश देकर आरोपी इरफान को तमंचे समेत पकड़ लिया।पुलिस ने बताया कि इरफान के पास से बरामद तमंचा कब्जे में लेकर उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर शस्त्रों का प्रदर्शन और वायरल करना गंभीर अपराध है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# फांसी पर झूला रिटायर फौजी का बेटा

## परिवार का इकलौता पुत्र था मृतक, घर में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के मोहल्ला शांतिनगर में एक दिवंगत रिटायर्ड फौजी के इकलौते बेटे शिवम त्यागी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चचेरे भाई द्वारा फोन रिसीव न होने पर घटना का पता चला। पुलिस ने गेट तोड़कर शव को निकाला और फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। मृतक के पास से तीन मोबाइल मिले हैं जिनकी जांच की जा रही है। वहीं परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया है।

जानकारी के अनुसार नगर के शांतिनगर में चामुंडा मंदिर के पास सेवानिवृत्त फौजी स्वर्गीय ओमदत्त



त्यागी का मकान है। ओमदत्त त्यागी की पत्नी का निधन भी कुछ समय पहले हो गया था। उनकी एक बेटी की शादी हरियाणा के कुंडली और दूसरी बेटी की शादी बिजनौर में हुई है। तीसरा व इकलौता पुत्र शिवम ही अकेला घर पर रहता था। शिवम का सोमवार की पूर्वाह्न करीब 11 बजे शव घर में आंगन में लगे पंखे पर रस्सी से बने फंदे पर लटका हुआ मिला। चचेरे भाई अनमोल ने कई बार फोन किया तो रिसीव नहीं हुआ। उसने पड़ोसी की छत से जाकर देखा तो शिवम का शव फंदे पर लटका हुआ था। जानकारी मिलने पर चौपला पुलिस चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार मौके पर पहुंचे और उन्होंने जीने का गेट तोड़कर अंदर प्रवेश किया। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। पुलिस को मौके से तीन मोबाइल भी मिले हैं, हालांकि समाचार लिखे जाने तक आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके थे।



गजरौला। युवक द्वारा आत्महत्या की घटना के बाद मौके पर लगी लोगों की भीड़।

# आज निकाला जा सकता है कब्र से गुफरान का शव

## सभी आरोपी पुलिस पकड़ से दूर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हैंडलूम कारोबारी गुफरान का शव आज कब्र से नहीं निकाला जा सका है। डीएम कार्यालय से जुड़ी अनुमति प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। हालांकि तारीख को लेकर अभी संशय बना हुआ है लेकिन पुलिस विभाग में चर्चा ये ही कि मजिस्ट्रेट की निगरानी में शव को आज कब्र से निकाला जा सकता है। आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दे रही है।

**हैण्डलूम कारोबारी को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला**

गौरतलब है कि बीती 24 अगस्त की शाम हैंडलूम कारोबारी गुफरान ने अपने मोहल्ला नल नई बस्ती स्थित मकान में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी थी। दफन होने के बाद मृतक का सुसाइड नोट व वीडियो सामने आया था। मामले में शुक्रवार को मृतक की भाभी समेत आठ अन्य आरोपियों के खिलाफ गुफरान को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पिता अताउल्लाह की तहरीर पर पुलिस ने फजल अहमद, सोनू कबाब वाला, अयूब बावर्ची, बब्लू, मोहसिन, तंजीम बेग, सना व सलीम को मुकदमे में नामजद किया था। फजल ने ही पुलिस की मदद से गुफरान को कोट चौकी पर बुलाया था। बेइज्जती करते हुए वहां मारपीट की गई थी। दरोगा के सामने ही गोली मारने की धमकी दी गई थी। इसके बाद कोट चौराहे पर एक दुकान में बंधक बनाकर भी गुफरान को काफी देर प्रताड़ित किया गया था। आरोपियों से छूटकर घर पहुंचे गुफरान ने वीडियो बनाने के बाद आत्मघाती कदम उठा लिया था। परिजन दरवाजा तोड़कर निजी अस्पताल भी ले गए थे लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। इसके बाद परिजनों ने 25 अगस्त को बिना पोस्टमार्टम शव को सुपुर्दे खाक कर दिया था। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मृतक गुफरान का शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराने की अनुमति मिल गई है। मजिस्ट्रेट स्तर से मिलने वाले आदेश पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। आज( सोमवार) को शव कब्र से निकाला जा सकता है। आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं।

# रामलीला हमारी सांस्कृतिक धरोहरः भूपेन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव दरियापुर बुजुर्ग में समाजवादी

**सपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया रामलीला का शुभारंभ**

पार्टी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरिता चौधरी के पति भूपेंद्र चौधरी ने फीता काटकर रामलीला मंचन का उद्घाटन किया। इस मौके पर ग्रामवासियों ने भूपेंद्र चौधरी का ढोल-नगाड़ो के साथ स्वागत किया।



ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि श्रीराम जी को आदर्श मानकर हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चहिये। आधुनिकता की चकाचौंध मे हमारी युवा पीढ़ी हमारे महापुरुषों का इतिहास भूल गयी है। इस तरह के आयोजनों से समाज मे एक अच्छा सन्देश जाता है और हमें समाज में अच्छे कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। रामलीलाएं हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर हैं। इस मौके पर चौधरी विजयवीर सिंह, बोबिन चौधरी, नेमपाल सिंह प्रधान, रविन्द्र चौधरी, चन्द्रपाल यादव, ललित चौधरी, विकास चौधरी, कुलदीप देवल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गंगा में उतरते मिले दो भाईयों के शव

**दुखद**

**27 अगस्त को नहाते समय डूबे थे तीन सगे भाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सोमवार की शाम को गंगा में तीन सगे भाईयों में से दो भाईयों के शव उतराते हुए मिले। जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों व ग्रामीणों की मदद से शवों को बाहर निकलवाया।


बता दें कि 27 अगस्त को अमरोहा के मोहल्ला दानिशमंदान निवासी रामपाल अपने आठ माह के पौत्र विनायक पुत्र आकाश के मुंडन संस्कार के लिये पत्नी शशिबाला, बड़े पुत्र आकाश, पुत्रवधु समेत 27 वर्षीय पुत्र ओंकार, 23 वर्षीय पुत्र बंटी व 18 वर्षीय पुत्र अनुज के साथ आए थे। शाम को जब मुंडन के बाद सब लोग वापस लौट रहे थे ओंकार, बंटी व अनुज का कुछ पता नहीं चला। उनके कपड़े एक तख्त पर रखे मिले, जिससे कि इस आशंका को बल मिला कि तीनों सगे भाई गंगा में डूब गए हैं। उसी दिन से लगातार तीनों सगे भाईयों की तलाश कराई जा रही है। इसी क्रम में सोमवार की शाम को गजरौला ब्लॉक के गंगाधाम तिगरी में दो भाई ओमकार व बंटी का शव तिगरी गांव के गोताखोर अमित कुमार, विंटर ठाकुर, दिनेश पंडित, लोकेश को गंगा में उतराते हुए मिल गए। गोताखोरों ने काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। गोताखोर लोकेश ने बताया कि इन शवों के मिलने से पहले तीसरा शव भी गंगा में उतराते हुए दिखा था मगर, जब तक गोताखोर पहुंचे वह नजरों से ओझल हो गया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि दो शव मिल गए हैं। जिन्हें पोस्टपार्टम के लिए भिजवाया गया है। कई दिन से पानी में रहने के कारण शव गल चुके हैं और दुर्गंध भी आ रही है। वहीं दो भाईयों के शव मिलने से रामपाल के परिवार का रो रोकर बुरा हाल हो रहा है।

# महिलाओं-बेटियों की सुरक्षा, सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता:सीएम योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा और सम्मान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस विषय में किसी भी स्तर पर लाप. रवाही अक्षम्य होगी। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी है कि यदि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर उदासीनता या ढिलाई मिली तो कठोर कार्रवाई तय है। मुख्यमंत्री योगी ने रविवार देर रात अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए।बैठक में उप्र के सभी जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जोनल चीफ मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी जिलों में एंटी रोमियो स्क्वॉड की गतिविधियां और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाई जाएं। प्रत्येक संवेदनशील स्थल, बाजार, शिक्षण संस्थान और सार्वजनिक स्थान पर उनकी उपस्थिति और गश्त निरंतर दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं छात्राओं को निर्भय वातावरण उपलब्ध



कराना पुलिस की जिम्मेदारी है, इस पर किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने हाल के दिनों में कुछ जिलों से प्राप्त अप्रिय घटनाओं का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित पुलिस कप्तानों से मामले में अब तक हुई कार्रवाइयों की विस्तृत जानकारी भी ली। उन्होंने साफ कहा कि ऐसी घटनाएं किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी और दोषियों के खिलाफ त्वरित व कठोर कार्रवाई अनिवार्य है।

## उप्र में आज से शुरू होगा 'हेलमेट नहीं, पेट्रोल नहीं' अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र में 'हेलमेट नहीं, पेट्रोल नहीं' अभियान सोमवार से लागू होगा, जिसके तहत 30 सितम्बर तक बिना हेलमेट वाले दोपहिया वाहन चालकों को ईंधन नहीं दिया जाएगा।

अधिकारियों ने कहा है कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस की टीमें भी पेट्रोल पंपों पर नजर रखेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता से सहयोग करने का आग्रह किया है और कहा है कि यह अभियान कोई दंडात्मक उपाय नहीं, बल्कि सुरक्षित और ज़िम्मेदार ड्राइविंग आदतों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक कदम है। राज्य सरकार द्वारा रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह स्पष्ट कर दिया गया था कि इस अभियान के तहत, केवल हेलमेट पहने चालकों को ही ईंधन दिया जाएगा।

लखनऊ के पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सेंगर ने पुष्टि की है कि सड़क सुरक्षा अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि हम दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अभियान शुरू करने के लिए तैयार हैं। ईंधन पंप संचालकों और संबंधित विभागों को पुलिस के साथ समन्वय करने के लिए कहा गया है जो अभियान की निगरानी भी करेगी। लखनऊ जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी कहा कि अभियान की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पेट्रोल पंप मालिकों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि वे सेवा देने से मना कर दें और चालक को हेलमेट लेकर वापस आने को कहें। अधिकारियों ने कहा कि पंप कर्मचारियों को अब हेलमेट न पहनने वाले चालकों को पेट्रोल देने से मना करने का अधिकार है। उन चालकों पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा जो सिर्फ़ अपना टैंक भरवाने के लिए दूसरों से हेलमेट उधार लेते हैं। इसके लिए पुलिस की गाड़ियां पेट्रोल पंपों पर नियमित रूप से जाएंगी।

उन्होंने यह भी कहा कि आगामी शारदीय नवरात्र से 'मिशन शक्ति' का नया चरण प्रारंभ किया जाएगा। इस अभियान को और व्यापक स्वरूप देने के लिए अभी से सभी जिलों को तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं के प्रति संवेदनशीलता, सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान को सुनिश्चित करना है।

# एक लाख स्कूलों में छात्रों ने लिए पंच संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** 'हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम के तहत सोमवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से स्कूलों में कक्षा एक से इंटर तक के छात्रों को प्रार्थना सभा के दौरान पंच संकल्प दिलाया गया।

पंच संकल्प के तहत बच्चों को महासंघ द्वारा अनुशासन, पर्यावरण, चरित्र निर्माण, सामा. जिक समरसता, नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक भावी पीढ़ी के निर्माण के प्रति एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण करने का संकल्प दिलाया गया। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के महामंत्री भगवती सिंह ने बताया कि पंच संकल्प के जरिये स्कूलों में ऐसा वातावरण तैयार करने की कोशिश की जा रही है, जिससे वहां कोई भेदभाव नहीं रहे। सभी समभाव से सीखने और सिखाने के पथ पर अग्रसर रह सकें। साथ ही शिक्षा को केवल ज्ञान का माध्यम नहीं ,अपितु चरित्र निर्माण, आत्मविकास और समाजसेवा का साधन मानकर कार्य करने का वातावरण तैयार हो सके। इसमें शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत सभी शिक्षकों और समाज के सभी प्रबुद्ध लोगों को इस कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा।

भगवती सिंह ने बताया कि आज यह आयोजन देश के पांच लाख विद्यालयों में किया गया है। जिसमें से यूपी के एक लाख स्कूलों में यह कार्यक्रम मनाया गया। इसमें प्राथमिक स्कूलों से लेकर इंटर तक के स्कूल शामिल रहे।

# इटावा में भाजपा व कांग्रेस समर्थकों के बीच पथराव, आठ हिरासत में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**इटावा।** इटावा जिले के कैंट क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के अपमान को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के दौरान भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच पथराव हुआ। इस मामले में आठ कांग्रेसियों को हिरासत में लिया गया है। नगर पालिका चौराहे पर पुल हुयी पथराव की घटना के बारे में कांग्रेस का कहना है कि प्रशासन सत्ता के इशारे पर कांग्रेसियों के खिलाफ एक तरफा कार्रवाई करने में जुटी हुई है जबकि सच्चाई इससे बिल्कुल इतर है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने छत से भाजपाइयों पर पथराव किया जबकि भाजपा समर्थकों की ओर से नीचे से कांग्रेस जनों पर पथराव किया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इटावा के अपर जिलाधिकारी एसपी सिटी सीओ सिटी समय तमाम अधिकारियों को पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचना पड़ गया। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच करीब एक घंटे के आसपास हंगामे की स्थिति बनी रही।

इस बीच उग्र भाजपा कार्यकर्ताओं को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने नगर पालिका परिषद के गेट में कैद कर दिया जहां से वह राहुल गांधी कर राहुल गांधी देश छोड़ो के नारे लगाते रहे। पथराव से गुस्साए भाजपाई कांग्रेसियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। भाजपा के जिला अध्यक्ष अरुण गुप्ता अन्नू की अगवाई में हो रहे प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस कार्यालय की सुरक्षा में पुलिस प्रशासन पहले से ही तैनात था। भाजपाइयों पर पथराव करने के मामले में कांग्रेस जिला अध्यक्ष अश्वनी दीक्षित समेत आठ की संख्या में कांग्रेस जनों को हिरासत में ले लिया गया। भाजपा विधायक सरिता भदौरिया ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के अपमान को लेकर भाजपाइयों का शांतिपूर्ण प्रदर्शन हो रहा था।

# हर नागरिक की समस्या का हो समयबद्ध समाधान: केशव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को कहा कि सरकार का दायित्व है कि प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान समयबद्ध और न्यायपूर्ण ढंग से हो।

श्री मौर्य ने आज अपने सरकारी आवास, 7 कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में आमजन से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य जनता की सेवा, जनता का सम्मान है। प्रत्येक समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर जनता को अनावश्यक परेशान न किया जाए और शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से हो। जनता दर्शन में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली, रोजगार एवं सामाजिक कल्याण योजनाओं से संबंधित प्रकरण अधिक आए। सभी मामलों को संबंधित विभागों को



तत्काल भेज दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान कई जरूरतमंदों को तुरंत राहत दिलाई गई। गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए, वहीं गरीब व वंचित वर्ग के लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का भरोसा दिया गया।

## एक नजर

### शैक्षिक सुविधाओं से लैस 70 हजार बालवाटिकाएं पूरी तरह क्रियाशील

**लखनऊ।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप उप्र में 70 हजार से अधिक प्राथमिक/कम्पोजिट स्कूलों में शैक्षिक सुविधाओं से सुसज्जित बालवाटिकाएं बच्चों के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास की मजबूत नींव बन चुकी हैं। तीन से छह वर्ष के बच्चों के लिए यह रंगीन, खेल-खेल में सीखने वाला वातावरण उनके सामाजिक कौशल, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ा रहा है। बालवाटिका में बच्चों की स्कूल रेडिनेस में सुधार, सीखने में रुचि और प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता के नए संकेत साफ दिखाई दे रहे हैं। अब बच्चे कक्षा-1 में प्रवेश से पहले मानसिक और सामाजिक रूप से पूरी तरह तैयार हैं। स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर 5118 बालवाटिकाओं का भव्य शुभारंभ हुआ था। बच्चों ने गीत, नृत्य, नाटिका और चित्रकला जैसी गतिविधियों में भाग लिया था तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों ने इस पहल को स्वागत योग्य कदम बताया था। इसके माध्यम से शिक्षा में साम. ुदायिक सहभागिता पर जोर देने का विशेष प्रयास भी इसी दिन शुरू हुआ था। बालवाटिकाओं में बच्चों के लिए बालमैत्रिक फर्नीचर, रंग-बिरंगे कक्षा-कक्ष, आउटडोर खेल सामग्री, लर्निंग कॉर्नर और गतिविधि-आधारित वंडर बॉक्स जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही अभ्यास पुस्तिकाएं, स्टेशनरी और अन्य शिक्षण-सामग्री भी प्रदान की गई है। प्रदेश के प्रत्येक स्कूल में प्रशिक्षित ईसीसीई एजुकेटर्स तैनात हैं, ताकि बच्चे खेल-खेल में सीख सकें और उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो। प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि बालवाटिका अब सरकारी स्कूलों में नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी जैसी सुव्यवस्थित प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध करवा रही है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास, सीखने की रुचि और आत्मविश्वास बढ़ रहा है। यह पहल उनके उज्ज्वल भविष्य तथा प्रदेश में प्रारंभिक शिक्षा के नए मानक का प्रतीक बन गई है।

### दुष्कर्म पीड़िता की नवजात बच्चीं की मृत्यु, होगी डीएनए जांच

**वाराणसी।** उप्र में वाराणसी जिले के चौबेपुर थाना क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म की शिकार किशोरी की नवजात बच्ची की मृत्यु के बाद शव की डीएनए जांच कराई जाएगी। पुलिस ने बताया कि नवम्बर 2024 में किशोरी के साथ सात युवकों ने अलग-अलग दिनों में दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बनाया था। मार्च 2025 में पीड़िता के गर्भवती होने की जानकारी सामने आई। जून 2025 में पीड़िता के पिता की तहरीर पर मुक. दमा दर्ज किया गया। उसी माह दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन इसके बाद मामला ठंडा पड़ गया और शेष आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर रहे। उन्होंने बताया कि 25 अगस्त को पीड़िता ने एक बच्ची को जन्म दिया, जिसके बाद मामला फिर से सुर्खियों में आया। पुलिस ने शेष आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 31 अगस्त को नवजात बच्ची की मृत्यु हो गई। प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार वर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, बच्ची के गले में दूध फंसने से सांस नली में रुकावट आई, जिसके कारण उसकी मृत्यु हो गई। बच्ची का डीएनए परीक्षण कराया जाएगा ताकि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जा सके।

### वाराणसी में वकीलों ने किया प्रदर्शन और नारेबाजी

**वाराणसी।** वाराणसी के जिला मुख्यालय स्थित जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर सोमवार को अधिवक्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी की। अधिवक्ताओं का आरोप है कि उनके तीन साथी अधिवक्ताओं पर फर्जी आरोपों के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। अपर पुलिस आयुक्त राजेश कुमार सिंह से मुलाकात और उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन समाप्त किया। प्रदर्शन को देखते हुए कचहरी परिसर में पुलिस बल तैनात किया गया था। बनारस बार के महामंत्री शशांक श्रीवास्तव ने बताया कि 28 अगस्त को तहसील परिसर में लेखपालों और अधिवक्ताओं के बीच मारपीट की घटना हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि लेखपाल कुंदनभ्रष्टाचार में लिप्त है और उसने अपने कुछ सहकर्मियों के साथ मिलकर अधिवक्ताओं के साथ विवाद के दौरान मारपीट की। लेखपालों की शिकायत पर शिवपुर थाने में तीन अधिवक्ताओं राजनाथ यादव, अभय यादव और जितेंद्र यादव के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज किया गया। श्री श्रीवास्तव ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और अधिवक्ताओं पर दर्ज फर्जी मुकदमे को समाप्त किया जाए।

# गोरखपुर में 700 करोड़ के निवेश से लगेगा कोका कोला का बॉटलिंग प्लांट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोरखपुर।** बहुर्राष्ट्रीय कंपनी पेप्सिको के बाद गोरखपुर में 700 करोड़ के निवेश से कोका कोला का बॉटलिंग प्लांट लगाया जाएगा।

गीडा के सेक्टर 27 में कोका कोला के बॉटलिंग प्लांट की स्थापना के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास चार सितम्बर (गुरुवार) को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों होना संभावित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा प्लास्टिक पार्क में 120 करोड़ रुपये के निवेश से बनी तीन औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण, 640 करोड़ रुपये के निवेश वाली तीन यूनिट्स का शिलान्यास, औद्योगिक भूमि के आवंटन पत्र का वितरण, 400 करोड़ रुपये की लागत वाली कालेसर




आवासीय योजना सेक्टर 11 के आवंटन पत्र का वितरण, सीईटीपी व सीपेट का शिलान्यास और 281 करोड़ रुपये के अवस्थापना विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाना भी प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री निजी क्षेत्र व गीडा की कुल मिलाकर 2251 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) देश के टॉप इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन में अपना स्थान सुनिश्चित कर रहा है। बीते पांच सालों में करीब दस हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों का धरातल पर उतरना और चालू वित्तीय वर्ष में 5800 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव होना इसका प्रमाण है। गीडा क्षेत्र औद्योगिक निवेश के लिए देश ही नहीं विश्व स्तर के औद्योगिक घरानों को पसंद आ रहा है। मल्टीनेशनल पेप्सिको की फेंचाइजी वरुण बेवरेजेज का 1100 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित बॉटलिंग प्लांट यहां पहले से उत्पादनरत है। अब कोका कोला का प्लांट भी लग जाएगा। इसके लिए गीडा प्रबंधन ने अमृत बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड को सेक्टर 27 में 40 एकड़ भूमि का आवंटन किया है। पहले चरण में यहां 700 करोड़ रुपये के निवेश से 3000 बोतल प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता का प्लांट लगाया जाएगा। इस प्लांट में कोका कोला ग्रुप के थम्सअप, फैंटा, स्प्राइट, माजा ब्रांड के पेय पदार्थ और किनले ब्रांड के बॉटल वाटर का उत्पादन किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट में करीब 1200 लोगों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रोजगार मिलने का अनुमान है।

केंद्र सरकार के रसायन एवं पेट्रो-केमिकल्स विभाग ने देशभर में जिन 10 प्लास्टिक पार्कों की स्थापना की मंजूरी दी है, उनमें उप्र का पहला प्लास्टिक पार्क गीडा क्षेत्र में 88 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित किया गया है। यहां प्लास्टिक उत्पादों की कुल 92 यूनिट्स स्थापित होनी हैं जिसके सापेक्ष करीब पांच दर्जन यूनिट्स के लिए जमीनों का आवंटन हो गया है। उद्यमियों के रुझान को देखते हुए यह देश का सर्वाधिक सफल प्लास्टिक पार्क साबित हो रहा है। यहां कई इकाइयों में उत्पादन शुरू हो गया है जिनमें से 120 करोड़ रुपये के निवेश से क्रियाशील तीन यूनिट्स का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों होना संभावित है। लोकार्पित होने वाली यूनिट्स में से एक देश की प्रमुख प्लास्टिक पैकेजिंग कंपनी टेक्नोप्लास्ट पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड भी है। टेक्नोप्लास्ट ने 96 करोड़ रुपये के निवेश से 250 लोगों को रोजगार भी दिया है।

# अयोध्या में प्रेमी निकला किशोरी का कातिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** अयोध्या नगर निगम के कृष्णा नगर वार्ड की किशोरी का कातिल बगल वार्ड शिवनगर के दीपापुर का उसका तथाकथित प्रेमी राजीव यादव निकला। कैंट पुलिस ने एनकाउंटर में उसके गिरफ्तार कर लिया, घायलावस्था में उसे इलाज के लिए पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि युवती के घर वालो ने उसके मित्र आलोक निषाद को नामजद कराया था।

रविवार रात्रि में युवती घर से बिना किसी के जानकारी के चली गई, सुबह उसका शव धान के खेत मिला। कैंट थानाध्यक्ष पंकज सिंह ने परिजनों से पूछताछ से मिली जानकारी के आधार पर जब युवती के मोबाइल फोन को ढूंढा तो पास ही ईट के नीचे दबा मिला और उसकी काल आलोक निषाद के मोबाइल नंबर पर डायवर्ट थी। मोबाइल काल के आधार पर जब जांच हुई तो राजीव यादव का नाम आया।

पुलिस जब उसे गिरफ्तार करने गई तो वह एक दरोगा की रिवाल्वर छीन के भागने लगा। इसके बाद पुलिस ने एनकाउंटर कर राजीव यादव को पकड़ लिया। राजीव यादव ने योजनाबद्ध तरीके से एस हत्या को अंजाम दिया। फसाने के लिए युवती के परिचित आलोक निषाद के मोबाइल नंबर पर डायवर्ट कर दिया।

# हिन्दी साहित्य के यशस्वी कवि थे डा. श्रीपाल सिंह क्षेम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** हिन्दी साहित्य के यशस्वी कवि साहित्य वाचस्पति डा. श्रीपाल सिंह क्षेम का 103वां जन्मदिवस मंगलवार को यहां धूमधाम से मनाया जाएगा। दो सितम्बर 1922 को जौनपुर जिला मुख्यालय से लगभग 10 किमी पश्चिम स्थित बशारतपुर गांव में एक कृषक परिवार में जन्में डा. क्षेम ने प्रारंभिक शिक्षा गांव में प्राप्त की। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने इलाहाबाद विश्व विद्यालय में प्रवेश लिया। उन दिनों इलाहाबाद साहित्य का केन्द्र था।

छायावाद के प्रमुख स्तंभों में जयशंकर प्रसाद को छोड्कर पंडित सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला एंव महादेवी वर्मा अपना डेरा जमाये हुए थे। नयी कविता के सशक्त हस्ताक्षर लक्ष्मीकांत वर्मा, डा. जगदीश गुप्त, सर्वेश्वर दयाल सक्सेना, डा- धर्मवीर भारती साहित्यिक संस्था परिमल से जुड़े थे। डा. क्षेम भी परिमल के सदस्य रहे। वैसे डा- क्षेम मूलत: गीतकार थे। इनके गीतों में प्रेम और सौन्दर्य की अनुपम छटा देखने को मिलती



है। श्रृंगार रस से ओत प्रोत इनकी कविताओं में संयोग श्रृंगार का अद्भूत रूप झलकता है। रातभर चांदनी गीत गाती रही, बांह पर चांद हंसता रहा रात भर तथा मै तुम्हारी चांदनी पीता रहूंगा, चांद मेरे आज दग खोलो न खोलो, जैसे गीत संयोग श्रृंगार के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। महीयसी महादेवी वर्मा ने तो उन्हे गीत के राजकुमार की संज्ञा प्रदान की थी। डा. क्षेम राजनीतिक दृष्टि से कांग्रेस से जुड़े थे किन्तु आपात काल में जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन उन्हे उद्धेलित कर दिया।

लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना के उद्देश्य से रचे गये उनके गीत बहुत चर्चित हुए। नीदिया घरों से देखो, धूपिया मुंडेरा है, जभी से जगे रे भाई। तभी से सवेरा है तथा देश के सितारों बलिहारी बलिहारी है, जैसे जनगीतों ने डा- क्षेम को लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचाने का कार्य किया। महाकाव्य के रूप में कृष्ण द्वैपायन जैसे प्रबंध काव्य की रचना करके डा. क्षेम ने अपने बहुआयामी व्यक्तित्व का प्रदर्शन किया है। इस महाकाव्य के माध्यम से डा. क्षेम ने वर्तमान राजनीति और समाज की अनेक अनसुलझी गुत्थियों को सुलझाने का प्रयास किया है। कविता के साथ साथ गद्य की रचना में भी डा. क्षेम को महारत प्राप्त था। छायावाद की काव्य साधना, छायावाद के गौरव चिन्ह जैसी कृतियां डा. क्षेम को कुशल समीक्षक के रूप में स्थापित करती है।

# सोनभद्र में चाट दुकानदार की हत्या मामले में दोषी को उम्रकैद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले की एक अदालत ने करीब सवा तीन वर्ष पूर्व हुए अविनाश गुप्ता उर्फ भोनू हत्याकांड के मामले में सोमवार को दोषी दिनेश गुप्ता को उम्रकैद व 20 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के मुताबिक सोनू गुप्ता ने आठ जून 2022 को थानाध्यक्ष रायपुर को दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसका छोटा भाई अविनाश गुप्ता उर्फ भोनू डोरिया रोड पर चाट की दुकान चलाता है।

सात जून 2022 को उसके गांव का पटीदार दिनेश गुप्ता पुत्र विजय गुप्ता दुकान पर चाट खाने के बाद बगैर पैसा दिए चल दिया। जब उसका छोटा भाई अविनाश पैसे की मांग किया तो वह गाली देने लगा और देख लेने की धमकी देते हुए चला गया। रात करीब आठ बजे जब उसका भाई अविनाश दुकान बंद करके खेत पर आने लगा, तभी दिनेश गुप्ता अपनी मां की वैशाखी लेकर आ गया और भाई को बेरहमी से मारने पीटने लगा, जिससे उसके सिर व पेट में गम्भीर चोटें आई। भाई को दवा इलाज के लिए जिला अस्पताल लोधी ले जाकर भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, सात गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी दिनेश गुप्ता को उम्रकैद व 20 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। अर्थदंड न देने पर 4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

# उन्नाव में हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**उन्नाव।** उप्र में उन्नाव जिले के गंगाघाट थाना क्षेत्र में सोमवार को पुलिस मुठभेड़ में हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार कर लिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह के अनुसार, रविवार रात थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गगनीखेड़ा में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच फायरिंग हुई थी। इस दौरान अशोक निषाद नामक व्यक्ति द्वारा चलाई गई गोली से गांव का ही 10 वर्षीय अजीत निषाद घायल हो गया था।

उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गंगाघाट थाने में हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस टीम आरोपी अशोक की तलाश कर रही थी। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि अशोक पंचायत भवन लखापुर के आगे कीकर-बबूल के जंगलों में छिपा है। मौके पर पहुंची एसओजी और गंगाघाट पुलिस टीम ने दबिश दी तो अशोक ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक फंसा हुआ कारतूस बरामद हुआ है।

# ओलंपिक स्कूल खेल पीएम के 'खेलो इंडिया' सपने को साकार करने में सहायक: बेबीरानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**झांसी।** उत्तर प्रदेश की बाल. विकास, पुष्टाहार एवं महिला कल्याण मंत्री बेबीरानी मौर्य ने सोमवार को कहा कि ओलंपिक स्कूल खेल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'खेलो इंडिया' के सपने को साकार करने के साथ बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित करने में सहायक साबित हो रहे हैं।

झांसी जनपद की प्रभारी बेबीरानी मौर्य ने यहां 16वें जिला ओलंपिक स्कूल खेल -2025 का उद्घाटन करते हुए कहा ह लगातार 16 वर्षों से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों में उत्साह और खेल भावना के विकास के लिए ऐसे आयोजन बहुत आवश्यक हैं।

इन आयोजनों के माध्यम से कहीं न कहीं प्रधानमंत्री के सपने ह्रखेलो इंडियाह को धरातल पर उतारने में मदद मिलती है। ऐसे आयोजनों में जब बच्चे खेलेंगे तो पूरा इंडिया खेलेगा। आज इतनी बड़ी संख्या में झांसी जनपद के 14 से 15 स्कूलों के बच्चे यहां एकत्र हुए हैं और सभी में एक खेल भावना है।

इस टीम भावना से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की बजाए प्रेम के साथ खेलने की भावना का विकास होगा। झांसी अब विकसित जिला बन रहा है और यहां ऐसे आयोजन होना बहुत बड़ी बात है।मैं सभी प्रतिभागी बच्चों को बहुत बहुत बधाई देती हूं। यहां जीआईसी ग्राउंड में आयोजित ओलंपिक गेम्स समारोह कार्यक्रम में उनके साथ सांसद अनुराग शर्मा, विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) रमा निरंजन, रामतीर्थ सिंघल ,सदर विधायक रवि शर्मा ,गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्यामबिहारी गुप्ता ,आयोजक ;षभ मेमोरियल तथा सहायक संगठन ओलंपिक एसोसिएशन क्रीडा भारती के सदस्यों भी उपस्थित थे। इस दौरान उन्हें प्रतिभागियों की परेड सलामी भी दी गई।

# वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना फेज-1 पुलिस ने एक सेक्टर 8 नर्सरी के गेट से लगभग 15 कदम की दूरी पर चोरी की बाइक के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया। इसकी पहचान अनुज शर्मा निवासी बुलंदशहर हुई। पूछताछ की गई तो नाबालिग को पकड़ा गया। इसकी निशानदेही पर कुल 18 वाहन बरामद किए गए। इसमें 15 बाइक , 3 स्कूटी, ऑटो थ्री व्हीलर है। ये सभी नोएडा दिल्ली और एनसीआर के अन्य शहरों से चोरी किए गए है। अनुज पर 21 और नाबालिग पर 11 मुकदमे दर्ज है।



एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि नाबालिग के साथ मिलकर ये अपना गैंग चला रहा था। दिल्ली एनसीआर में कालोनियों , कंपनियों के बाहर खड़ी बाइक और वाहनों की रैकी करते। इसके बाद लॉक तोड़कर उनको चोरी कर ले जाते है। चोरी किए गए वाहनों को कही भी गली मोहल्ला में खड़ा कर चले जाते है। कुछ दिन बाद सभी चोरी के वाहनों को एक स्थान पर एकत्रित करते है। ये लोग सेक्टर-8 में एफ ब्लाक में खाली स्थान पर गाड़ी को छिपाए थे। ये लोग स्थान को बदलते रहते थे। ताकि किसी को शक न हो।

**एनसीआर के शहर थे टारगेट:** एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि ये दोनों लोग शातिर किस्म है। गुडगांव के अलावा नोएडा , दिल्ली में इन लोगों ने 100 से ज्यादा वाहन चोरी किए है। ये लोग विगत दो से तीन सालों से चोरी कर घटना कर रहे थे। इसमें नाबालिग भी एक शातिर किस्म का अपराधी है। इनके द्वारा चोरी किए गए वाहनों की ट्रैक किया जा रहा है।

**गांव में बेचते थे टू व्हीलर:** वाहन चोरी करने के बाद ये एक स्थान पर वाहनों को रखते थे। इसके बाद छोटे दुकानदार , गांव में लोगों को बताते थे कि बाइक लेनी है तो बता दे। 5 से 10 हजार में बाइक बेच देते थे। इसके अलावा पार्टस निकालकर भी बेचते थे। इसी से अपना जीवन यापन करते है।

## किशोरी को अगवा करने का आरोप

**नोएडा।** आगरा निवासी व्यक्ति ने दंपति और उसकी बेटी समेत चार लोगों पर 15 वर्षीय बेटी को अगवा करने का आरोप लगाया है। किशोरी के पिता ने सेक्टर-126 थाने में शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में व्यक्ति ने बताया की वर्तमान में वह थाना क्षेत्र के रायपुर खादर गांव में रह रहा है। उसकी नाबालिग बेटी 29 अगस्त को दोपहर घर से कहीं चली गई। करीबियों और रिश्तेदारों के यहां जानकारी करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। इसी दौरान उनको पता चला कि चंद्रपाल, उसकी पत्नी, बेटी काजल और टिंकू ने उनकी बेटी को बहला फुसलाकर अगवा किया है।

काजल अब भी किशोरी के साथ है। किशोरी के पिता ने बेटी के साथ अनहोनी होने की भी आशंका जताई है। थाना प्रभारी ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में पुलिस की 25 हजार के इनामी बदमाश से मुठभेड़ हो गई। पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। उसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ की जा रही है।

**चेकिंग के लिए रोकने पर भागने लगा:** सेक्टर 39 पुलिस सेक्टर 44 के गेट नंबर एक के सामने सर्विस रोड पर बैरियर लगाकर चौकिंग कर रही थी। एमिटी गोलचक्कर की तरफ से तेजी से एक मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस ने बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। बाइक रोकी नहीं बल्कि पैदल पथ पर सेक्टर 96 अंडरपास की तरफ तेज गति से भागने लगा।

**भागते समय बाइक से गिरा:** पुलिस ने बाइक सवार की पीछा किया साथ ही वार्निंग दी। बाइक सवार सेक्टर 44 जंगल की तरफ भागने लगा और जल्दबाजी व घबराहट की वजह से बाइक फिसलकर सडक किनारे गिर गई। बदमाश पैदल जंगल की तरफ भागने लगा। जिसका पीछा पुलिस पार्टी द्वारा किया गया। अपने आप को घिरता देख उस बदमाश ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया।



**बदमाश के पास से मोबाइल फोन और तमंचा बरामद:** गोली बदमाश के पैर में लगी। इसकी पहचान समीर पुत्र सलाउद्दीन निवासी दिल्ली के रूप में हुई है। बदमाश थाना सेक्टर 39 के आर्म्स एक्ट में आरोपी है। इसके कब्जे से एक मोबाइल फोन और तमंचा बरामद किया गया। पुलिस इसका रिकार्ड खंगाल रही है।

## लोकल पैसेंजर ट्रेन से गिरने पर यात्री की मौत

**नोएडा।** दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर अजायबपुर रेलवे स्टेशन के समीप लोकल पैसेंजर ट्रेन से गिरने पर एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय घायल ने दम तोड़ दिया। बुलंदशहर जनपद के रामपुर गांव निवासी मोहन 31 अगस्त को खुर्जा से लोकल पैसेंजर ट्रेन में सवार होकर दादरी की तरफ आ रहे थे। अजायबपुर रेलवे स्टेशन समीप पहुंची तो यात्री ट्रेन से गिर गया। घटना की सूचना आरपीएफ पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने यात्री को मृत घोषित कर दिया। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# ट्रांसपोर्ट संयुक्त मोर्चा ने जॉइंट कमिश्नर का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आज नोएडा ट्रांसपोर्ट संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष चौधरी वेदपाल सिंह के नेतृत्व मे एक प्रतिनिधिमंडल ज्वांईट कमिश्नर राजीव नारायण मिश्र से मिला चौ0 वेदपाल सिंह के साथ सभी ने फुलो का गुच्छ एवं शाल उढाकर जोरदार स्वागत किया इस दौरान चौ0 वेदपाल सिह ने बताया कि सीओ सिटी नोएडा एवं एसपी ट्रैफिक की कमान संभालने के बाद आज गौतम बुध नगर पुलिस कमिश्नर में जॉइंट कमिश्नर के पद पर है। जिन्हें गौतम बुध नगर वासियों को उनका व्यवहार बताने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने अपने कार्यकाल में सैक्टर 69 नोएडा मे ट्रांसपोर्ट नगर बसाने मे बडी भुमिका निभाई शहर मे आए दिन यातायात प्रभावित न हो व दुर्घटनाए ना हो इसके लिए पुरा सहयोग किया काफी वर्षो के बाद फिर से नोएडा मे ज्वांईट कमिश्नर के उच्च पद पर सरकार ने एक तेजतर्रार, कर्मठ, ईमानदार अधिकारी के रूप मे आपको कानून एवं व्यवस्था कन्ट्रोल के साथ-साथ बडी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई जिसको आप श्रीमती लक्ष्मी सिंह कमिश्नर के साथ मिलकर बहुत ही बखूबी से पूरे जिला गौतम बुद्ध नगर को एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया। इस मौके पर महावीर नागर, योगेश वर्मा, विनोद भडाना, शिव कुमार गुर्जर, विपिन कुमार एवम प्रवीण बंसल जी प्रमुख समाज सेवी आदि ट्रांसपोर्टर मौजूद रहे।



## सोसाइटी में बिजली ट्रिपिंग की समस्या से लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सुपरटेक इको विलेज-3 सोसाइटी में बिजली ट्रिपिंग की समस्या से लोग परेशान हैं। सोसाइटी में रहने वाले मृत्युंजय ने बताया कि रविवार रात को 10 बजे सोसाइटी में बिजली ट्रिपिंग की समस्या शुरू हुई और 10:30 बजे तक लगातार बनी रही। इस दौरान करीब 20 अधिक बार बिजली का आना-जाना हुआ। इसके कारण लोग ठीक तरीके से सो नहीं पाए। वहीं, कई बार बिजली ट्रिपिंग के कारण लोगों के घरों में लग फ्रिज, एसी पंखे सहित अन्य कई सामान खराब हो चुके हैं। इसे लेकर बिजली विभाग से शिकायत भी की गई पर कोई सुनवाई नहीं हुई।

## एक नजर

### तेज रफ्तार कार ट्रक में घुसी, एक की मौत चार घायल

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा में थाना दादरी क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर फतेहपुर गांव में सोमवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में बैनेट यूनिवर्सिटी की एक छात्रा की मौत हो गई जबकि अन्य चार छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार में कार सामने चल रहे ट्रक से जा घुसी। हादसे के दौरान कार में 5 छात्र-छात्राएं सवार थे। सभी बैनेट यूनिवर्सिटी से पढ़ाई कर रहे है। दादरी कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि आज कार में सवार होकर यूनिवर्सिटी के 5 बच्चे दादरी की तरफ जा रहे थे। रास्ते में रामपुर फतेहपुर गांव के पास हाईवे पर छात्रों की कार चलते ट्रक में पीछे से टकरा गई। कार में कुल पांच छात्र सवार थे, जो बुरी तरह घायल हो गए। सभी को अस्पताल ले जाया गया वहां एक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में छात्रा इशिका की मौत हुई है। उसके साथी अन्वी, युगराज सिंह, हर्ष और यश घायल है। सभी की हालत गंभीर है। उनका उपचार चल रहा है। सभी छात्र कार में सवार होकर निजी काम से दादरी की तरफ जा रहे थे तभी यह हादसा हो गया।

**यूनिवर्सिटी में शोक की लहर:** हादसे के बाद यूनिवर्सिटी में शोक की लहर है। छात्रा की मौत व अन्य 4 छात्रों के घायल होने की सूचना जैसे ही यूनिवर्सिटी में पहुंची सभी सोशल मीडिया पर मैसेज पास अन करके हाल जानने में जुट गए। वही पुलिस ने छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### आवारा कुत्तों पर नोएडा अथॉरिटी हुई सख्त, सोसाइटीज को दिए निर्देश

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या पर अब नोएडा अथॉरिटी एक्शन मोड में आ गई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सोमवार को हुई बैठक में तय किया गया कि सभी सोसाइटी और सेक्टर अपनी-अपनी रिपोर्ट तैयार कर अथॉरिटी को सौंपेंगे।

सोसाइटीज को आदेश दिया गया है कि वे अपने इलाके में मौजूद अनस्टरलाइज्ड कुत्तों की जानकारी फोटो सहित रिपोर्ट करें।काटने वाले और आक्रामक कुत्तों को पकड़कर डॉग शेल्टर में रखा जाएगा। इसके लिए एजेंसी का चयन जल्द होगा। सभी कुत्तों का एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन किया जाएगा। फीडिंग प्वाइंट्स बनाए जाएंगे, ताकि कुत्तों को तय जगह पर ही खाना मिल सके।शिकायत दर्ज करने के लिए नंबर 0120-2425025 जारी किया गया है, जल्द ही टोल-फ्री नंबर भी मिलेगा। इधर, यमुना नदी में जलस्तर बढ़ने की आशंका को देखते हुए अथॉरिटी ने सेक्टर-135 की गौशाला में सभी गोवंश को सुरक्षित शिफ्ट कर दिया है और खाने-पीने की पूरी व्यवस्था कर दी गई है। स्थानीय निवासियों ने उम्मीद जताई है कि इन फैसलों से अब कुत्तों के आतंक पर रोक लगेगी और लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

### नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान का पहला दिन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** उत्तर प्रदेश में 1 सितंबर से शुरू हुए श्नो हेलमेट, नो फ्यूलश अभियान का पहला दिन ही विफल रहा। गौतम बुद्ध नगर के पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट वाले दोपहिया वाहन चालकों को आसानी से ईंधन मिलता रहा। एक पेट्रोल पंप पर जांच के दौरान बिना हेलमेट वाले बाइक सवारों की लंबी कतार दिखी। उन्हें बिना किसी रोक-टोक के पेट्रोल दिया जा रहा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अभियान को सड़क सुरक्षा के लिए शुरू किया था। पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने अपनी गलती मानी। उन्होंने आगे से नियमों का पालन करने का वादा किया। बिना हेलमेट पेट्रोल लेने आए बाइक चालकों ने भी अपनी गलती स्वीकार की।

एक बाइक चालक ने कहा कि वे आगे से हेलमेट पहनकर ही पेट्रोल लेने आएंगे। मुख्यमंत्री ने इस अभियान का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना बताया था। लेकिन जमीनी स्तर पर जागरूकता की कमी दिखी। सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट का उपयोग जरूरी है। इस अभियान की सफलता के लिए प्रशासन, पेट्रोल पंप कर्मचारी और आम जनता को एक साथ प्रयास करने होंगे।

### ब्लू लाइन मेट्रो में महिला से अश्लील हरकत, आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-15 और सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन के बीच ब्लू लाइन मेट्रो में एक महिला से अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। महिला ने शोर मचाकर दूसरे यात्रियों से आरोपी को पकड़वाया। इसके बाद थाने में लिखित शिकायत दी। सेक्टर-20 थाने की पुलिस ने यौन उत्पीड़न और सम्मान को ठेस पहुंचाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सेक्टर-99 निवासी आरोपी शिव कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। वह नोएडा की एक फैक्टरी में नौकरी करता है। थाना सेक्टर-20 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि दिल्ली के वसुंधरा एनक्लेव निवासी पीड़िता ने बताया कि वह गुरुग्राम की निजी कंपनी में नौकरी करती है। 26 अगस्त को मेट्रो में सफर के दौरान सेक्टर-15 में आरोपी ने उससे सेक्टर-18 में उतरने के बारे में पूछा।

# महिला मित्र ने उद्यमी के फोटो-वीडियो वायरल किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** महिला मित्र ने उद्यमी के अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर वायरल कर दिए। वह पीड़ित को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगी। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने महिला के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सेक्टर-116 निवासी उद्यमी ने बताया कि वह 28 अगस्त की रात अपनी महिला मित्र से मिलने उसके फ्लैट पर गए थे। आरोप है कि महिला ने उनको भोजन में कुछ मिलाकर दे दिया। इसके बाद वह बेहोश हो गए। इसी दौरान महिला ने उनके अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर ऑफिस के व्हाट्सऐप ग्रुप और जी-मेल पर डाल दिए।

कंपनी के स्टाफ ने उनको अश्लील फोटो और वीडियो के बारे में जानकारी दी। पीड़ित का आरोप है कि महिला ने कंपनी के नाम पर रुपये उधार ले रखे हैं। कंपनी से लोन भी लिया हुआ है। कंपनी का लोन न चुकाने तथा रुपये वापस न करने के लिए महिला ने षड्यंत्र के तहत अश्लील फोटो और वीडियो वायरल किए। पीड़ित ने जब इस बारे में अपने महिला मित्र से बात की तो उसने झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी का कहना है कि शिकायतकर्ता और महिला पूर्व से परिचित हैं। दोनों एक छोटी सी कंपनी में पार्टनर भी हैं। मामले की जांच की जा रही है।

## युवक पर चाकू से हमला

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी कस्बे के ठाकुरान मोहल्ले में एक युवक पर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। गंभीर हालत में युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ठाकुरान मोहल्ले में अजय सिंह राघव परिवार के साथ रहते हैं। अजय ने पुलिस को बताया कि उसका छोटा भाई रिंकू रविवार को अपने घर से राणा कॉलोनी की तरफ जा रहा था इसी बीच रास्ते में बिट्टू ने उसे रोक लिया और उसके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपी ने रिंकू के पेट में चाकू घोप दिया। रिंकू का अस्पताल में इलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# दिव्यांगों के लिए उपकरण बनने वाली फैक्ट्री में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-7 स्थित एक कंपनी में आग लग गई। आग से लाखों का मॉल जलकर राख हो गया। जानकारी मिलते ही मौके पर 5 गाड़ियां भेजी गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान कोई जनहानि नहीं है।

सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि कंपनी ई-09 सेक्टर-7 में है। यहां विकलांगों के लिए उपकरण बनाए जा रहे है। आग की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। आग सुबह सात से साढ़े सात बजे के बीच लगी।



गार्ड ने आग की सूचना पुलिस ओर दमकल विभाग को दी। आग प्रथम तल पर लगी। जिसके बाद तेजी से फैली। मौके पर एक एक करके पांच दमकल की गाड़ियों को भेजा गया। करीब एक घंटे तक पानी का छिड़काव किया गया। जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। सावधानी के तौर पर आसपास के कंपनियों की दीवारों पर पानी डाला गया। जिससे आग वहां तक न फैले।

आग से लाखों रुपए का तैयार मॉल जलकर राख हो गया। वहीं मशीनों को भी ज्यादा नुकसान पहुंचा है। इस कंपनी में विकलांगों के लिए उपकरण बनाए जाते है।

# निक्की हत्याकांड में घरवालों के बयान दर्ज

## पिता, बेटे और भाई से अलग-अलग पूछताछ, अब तक नहीं मिला मोबाइल, सीबीआई जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सिरसा गांव में निक्की हत्याकांड की जांच के लिए रविवार को पुलिस की टीम पहुंची। इसमें 10 पुलिसकर्मी शामिल थे। उन्होंने निक्की के परिजनों से अलग-अलग बयान लिए। सबसे पहले निक्की के पिता और फिर भाई और बेटे से पूछताछ की गई। करीब 1 घंटे तक छानबीन करने के बाद टीम वापस लौट गई।

निक्की की मौत के बाद उसकी बहन ने निक्की के पति विपिन, सास दया, ससुर सतवीर, जेठ रोहित समेत चार के खिलाफ दर्ज कराई है।

पुलिस ने भिकारी सिंह से पूछा कि निक्की को आग लगाकर घायल होने के बाद आप कब पहुंचे थे। निक्की को अस्पताल लेकर कौन-कौन गया था। अस्पताल में कोई बयान दिया गया या नहीं। निक्की के पिता भिखारी सिंह ने बताया कि जब वह अस्पताल पहुंचे थे तो निक्की बोलने की हालत में नहीं थी। उनके परिवार के लोग ही अस्पताल लेकर गए थे। इसके बाद पुलिस ने निक्की के भाई और बेटे से बयान लिये। सभी के बयानों की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई।

**अब तक तक नहीं मिला मोबाइल:** निक्की का मोबाइल अब भी नहीं मिला है। कंचन जब घर से निकली तो उसके पास एक बैग था। बैग में मोबाइल वो अपने साथ लेकर गई थी या नहीं इसकी जानकारी नहीं है। कंचन से पूछताछ के बाद ही जानकारी मिल सकेगी। हालांकि विपिन के चाचा के लड़के देवेंद्र ने पुलिस को बताया है कि कि जब वह अस्पताल जा रहा था। उस समय निक्की का मोबाइल उसके पास था या नहीं ये बात उसे मालूम नहीं है। अस्पताल में विपिन की मां, पिता के अलावा बाद में रोहित भी पहुंचा था।

**मामले की सीबीआई जांच हो:** आरोपी विपिन के परिजन, ग्रामीणों और रिश्तेदारों ने रविवार को बैठक की। इसके बाद सभी लोग कासना कोतवाली पहुंचे। यहां उन्होंने कोतवाली प्रभारी से मिलकर मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की। घटना की सीबीआई से जांच कराने की अपील की।

परिजन ने पुलिस से कहा कि घटना के वक्त विपिन, उसकी मां, पिता सतवीर, जेठ रोहित घर के बाहर थे। रोहित तो सिरसा स्थित टोल प्लाजा के पास ड्यूटी पर था। विपिन भी घर के बाहर दुकान के पास बैठा था। विपिन की मां और पिता भी घर के बाहर थे। ऐसे में वह कैसे घर में पहुंचकर आग लगा सकते हैं।

**निक्की की मौत से जुड़े आठ सवाल, जिनके जवाब पुलिस तलाश रही:** पुलिस निक्की की मौत से जुड़े सवालों की जांच कर रही है। दोनों परिवारों के बयान दर्ज हो चुके हैं। वीडियो को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस इस केस की कड़ियों को जोड़ने के लिए 10 सवालों के जवाब ढूंढ रही है।

## ड्राइवर ने खुद को मारी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 134 स्थित जेपी कासमास सोसायटी के फ्लैट में शनिवार देर रात चल रही पार्टी के दौरान करीब सवा दो बजे ड्राइवरी का काम करने वाले युवक ने खुद को गोली मार ली। गोली सिर के पिछले हिस्से में घुसते हुए पार हो गई। युवक का गंभीरावस्था में प्राइवेट अस्पताल में उपचार चल रहा है। युवक की डेढ़ माह से नौकरी छूटी होना और प्रेम प्रसंग में निराश होकर कदम उठाना बताया जा रहा है। पुलिस ने स्वजन की ओर से कोई शिकायत मिलने से इनकार किया है।

बुलंदशहर चोला चौकी क्षेत्र के खानपुर गांव का विक्रम ठाकुर जेपी कासमास सोसायटी के केएम टावर 73 के फ्लैट में अपने तीन दोस्तों के साथ किराये रह रहा है। वह डेढ़ माह पहले तक ग्रेटर नोएडा में किसी कारोबारी की कार चलाता था।वर्तमान में कोई काम नहीं कर रहा था। विक्रम के एक दोस्त का शनिवार को जन्मदिन था। फ्लैट पर आठ-नौ दोस्त मिलकर पार्टी की। देर रात करीब सवा दो बजे सभी सोने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच विक्रम दूसरे कमरे में गया। अंदर से गोली चलने की आवाज आई।

आवाज सुनकर दोस्त कमरे की ओर दौड़े तो तो विक्रम लहूलुहान अवस्था में गिरा पड़ा था। विक्रम को गंभीरावस्था में नजदीक के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर पुलिस और स्वजन भी मौके पर पहुंच गए। विक्रम का आइसीयू में उपचार चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। अगले 48 घंटे महत्वपूर्ण बताए गए हैं।

**किसका था असलाह, जांच जारी:** पुलिस की जांच में आया है कि विक्रम का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों के बीच तकरार है। इससे वह काफी परेशान चल रहा है। पुलिस ने युवक का मोबाइल कब्जे में लिया है।

# हल्के वाहनों की नई सीरीज 11 सितंबर के बाद जारी होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** हल्के वाहनों की नई सीरीज यूपी16एफडी 11 सितंबर के बाद जारी होगी। सीरीज जारी होने के अगले दिन वाहन मालिक आकर्षक और अति आकर्षक नंबरों की नीलामी में हिस्सा लेने के लिए पंजीकरण करा सकेंगे। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान समय में हल्के वाहनों की नई सीरीज यूपी 16एफसी चल रही है। सीरीज के आकर्षक और अति आकर्षक नंबरों की पहली व दूसरी बार की नीलामी के नतीजे जारी हो गए हैं। अब पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर नंबर बुक हो रहे हैं। वहीं, सीरीज के सामान्य पसंदीदा नंबर भी लोग बुक कर रहे हैं।

इसमें दोपहिया वाहन के लिए एक हजार रुपये और चार पहिया वाहन के लिए पांच हजार रुपये शुल्क निर्धारित है। एआरटीओ प्रशासन डॉ. सियाराम वर्मा ने कहा कि दस दिन बाद नई सीरीज जारी हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि यह सीरीज लंबी चल रही है, क्योंकि पितृ पक्ष में वाहनों की बिक्री कम होती है। ऐसे में सीरीज समाप्त होने में समय लग सकता है।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 की तैयारियों में जुटा प्रशासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 को लेकर जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे ने आज इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा स्थित सभागार में होटल संचालकों, ब्रांडिंग एवं प्रमोशन तथा खान-पान व्यवस्थाओं से सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बैठक में होटल संचालकों से कहा कि ट्रेड शो के दौरान विगत दो वर्षों से आपके द्वारा जैसे सहयोग किया जा रहा है, ठीक उसी प्रकार इस वर्ष भी यूपी ट्रेड शो को सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि होटल संचालक केवल निर्धारित दरों पर ही सेवाएँ उपलब्ध करायें और किसी भी अतिथि अथवा आगंतुक से निर्धारित दर से अधिक राशि न ली जाए। इस संबंध में यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित होटल या प्रतिष्ठान के विरुद्ध नियम अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने यह भी कहा कि होटल प्रबंधन स्वच्छता, सुरक्षा एवं आतिथ्य के उच्चतम मानक बनाए रखें ताकि जनपद आने वाले राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मेहमानों पर सकारात्मक प्रभाव पड़े।



ट्रेड शो की ब्रांडिंग एवं प्रमोशन को लेकर अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को सक्रिय रहकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, रेडियो आदि माध्यमों से व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाए तथा सिनेमा हॉल, मॉल, मेट्रो स्टेशन, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, सार्वजनिक स्थलों, शो स्थल एवं उसके आस-पास आकर्षक होर्डिंग्स, बैनर और डिजिटल स्क्रीन लगाई जाएं। ब्रांडिंग के दौरान ष्मेक इन यूपीष एवं ष्वोकल फॉर लोकलष की थीम को प्रमुखता दी जाए ताकि राज्य की औद्योगिक और सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया जा सके।

खानपान व्यवस्था पर जोर देते हुए अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने कहा कि शो में आने वाले आगंतुकों को उचित दर पर गुणवत्तापूर्ण, स्वच्छ एवं विविधतापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाए। किसी भी स्तर पर निम्न स्तरीय खाद्य सामग्री परोसने की शिकायत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही कहा कि ट्रेड शो के दौरान यूपी के प्रत्येक जिले के प्रसिद्ध व्यंजन के भी स्टाल लगाया जाए, ताकि लोग प्रदेश के प्रसिद्ध व्यंजनों का स्वाद चख सके। इसके साथ ही पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छ शौचालय, प्राथमिक उपचार तथा अन्य जनसुविधाओं का ध्यान रखते हुए आगंतुकों को सहज और सुखद अनुभव प्रदान किया जाए।

बैठक के अंत में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 उत्तर प्रदेश की औद्योगिक, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक धरोहर को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सभी संबंधितों से अपेक्षा की कि यह आयोजन राज्य की साख और गौरव के अनुरूप भव्य, सफल और अनुकरणीय सिद्ध हो।

इस महत्वपूर्ण बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण वंदना त्रिपाठी, मगर मजिस्ट्रेट विवेक भदोरिया, डिप्टी कलेक्टर दुर्गेश सिंह, जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, जिला अभिहित अधिकारी सर्वेश मिश्रा, इंडिया एक्सपो मार्केट के सीईओ सुदीप सरकार तथा होटलों के प्रतिनिधियों तथा ब्रांडिंग एवं प्रमोशन से जुड़े अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# शीशगढ़ में कैंसर से एक और मौत

**कैंसर से लगातार होती मौतों से कस्बे में दहशत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे में कैंसर जैसी घातक बीमारी से लगातार हो रही मौतों से कस्बे के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ। स्वास्थ विभाग भी चुप्पी साधे बैठा है।

बताते चलें कि कस्बे के मोहल्ला अंसार नगर निवासी रुखसाना 45 वर्ष पत्नी शेर मोहम्मद की सोमवार को कैंसर की बीमारी के चलते मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि रुकसाना को लगभग दो वर्ष पहले दाढ़ दर्द की शिकायत थी। जिसका इलाज चलता रहा, लेकिन एक साल पहले तकलीफ बढ़ने पर बरेली के एक अस्पताल में जांच कराने पर रिपोर्ट में कैंसर की बीमारी की पुष्टि हुई। तभी से उनका इलाज चल रहा था,आज सोमवार को वह जिंदगी की जंग हर गई। उधर इसी मोहल्ला के हाजी शरीफ अहमद,सीमा बी, छोटे,फर्मिदन , रफीक अहमद मोहल्ला गड़ी निवासी वकील अहमद, हिफजुर्रहमान, जलालुद्दीन, तौफीक अहमद, बाबू की भी कैंसर की बीमारी से मौत हो चुकी है। जबकि कस्बे में अभी भी दर्जनों की संख्या में लोग कैंसर की बीमारी से जिंदगी और मौत से झूल रहे हैं। कस्बे में कैंसर की बीमारी से लगातार हो रही मौतों से लोगों में दहशत व्याप्त है। कस्बा वासियों के कहना है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभी तक इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया है।

### दूषित पानी कैंसर का कारण तो नहीं

कस्बे में दूषित पानी कैंसर की बीमारी का कारण तो नहीं कैंसर से हो रही लगातार मौतें तो यही बता रही है। आखिर क्या कारण है जो इतनी बड़ी संख्या में लोग कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी की चपेट में आकर मौत के आगोश में समा रहे हैं। कस्बे में पानी की जांच होनी चाहिए, लेकिन जिम्मेदार चुप्पी साधे बैठे हैं। स्वास्थ्य विभाग से शिकायतें किए जाने के बाद भी अभी तक दूषित पानी के नमूने भी नहीं लिए जा सके हैं, आखिर कौन है इन मौतों का जिम्मेदार कौन है।

# असामाजिक तत्वों ने ईद मिलादुन्नबी के फाड़ दिए पोस्टर



**घटना पर क्षेत्रवासियों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** किला थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर लगाए गए पोस्टरों को असामाजिक तत्वों द्वारा फाड़ने की घटना सामने आई है, जिसके कारण क्षेत्रवासियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। यह घटना न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है, बल्कि सामा. जिक सौहार्द और भाईचारे को भी नुकसान पहुंचाने का प्रयास है।

जमात के पदाधिकारी मोइन खान ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी, पैगंबर हजरत मुहम्मद का जन्मदिन, मुस्लिम समुदाय के लिए एक पवित्र और महत्वपूर्ण अवसर है। इस अवसर पर क्षेत्र में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक आयोजन किए जा रहे हैं, ऐसे में इस तरह की निंदनीय हरकत ने समुदाय की भावनाओं को आहत किया है।

जमात के पद अधिकारी मोइन खान ने इस घटना की कड़ी निंदा की है, और प्रशासन से दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्रवासी एकजुट होकर शांति और सौहार्द से रहें।

सभी छेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं से सामाजिक एकता को कमजोर न होने दें, और शांति बनाए रखें। शिकायत करने में मुख रूप से वाहिद हुसैन, मोसिन रजा, जोयब रजा, दानिश सोहिल, अलमिल रजा, अल्तामश हैदर, मजहर, शवाब, समीर आदि लोग उपस्थित रहे।

### पोस्टर फाड़ने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

थाना किला पुलिस ने जुलूस ए मोहम्मदी के पोस्टर फाड़ने वाले युवक के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करते हुए पोस्टर फाड़ने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के तत्काल कारवाई करने पर जमात रजा ए मुस्तफा के पद अधिकारी मोइन खान ने व सभी क्षेत्रवासियों ने किला पुलिस का आभार व्यक्त किया। इसके अलावा, मुस्लिम समुदाय ने बड़ी दरिया दिली का सबूत देते हुए जिस युवक द्वारा पोस्टर फाड़ा गया था उसे माफ कर दिया। यह एक बड़ी मिसाल है और साम्प्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने वाला कदम है।

इस घटना से यह साबित होता है कि हमारे क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी समुदायों के लोग एकजुट हैं, और पुलिस की भूमिका भी बहुत महत्वपूर्ण है।

## एक नजर

### दबंग ने रास्ते में रोककर युवक को ईंट मारकर किया लहूलुहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** सोमवार को गांव रहपुरा जागीर में रास्ते में रोककर दबंग ने सिर में ईंट मारकर ग्रामीण युवक को लहूलुहान कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके घायल युवक को मेडिकल के लिए भेजा है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव रहपुरा जागीर निवासी महेन्द्रपाल ने बताया की सोमवार सुबह को वह अपने घर से किसी काम से फतेहगंज जा रहा था।गाँव का नरेन्द्र कश्यप रस्ते में रोककर बगैर किसी बात के गाली गलौज करने लगा।विरोध करने पर आरोपी दबंग ने उसके सिर में ईंट मारकर लहूलुहान कर दिया।जिससे पीड़ित बेसुध होकर जमीन पर गिर गया। गंभीर घायल समझकर आरोपी भाग गया।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके घायल पीड़ित को मेडिकल के लिए भेजा है। फिलहाल आरोपी फरार है।

### पुलिस ने कच्ची शराब बरामद कर तीन युवकों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे में मुखबिर की सूचना पर पुलिस की अलग अलग टीम ने अलग अलग जगह से 30 लीटर कच्ची शराब बरामद करके तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को थाना प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर बनाई गई पुलिस टीम ने अगरास मोड़ से गांव अगरास निवासी राजवीर, रहपुरा अंडरपास से कस्बा के मोहल्ला सराय निवासी जाहिद और कस्बा के मोहल्ला ठाकुर द्वारा वसंत विहार निवासी मोहनस्वरूप शर्मा को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

### सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर एसडीएम ने ईओ से मांगी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** फतेहगंज-शाही रोड पर नव निर्मित रोडवेज बस स्टैंड के पास सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा हटाने की अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह के द्वारा की गई शिकायत पर एसडीएम इशिता किशोर ने ईओ और पुलिस से रिपोर्ट मांगी है।

कस्बा के अंसारी मोहल्ला शाही रोड निवासी अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह ने सोमवार को ट्रेनी आईएएस एसडीएम इशिता किशोर से शिकायत करके बताया फतेहगंज-शाही रोड पर मौजूद नवनिर्मित रोडवेज के पास सरकारी जमीन में कस्बा के एक दबंग युवक ने टीन का कमरा बनाकर उसमें फर्श डालकर अवैध कब्जा कर लिया है।बताया पूरे दिन टीन के इस अवैध कमरे में नशेड़ी लोगों का जमावड़ा रहता है।इस बाबत उन्होंने नगर पंचायत ईओ पुष्पेंद्र राठौर से शिकायत की लेकिन उन्होंने कोई कार्यवाही नहीं की।नशेड़ी लोगों के जमावड़ा से आसपास के लोगों के बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।अधिवक्ता की शिकायत को एसडीएम ने गंभीरता से लेते हुए ईओ पुष्पेंद्र राठौर को तलब किया है।साथ ही स्थानीय पुलिस से भी रिपोर्ट मांगी है।

### भारी बारिश के कारण स्कूलों में अवकाश घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिले में लगातार 10 घंटे से बारिश हो रही है, जिससे लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली है, लेकिन जगह-जगह जलभराव से परेशानियां भी बढ़ गई हैं। बारिश की वजह से बहेड़ी रेलवे स्टेशन पर पानी भर जाने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम विभाग ने आज ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें बिजली गिरने की भी संभावना जताई गई है। इसको देखते हुए बरेली जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने मंगलवार, 2 सितंबर को कक्षा 1 से 8 तक के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। जिलाधिकारी के आदेश के अनुसार, यह अवकाश परिषदीय, सहायता प्राप्त, वित्तविहीन और सभी बोर्ड के स्कूलों पर लागू होगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। बारिश के कारण बहेड़ी और बरेली में जगह-जगह जलभराव हो गया है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे स्टेशन पर पानी भर जाने से यात्रियों को भी परेशानी हो रही है।

# दादी मां के ख्वाब की ताबीर हैं जारा खान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** ख्वाब इंसानी जिंदगी मैं बड़ी अहमियत रखते हैं, लेकिन हर कोई अपने ख्वाब को हकीकत में नहीं बदल पाता।

बहुत से लोग वसाइल की कमी और बदकिस्मती जैसे शब्दों का रोना रोते हैं, लेकिन उनकी जिंदगी में जो सबसे अहम है उसे भूल जाते हैं। यानी कभी न टूटने वाला दिल मजबूत इरादे और फौलादी हौसले। जिनके पास यह सब होता है मंजिल खुद उनके कदम चूमने चली आती है। जारा खान की दादी मां सलमा बेगम ने भी एक ख्वाब देखा था, ख्वाब था बिटिया को डॉक्टर बनाने का ताकि वह गरीबों को सस्ता और सुलभ इलाज उपलब्ध करा सके। दादी के ख्वाब को पूरा करने की जिम्मेदारी जारा खान पर थी, फिर क्या था जारा जुट गई दादी माँ के ख्वाब की ताबीर बनने को, उन्होंने नवाबगंज के सेंट थामस स्कूल से इंटर पास कर घर पर ही अपनी पढ़ाई जारी रखी, और पहली ही बार में नीट क्वालीफाई कर एमबीबीएस में दाखिला पा लिया। जारा खान ने इस तरह अपनी दादी मां के सपने को साकार तो कर लिया,



लेकिन अफसोस यह दिन देखने को वह आँखें सलामत नहीं रहीं, जिन आंखों ने यह ख्वाब देखा था। जारा खान एडवोकेट शारिक खान की बेटी और नवाबगंज के मशहूर ओ० मारूफ समाजसेवी शफी हुसैन खां उर्फ शफ्फान मियां की पोती हैं। जारा खान की कामयाबी की खबर सुनकर तमाम लोग उनके घर पहुंचे, और बच्ची को मुबारकबाद देकर मुंह मीठा कराया।

# गुरुद्वारा कमेटी ने भाजपा बूथ अध्यक्ष के खिलाफ दी जवाबी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** दो दिन पहले क्षेत्र के गांव सतुईआ कला के भाजपा बूथ अध्यक्ष रनजीत सिंह ने अपने ऊपर फायर झोंके जाने की एक नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी, घटना की सूचना मिलते ही गांव के दर्जनों सिख समुदाय के लोगों ने घटना को झूठा बताते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की।

दो दिन पहले ग्राम के भाजपा बूथ अध्यक्ष रनजीत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर थाना हाफिजगंज के एक दबंग पर समझौता न करने पर जान से मारने का आरोप लगाते हुए उसके व उसके कई साथियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। रनजीत सिंह ने दबंग पर फायर चलाने का भी आरोप लगाया था। घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम से दर्जनों सिख समुदाय के लोग विधायक डॉक्टर एमपी आर्य के आवास पहुंचे, और घटना की जानकारी दी।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुता. बिक विधायक ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराए जाने की कोशिश की, लेकिन बार-बार फोन किए जाने के बाद भी रनजीत सिंह ने किसी का फोन नहीं उठाया। इस मामले में ग्राम के गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान बलजीत सिंह ने पुलिस को एक तहरीर देकर रनजीत सिंह द्वारा दी गई तहरीर को झूठा बताते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है। बलजीत सिंह द्वारा दी गई तहरीर में पुत्र को झूठा फंसाए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने रनजीत सिंह पर गुरुद्वारे के ग्रंथी को जान से मारने की भी धमकी देने का आरोप लगाया है।

इसके साथ ही ग्राम ईंधजागीर के रहने वाले सर्वजीत सिंह ने भी रनजीत सिंह द्वारा दी गई तहरीर को झूठा बताते हुए पुलिस को एक तहरीर दी है, जिसमें उसने बताया कि उसके पास चैन वाली कमवाइन है, जिससे वह गेहूं की कटाई और धान की कुटाई करता है, आरोप है कि रनजीत सिंह पर इसके कुटाई और कटाई की 67 हजार मजदूरी में से 10 हजार रुपये उसे दे दिए, लेकिन 57 हजार रुपये का जब भी रनजीत सिंह से तकादा करते हैं तो वह कोई न कोई बहाना बना देता है।

29 अगस्त को जब उसने फोन करके उससे अपने रुपए मांगे तो उसने देने से साफ इंकार कर दिया, और पुलिस को उसके पुत्रों के खिलाफ झूठी तहरीर दे दी। सर्वजीत सिंह ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में रणजीत सिंह के खिलाफ कार्यवाही कर रुपये दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

# नगर पालिका के खुले नाले में बाइक सहित गिरा कोचिंग संचालक, बची जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के कोचिंग संचालक की आज जान पर बन आई, वह सफाई के दौरान खुले नाले में बाइक समेत गिर गए, तत्काल ही उन्हें आसपास के लोगों ने नाले से बाहर निकाला।

सोमवार को कस्बे के कोचिंग संचालक मो० अली अपनी बाइक से कस्बे के बाईपास से होकर पंजाब नेशनल बैंक के चौराहे से कचेहरी रोड पर जा रहे थे कि जैसे ही उन्होंने अपनी बाइक मोड़ी तो बैंक से मुड़ते ही नगर पालिका के खुले नाले में वह बाइक समेत जा गिरे। कस्बे के कोचिंग संचालक मो० अली के



नाले में गिरने की जैसे ही आसपास के लोगों को इसकी जानकारी लगी तो फौरन ही लोग उन्हें निकालने के लिए दौड़ पड़े। बमुश्किल उन्हें और उनकी बाइक को नाले से बाहर निकाला गया। नाले में गिरने से शिक्षक के शरीर में कई जगह गुम चोटें आई हैं। जिन्हें नगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां से उन्हें उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना पर पूर्व सभासद मो० असलम अंसारी, अंसार अहमद पिंडारी, आफताब ठेकेदार, व्यापारी नेता महबूब सावरी, रामसिंह राठौर, सिकन्दर नेहरू आदि ने दु:ख जताते हुए नगर पालिका प्रशासन से तत्काल ही खुले नाले पर डिप डलवाए जाने की मांग की है।

# बेचने के बाद भी मकान नहीं किया खाली, हुई मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** गांव चिटौली में मकान बेचने के बाबजूद दबंग पति पत्नी मकान को खाली नहीं कर रहे है।इसी विवाद को लेकर सोमवार को दोनों पति पत्नी ने घर में घुसकर पीड़िता के साथ हाथापाई और गाली गलौज किया।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है।

गांव चिटौली निवासी तारा देवी ने बताया कि उसके ससुर ने गांव के एक मकान को खरीद लिया है।जिसकी रसीद भी करा ली है।लेकिन मकान में मौजूद राजू ठाकुर और उसकी पत्नी दबंगई के बल पर मकान को खाली नहीं कर रही है।रविवार दिन में मकान खाली करने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया था।

पीड़िता का आरोप है कि रविवार देर रात दोनों आरोपी घर में घुस आए।बोले तेरा पति मुकेश कहां है।बुला उसे आज उसको जान से मारकर उसका खेल खत्म करना है।विरोध करने पर दोनों ने पीड़िता के साथ मारपीट की।बाल पकड़ कर बाहर तक खींचकर लाए।शोर शराबा होने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है।इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार ने बताया पीड़िता की तहरीर पर जांच की जा रही है।आरोप सही पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

### डीएम ने की सीएम युवा उद्यमी अभियान योजना की समीक्षा




**बैंक मैनेजर्स को उनके स्तर पर लंबित प्रकरणों को सात दिन में निस्तारित करने के दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को उद्योग विभाग की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में 45 दिनों से अधिक समय से लंबित पत्रावलियों के बारे में जानकारी लेते हुए पत्रावली स्वीकृत या निरस्त न करने के कारणों के बारे में पूछा गया।

बैठक में लंबित पत्रावलियों को कब तक निस्तारित कर दिया जाएगा इसके बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक बैंक मैनेजर को उनके स्तर पर लंबित प्रकरणों को सात दिन में निस्तारित करने के निर्देश दिए।

बैठक में बैंकर्स द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ प्रपोजल रिजेक्ट नहीं हो पा रहे हैं। जिसपर एलडीएम ऐसे प्रकरणों की सूची बनाकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। बैठक में लीड बैंक मैनेजर ने अवगत कराया कि कृषि क्षेत्र में लोन वितरण में बरेली जनपद प्रदेश में नम्बर वन है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, उपायुक्त उद्योग विकास कुमार, लीढ बैंक मैनेजर वीके अरोड़ा, जिला विकास अधिकारी विकास कुमार यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, डीसी एनआरएलएम, बैंक मैनेजर्स सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 1500 वें जश्न ए ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर काबिले-तारीफ ऐलान

**फरमान मियां बना रहे गरीबों के लिए शिक्षा और चिकित्सा का मजबूत आधार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** 1500 वें ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासि. चव व आला हजरत ताजुशरिया वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक फरमान हसन खघन उर्फ फरमान मियाँ ने एक बड़ा और ऐतिहासिक ऐलान किया। उन्होंने घोषणा की कि इस साल से 150 बच्चों को पूरी तरह मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें नीट, इंजीनियरिंग, यूपीएससी की तैयारी के साथ-साथ कक्षा 6 से 12 तक की पढ़ाई भी शामिल होगी।इच्छुक छात्र डेल्टा



क्लासेज जनकपुरी में फॉर्म भर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कोचिंग के डायरेक्टर सैयद जसीम से राबता कर सकते हैं। भारत गौरव रत्न से सम्मानित फरमान मियाँ ने कहा कि यह कदम समाज के उन प्रतिभाशाली बच्चों के लिए है जो आर्थिक तंगी की वजह से अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते।

जमात रजा ए मुस्तफा व आलाहजरत ताजुशरिया वेलफेयर सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य मेधावी बच्चों को उनके सपनों को साकार करने का मौका देना है। पैगंबर-ए-इस्लाम की सीरत हमें इंसानियत, मोहब्बत और इल्म का पैगाम देती है। शिक्षा वही रौशनी है जो अंधेरों को मिटाकर समाज को तरकध्कघी और जागरूकता की राह पर ले जाती है। बच्चों को अनुभवी और योग्य शिक्षकों की देखरेख में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी। साथ ही बच्चों को किताबें, स्टेशनरी और सभी जरूरी शैक्षिक संसाधन भी मुहैया कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस कदम का उद्देश्य बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और आदर्श नागरिक बनाना है, ताकि वे मुल्क और समाज की सेवा कर सकें।

सभी तबकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों की तालीम पर सबसे ज्यादा ध्यान दें। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही रोजगार के अवसर बढ़ते हैं, समाज में जागरूकता आती है और तरकध्कघी के नए रास्ते खुलते हैं। अगर हर परिवार अपने बच्चों की तालीम को प्राथमिकता देगा तो पूरा समाज मजबूत होगा और मुल्क का नाम रोशन होगा।

इस नेक ऐलान का शहर भर में जोरदार स्वागत किया गया। लोगों ने इस पहल को बच्चों और समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए बेहतरीन कध्दम बताया। कई लोगों का कहना है कि यह कोशिश आने वाली नस्लों के लिए नई राहें खोलेगी, और गरीब बच्चों के सपनों को पंख लगाएगी।

उनकी यह पहल सिर्फ शिक्षा उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों में आत्मविश्वास जगाने और उन्हें समाज में अपनी पहचान बनाने का मौका देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले समय में और भी अधिक बच्चों को इस योजना से जोड़ा जाएगा। 1500 वें ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर यह सराहनीय ऐलान न सिर्फ बरेली बल्कि पूरे देश के लिए इंसानियत का पैगाम बन गया है। अगर समाज मिलकर उस पर चले तो बच्चों का भविष्य न सिर्फ बेहतर होगा, बल्कि पूरा समाज शिक्षा और तरकध्कघी की नई मंजिलें हासिल करेगा।

इस मौके पर मुख्य रूप से मो० जुनैद रजा, मोईन खघन, डॉ० मेहंदी हसन, शमीम अहमद, देवरनियां की पूर्व चेयरमैन शिप्रा यादव के पति हाफिज इकराम, जफर बेग, जहीर अहमद, जुल्फिकार अहमद, समरान खान, शैबुद्दीन रजवी, सूफी अबरार अहमद नूरी, कारी फैजान अशरफ, मौलाना सिमीउल्लाह सैयद अम्बर, डॉ० खातिर खघन, हाफिज आमिर, कारी जाफर, हाफिज शहाबुद्दीन, हाफिज अतारहमान, अब्दुल वाजिद, मुमताज अली, वसीम नूरी, मो. ताहिर, कमाल अंसारी, मो. हसीन आदि लोग मौजूद रहे।




# बहेड़ी में कॉफी शॉप की आड़ में चल रहा है अवैध धंधा

**कैफे संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज न होने पर हिन्दू संगठनों में आक्रोश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर में कॉफी शॉप की आड़ में अवैध धंधा जोरों पर चल रहा है। कैफे मालिक कुछ पैसों के लालच में लड़के-लड़कियों को बैठाकर समय बिताने का मौका देते हैं। इससे न केवल अनैतिक गति. विधियों को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि इससे अपराध भी बढ़ रहा है।

हिंदूवादी संगठनों ने कैफे संच. ालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज न होने पर नाराजगी जताई है।

उन्होंने मांग की है कि इस तरह के अड्डे नगर में जहां भी बने हैं, उन सबको बंद कराया जाए। उनका कहना है कि ऐसे अड्डों पर अनैतिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो समाज के लिए हानिकारक है।

नगर में कई जगह पर इस तरह के अड्डे बनाए गए हैं, जिनमें 1 घंटे के 100 से 200 रुपये तक वसूले जाते हैं। नगर के नैनीताल रोड स्थित कई जगह इस तरह के अड्डे बनाए गए हैं, और उनका बकाया प्रचार-प्रसार भी किया गया है।

इससे पहले भी कई बार नगर के नामचीन स्कूलों के छात्रों को पकड़ा जा चुका है। इसके बावजूद पुलिस संचालक को हिदायत देकर छोड़ देती है। इससे यह सवाल उठता है कि क्या पुलिस को ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

बहेड़ी में कॉफी शॉप की आड़ में अवैध धंधे को रोकने के लिए प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। इससे न केवल अपराध पर अंकुश लगेगा, बल्कि लोगों को भी सुरक्षा का एहसास होगा। कोतवाल संजय तोमर ने बताया कि लगातार कैफों पर नजर रखी जा रही है, संदिग्ध गतिविधियां मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

> बहेड़ी में कॉफी शॉप की आड़ में अवैध धंधे को रोकने के लिए प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। इससे न केवल अपराध पर अंकुश लगेगा, बल्कि लोगों को भी सुरक्षा का एहसास होगा।
>
> **राज कमल सिंह**
> **अखिल भारतीय हिंदू महासभा**
> **प्रदेश प्रचार**

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

### हमें बताएं अपने इलाके की समस्या

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

### डीएम ने ईद मिलादुन्नबी के पर्व को लेकर की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सोमवार को डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में ईद मिलादुन्नबी-बारावफात के अवसर पर कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने व सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजन सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सम्बंधित लोगों व अधिकारियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में एडीएम नगर ने अवगत कराया गया कि 04 व 05 सितम्बर को बारावफात के अवसर पर बड़ी संख्या में जुलूस निकाले जाते हैं। 04 सितम्बर को जनपद में 116 जुलूस व 05 सितम्बर को 718 जुलूस निकलेंगे। इसी बीच गणेश विसर्जन का भी आयोजन होगा, और अगस्तय मुनी की शोभायात्रा भी निकलेगी। बैठक में डीएम ने कहा कि अधिकांश देखने में आ रहा है जब किसी प्रकरण पर सुलह समझौता हो जाता है तो ऐन मौके पर विवाद क्यों हो जाता है। उन्होंने इसपर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

# उत्तम सत्य दिवस पर गूंजे भक्ति और सत्य के स्वर

**■ दशलक्षण पर्व के पांचवें दिन मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, प्रवचनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जैन समाज का महापर्व दशलक्षण पर्व नगर में पूरे हर्ष और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सोमवार को पर्व का पांचवा दिन उत्तम सत्य दिवस के रूप में बड़ी श्रद्धा और भक्ति से संपन्न हुआ। दिनभर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर फूटा महल एवं श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर शौकत अली रोड पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

सुबह से ही भक्तों ने भगवान की पूजा-अर्चना कर आत्मशुद्धि एवं आंतरिक पवित्रता का संकल्प लिया। शाम को आयोजित धर्मसभा में इंदौर और मथुरा से आए विद्वानों ने धर्मप्रेमियों को संबोधित किया। ब्रह्मचारिणी बबीता दीदी एवं ब्रह्मचा. रिणी प्रज्ञा दीदी (इंदौर) ने कहा कि सत्य केवल वाणी का आभूषण नहीं, बल्कि आत्मा की पहचान है। सत्य के मार्ग पर चलने वाला जीवन में सरलता और निष्कलंकता प्राप्त करता है। असत्य से दुख मिलता है, जबकि सत्य आत्मा को शांति और आनंद प्रदान करता है। शास्त्री अंकित जैन (मथुरा) ने अपने प्रवचन में कहा कि सत्य धर्म की नींव है। यदि सत्य न हो



तो धर्म का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा।

परिस्थिति चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हो, हमें सत्य का पालन करना चाहिए। असत्य क्षणिक लाभ देता है, जबकि सत्य ही आत्मा के उत्थान और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है।

प्रवचनों के उपरांत मंदिरों में आरती का आयोजन हुआ।

दीपों की लौ और भजनों की गूंज से वातावरण भक्ति-रस में सराबोर हो गया। इसके बाद बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

नृत्य, भजन और धार्मिक गीतों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी को प्रभावित किया और सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

इस प्रकार दशलक्षण पर्व का पांचवां दिन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। मंदिरों का वातावरण पूरे दिन भक्ति-भाव, आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा।

# जिम संचालकों के खिलाफ एसपी को सौंपा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** हाल ही में सोशल नेटवर्किंग के द्वारा पता चला की कुछ जिम संच. ालक सभी नियम को ताक पर रख कर मनमानी कर रहे है और जितना दोषी यह है उतने वो लोग भी जो वहाँ आकर उनको सपोर्ट करते है।

जिम संचालकों को यह बात पर ध्यान देना चाहिए की यदि जिम में लड़कियाँ है तो उनके लिए लेडी टेनर जरूरी है और लड़कियां जिम कर रही है तो उनकी वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर नहीं डालना चाहिए।

जिम की आड़ में रामपुर में झंगुर बाबा और लव जिहाद की जड़े पनपने लगे उससे पहले ही प्रशासन को अवगत करना उचित है और इसी के लिये राष्ट्रीय हिंदू जागृति संघ की प्रदेश अध्यक्ष एवं श्री चित्रगुप्त पीठ की जिला प्रमुख की अध्यक्षता में इक डेलीगेशन एडीएम जंग बहादुर यादव



और पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्रा से मिलने पहुंचा और उनको ज्ञापन के माध्यम से अवगत करया। और कहां जिम संचालकों को बुलाकर उनको सख्ती से अवगत करवाया जाये ताकि रामपुर का माहौल खराब नहीं हो।

हमारी संस्कृति को ठेस न पहुँचे। इस डेलीगेशन में प्रदेश अध्यक्ष कंचन सक्सेना, जिला अध्यक्ष संजय शर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गीता अरोड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगीता अग्रवाल, पश्चिम क्षेत्र उपाध्यक्ष वेद आहूजा, नगर मंत्री रेनू सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष जया गुप्ता, दुर्गा वाहिनी की शुभागी, मारवा समाज सेवी वीना अग्रवाल जी उपस्थित रही।

# सैफनी पुलिस ने एक गिरफ्तार कर शांतिभंग में किया चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस द्वारा 01अभियुक्त राजाबाबू पुत्र बलवन्त सिंह नि.मौ. जाटवान कस्बा व थाना सैफनी जनपद रामपुर उम्र 26 वर्ष को मौ.भूड़ा गेट पर मकान के कब्जे को लेकर लेकर आमदा फसाद कर रहा था। शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस में पुलिस ने अपनी हिरासत में लेकर उसके उपरांत आवश्यक विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त उपरोक्त को मा. न्यायालय एसडीएम शाहबाद जनपद रामपुर महोदय के समक्ष तहसील शाहबाद पेशी हेतु भेजा गया।

# एचटी लाइन में ब्रेकडाउन होने से मसवासी नगर समेत 32 गांव की बिजली आपूर्ति 12 घंटे रही बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** मामूली बूंदाबांदी और तेज हवा के बीच हाई टेंशन लाइन में हुए ब्रेकडाउन से मसवासी नगर समेत 32 गांव की बिजली आपूर्ति 12 घंटे बाधित रही जिससे क्षेत्र वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा है नगर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ब्रेकडाउन दूर करने के पश्चात सुचारू हो सकी है। सोमवार को तेज हवा और बारिश के बीच टांडा से दड़ियाल होकर मसवासी पहुंच रही 33 हजार केवी लाइन पर पेड़ टूट कर गिर गए जिसकी वजह से ब्रेकडाउन हो गया जिससे मसवासी नगर समेत आसपास के गांव चाऊपुरा, भूवरा,



बिजारखाता, मोतीपुरा, खोद रहमतग. ंज, करीमपुर, सीतारामपुर, अलीगंज, कुंदनपुर, पट्टी कला घोसीपुरा, शेखूपुर सेमरा लाडपुर, की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली आपूर्ति बाधित होने से नगर सहित क्षेत्र को लोगो को बिजली किल्लत का सामना करना पड़ा। क्षेत्र वासियों का आरोप है की मामूली हवा चलने से पेड़ों की टहनियों एचटी लाइन से टकरा जाती है जिससे लाइन में ब्रेकडाउन हो जाता है और बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। सोमवार को तेज हवा व बारिश के कारण एच टी लाइन पर पेड टूट कर गिर गए जिसकी वजह से पुरा दिन विद्युत अपूर्ति चौपट होकर रह गई बिजली कर्मियों ने पेट्रोलिंग कर ब्रेकडाउन को दूर किया तब कहीं जाकर बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी।वही अवर अभियन्ता मोहन लाल ने बताया कि एचटी लाइन का ब्रेकडाउन दूर कर बिजली आपूर्ति चालू करने का प्रयास किया जा रहा है।

# सैफनी पुलिस ने एक वारंटियर को गिरफ्तार कर रामपुर न्यायालय भेजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन कराये जाने के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी शाहबाद के कुशल नेतृत्व में सोमवार को न्यायालय द्वारा जारी एनबीडब्लू वारंटी मलखान उर्फ पाजी पुत्र अजब सिंह नि.ग्राम जटपुरा थाना सैफनी जनपद रामपुर सम्बन्धित के केस नं. 169/07, अपराध सं.- 772/06 धारा 60/62 Ex Act में गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय जनपद रामपुर भेजा जिसमें गिरफ्तार करने वाली टीम में उप.नि. धुरेंदर सिंह, कांस्टेबल नीरज कुमार मौजूद रहे।

# एक्सीडेंट में युवक की मौत, तीन अन्य घायल, घर में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी/रामपुर।** नगर क्षेत्र के अंतर्गत छितौनी गांव निवासी मोहम्मद अली उम्र 22 वर्ष की रविवार देर शाम सड़क हादसे में मौत हो गई। यह हादसा शाहबाद-बिलारी मार्ग पर ग्वारखेड़ा गांव के पास हुआ, जहाँ दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में मोहम्मद अली और समीर सहित तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मोहम्मद अली अपने भाई समीर के साथ बिलारी से खरीदारी करके घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर



पहुंची और सभी घायलों को बिलारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। मोहम्मद अली की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहाँ इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।घ्दो साल बाद घर लौटा था मोहम्मद अली घ्मोहम्मद अली हैदराबाद में हेयर कटिंग सैलून में काम करते थे और दो साल बाद एक हफ्ते पहले ही घर लौटे थे। उनके परिजनों ने बताया कि वह अपने भाई समीर के साथ बिलारी से खरीदारी करने गए थे। जैसे ही उनके परिवार को हादसे की खबर मिली, उनमें को. हराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन घटनास्थल की तरफ दौड़े। जवान बेटे का शव देखकर माँ और बहन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गाँव में शोक का माहौल है। घ्पुलिस ने मोहम्मद अली के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और मामले की जाँच कर रही है। जांच होने के उपरांत आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# महिला ने पति समेत नौ लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकद्दमा कराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**टांडा/रामपुर।** क्षेत्र की महिला ने पति समेत नौ लोगों पर दहेज उत्पीड़न और हत्या के प्रयास का आरोप लगाया, मुकदमा दर्ज। नगर के थाना टांडा क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर ईश्वरपुर में विवाहिता ने दहेज उत्पीड़न, मारपीट, शारीरिक शोषण और हत्या के प्रयास का गंभीर आरोप लगाते हुए पति सहित नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। एफआईआर एसपी के आदेश पर दर्ज की गई है। रामपुर निवासी पीड़िता का कहना है कि उसका विवाह दिसंबर 2020 में भूप सिंह के साथ हुआ था। मायके पक्ष द्वारा हैसियत के अनुसार दहेज देने के बावजूद पति भूप सिंह, जेठ और देवर लगातार असंतोष जताते रहे तथा चारपहिया वाहन व पांच लाख रुपये की मांग करते रहे। मांग पूरी न होने पर उसे प्रताड़ित किया जाता था। पीड़िता ने बताया कि विवाह के बाद उसने एक पुत्री को जन्म दिया, जिसके बाद उत्पीड़न और बढ़ गया। आरोप है कि देवर के विवाह के बाद देवरानी व जेठानी भी उसे ताने देने लगीं और उत्पीड़न में शामिल हो गईं। महिला का कहना है कि 30 अगस्त की सुबह करीब 11 बजे दहेज को लेकर उसके साथ मारपीट की गई। दोपहर में पति उसे जबरन कोसी नदी पर ले गया और धक्का दे दिया। खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने किसी तरह उसकी जान बचाई। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष के लोग उसके जेवर व दस हजार रुपये छीन लिए। वहीं, जेठ और देवर उस पर गलत नजर रखते हैं और कई बार अश्लील हरकतें कर चुके हैं।

महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति, जेठ, देवर, जेठानी, देवरानी समेत कुल नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

# नगर पंचायत नरपत नगर में भूमि पूजन के बाद पुलिस चौकी का निर्माण कार्य शुरू, खड़े किए पिलर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के दिशा निर्देश पर नगर पंचायत नरपतनगर में पुलिस चौकी का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। पुलिस चौकी के निर्माण के लिए पिलर खड़े कर दिए गए हैं। पिछले दिनों नगर पंचायत नरपत नगर में पुलिस चौकी के निर्माण के लिए घोषणा की गई थी। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र मसवासी पुलिस चौकी से उप निरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा को नवनियुक्त पुलिस चौकी का प्रभारी भी बना दिया है। चौकी प्रभारी मनोज कुमार मिश्रा ने जन सहयोग से अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे



के दिशा निर्देश में भूमि पूजन के बाद स्वार बाजपुर मार्ग के किनारे पुलिस चौकी के निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस पुलिस चौकी में बूढ़ी दढ़ियाल, जमिनगंज, दूंदावाला, पीपलसाना, नरपत नगर, मोतीपुरा, खोद, गागन नगली समेत एक दर्जन गांव शामिल किए गए हैं। इन गांवों के लोग पहले रिपोर्ट दर्ज करने के लिए स्वार कोतवाली जाते थे।

# बारिश में पालिका टीम ने जलभराव का लिया जायजा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** नहर में सोमवार सुबह से दोपहर तक हुई मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया।हालांकि लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की।लेकिन लगातार बारिश के चलते नगर के मोहल्ला बरगद,भब्बलपुरी,पड़ाव,पुराना बाजार और हाजीपुरा में जलभराव हो गया। पालिका टीम ने नगर में जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। पालिका के अवर अभियंता अभिनेश तिवारी, वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी और लेखा लिपिक शुभम भारती ने नगर के नालों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नालों में बरसात के पानी की निकासी की स्थिति का जायजा लिया। अवर अभियंता अभिनेश तिवारी ने नालों की सफाई और पानी की निकासी की स्थिति का निरीक्षण किया और सम्बन्धितओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर पानी की निकासी की व्यवस्था कराई।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की पंचायत में शामिल हुए रामपुर के सैकड़ों किसान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की एक बैठक गजरौला इंटर कॉलेज में हुई। जिसमें रामपुर जिला अध्यक्ष संजोर अली पाशा पूरे दलबल के साथ गजरौला पहुंचकर पंचायत में शामिल हुए। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष बी एम सिंह और एडवोकेट महमूद प्राचा से मुलाकात की।

संगठन के सभी साथियों को भी मिलवाया बी एम सिंह को किसानों को आ रही परेशानियां के बारे में अवगत कराया। समय रहते जो जरूरी समस्याएं हैं रामपुर जिले की वह उनको बताएं और उन्होंने उत्तर देते हुए समझाया की हम सबको



अपनी लड़ाई अपने संगठन के माध्यम से खुद ही लड़ना होगी।

किसान का उत्पीड़न लंबे समय से हर प्रदेश व जिला मंडल में हो रहा है जिसकी समस्याएं आए दिन हमें मिलती रहती हैं। हम सभी शिकायतों को लिखित में सरकार को भेजेंगे समय रहते समाधान भी कराएंगे। रामपुर जिला अध्यक्ष संजोर अली पाशा ने अगवत करते हुए समस्याओं को लेटर पैड पर देने की बात की। जहां पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मंडल अध्यक्ष जिला अध्यक्ष संभल जिला अध्यक्ष बिजनौर जिला अध्यक्ष अमरोहा जिला अध्यक्ष गजरौला जिला अध्यक्ष मेरठ जिला अध्यक्ष हापुड़ बहुत से जिलों के जिला अध्यक्ष मौजूद रहे।

साथ में रामपुर से जाने वालों के नाम नासिर मियां, मोहम्मद जाहिद, दर्शन लाल मोर्या, प्रधान मास्टर मंगल सिंह, ज्ञान मौर्य, सुमेरी लाल, बृजलाल, जगदीश सागर, नरा. ेत्तम, हनीफ खां, जुल्फिकार, भूपेंद्र मौर्य, जफर खां, शारिक खां, जावेद खान, असलम खान, अयूब खां, फुरकान खां, सफरुद्दीन मंसूरी, कमरुद्दीन मियां आदि लोग मौजूद रहे।

# लगातार दो दिन से हो रही बारिश के कारण कच्चे मकान की छत भर भराकर गिरी, हजारों का नुकसान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भजनपुर निवासी जलीस पुत्र शफी अहमद 35 वर्ष सोमवार की सुबह लगभग 7 बजे घर के बने दल्लान में अपने बेटे मोहम्मद शान 4 वर्ष व बेटी रिदानूर 7 वर्षीय के साथ बैठा हुआ था।

जलीस की पत्नी परवीन जहां अंदर घर में वर्तन व कपड़ों को सम्भाल कर रख रही थी। लगातार दो दिन से हो रही बारिश के कारण अचानक बने कच्चे मकान की छत व दीवार भर भराकर गिर गई तथा छत गिरने से बर्तन, कपड़े, अनाज, संदूक



आदि दब गया। गरीब का काफी नुकसान हुआ है। जिसमें जलीस की पत्नी परवीन जहां उसमें दब गई जलीस ने अपनी पत्नी को बचाने के लिए शोर मचाया शोर सुनकर आस पास के लोगों ने आकर देखा तो तुरंत आनन-फानन में मकान की छत के नीचे दबी परवीन जहां को बड़ी भारी मशक्कत कर बाहर निकाला। देखा कि परवीन जहां बेहोशी हालत में थी जल्द ही एकत्र लोगों ने क्षेत्र पंचायत सदस्य मेहर अली व ग्राम प्रधान साबिर हुसैन को सूचना दी। सूचना पाकर सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्र पंचायत सदस्य मेहर अली ने थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा व एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा अपनी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचकर पूछताछ कर जानकारी ली। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि तत्काल ही उच्चाधिकारी गणों को मोबाइल फोन द्वारा सूचना दे दी गई है। एंबुलेंस भी मौके पर पहुंच गई थी जल्द ही बेहोश पड़ी परवीन जहां को एंबुलेंस से उपचार हेतु सी एच सी केंद्र शाहाबाद भेजा और कहा कि शांति व्यवस्था संबंधित कोई समस्या नहीं है तथा उपरोक्त को निहायत गरीब बताया जा रहा है। वह मेहनत मजदूरी कर अपने बच्चों का भरण पोषण कर रहा था फिलहाल मेहर अली व प्रधान ने पड़ोस में बने मकान में रहने की जगह दे दी है।

# मसवासी नगर क्षेत्र में दिनभर हुई जबरदस्त बारिश से जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त

**■ गुदडी मेला भी हुआ जल मगन, दुकानदारों का हुआ बुरा हाल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** मसवासी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में तेज हवाओं के बीच भारी बारिश होने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। नगर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई है जिससे क्षेत्र वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा वहीं भारी बारिश से नगर में लगा गुदडी मेला भी जल भराव का शिकार हो गया है।

सोमवार को सुबह से ही तेज हवाओं के बीच बारिश शुरू हो गई जो देर शाम तक रुक रुक कर होती रही तेज हवाओं के चलते और बारिश से जहां लोगों को गर्मी से निजात



मिली है वही क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई जिससे क्षेत्रवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा भारी बारिश से फैसले भी जलमगन हो गई है गांव के गलियारों से लेकर खलिहान तक जल भराव की स्थिति पैदा हो गई है। नगर में चल रहा गुदडी मेला भी भारी बारिश के कारण जल भराव का शिकार हो गया है झूले समेत बच्चों के अन्य मनोरंजन साधन भी जल भराव का शिकार हो गए।

# प्रेमी को पीटने पर दो पक्षों में पथराव

## पंचायत ने कराया था नाबालिग का निकाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। प्रेमिका के नाबालिग होने के बाद भी पंचायत ने प्रेमी युगल का निकाह करा दिया गया था। सालभर पहले दोनों घर से भाग गए थे। प्रेमिका के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने प्रेमी का चालान कर दिया था। लंबे समय के बाद प्रेमी के घर लौटने पर दोनों परिवारों के बीच फिर से तनाव बन गया। मारपीट के दौरान जमकर पथराव चला। घटना में सात लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल मामला शांत कराया।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाले एक युवक का प्रेम-प्रसंग गांव की ही निवासी एक किशोरी के साथ चल रहा था। डेढ़ साल पहले परिजनों ने दोनों को मिलते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया था। इसके बाद गांव में बैठी पंचायत ने प्रेमिका के नाबालिग होने के बाद भी उसका प्रेमी के साथ में निकाह करा दिया था। बालिग होने पर प्रेमिका की विदाई की बात तय हो गई थी लेकिन आठ महीना पहले दोनों घर से भाग गए थे। प्रेमिका के पिता ने प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर प्रेमी का चालान कर दिया। प्रेमी तो जमानत पर जेल से

**■ प्रेमिका अभी भी नारी निकेतन में रह रही।**

बाहर आ गया था, लेकिन प्रेमिका अभी तक नारी निकेतन में है। वहीं, जमानत पर छूटने के बाद प्रेमी मजदूरी करने के लिए पंजाब चला गया था। शनिवार को वह घर वापस लौटा था। जिसके गांव में आते ही दोनों परिवारों के बीच फिर से तनाव बन गया। रविवार को प्रेमिका के परि. जनों ने प्रेमी को पीट दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। जमकर मारपीट हुई, एक-दूसरे पर पथराव किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल बीच बचाव कराया। घटना में प्रेमी समेत सात लोग घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने मामले में दोनों पक्ष के 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की बात कही।

# इमाम हसन की शहादत पर निकाला अमारी का जुलूस

## शिया समुदाय का शोक खत्म, अजाखानों से उतारे काले अलम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हजरत इमाम हसन असकरी की शहादत को याद करते हुए सोमवार को शहर में जुलूसे अमारी निकाला गया। मजलिस के बाद इमामबाड़ों से काले अलम उतार दिए गए। इसके साथ ही शिया समुदाय में जारी मोहर्रम का शोक भी खत्म हो गया।

रिवायत के मुताबिक जुलूस की शुरुआत शहर के मोहल्ला काजीजादा स्थित इमामबाड़ा चांदसूरज से हुई। सिब्ते सज्जाद व हमनवां ने मर्सिया ख्वानी की। धर्मगुरु ने फजाईल और मसाईब बयां किए। कहा कि हुकूमत ने इमाम हुसैन असकरी को जहर देकर शहीद कर दिया था। जुलूस में सबसे आगे ऊट चल रहे थे, जिसके ऊपर आमारिया थी। इसके बाद अलम, तख्त और दुलदुल चल रहा था। जुलूस जब काजी गली स्थित इमामबाड़ा छज्जी पहुंचा तो मुदस्सिर अली खां और साथियों ने मर्सिया पढ़ा। यहां मौलाना डा.शहवार हुसैन ने मजलिस को खिताब किया। यहां से जुलूस नौबतखाना, सट्टी और हक्कानी से होते हुए इमामबाड़ा सज्जादियां पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान सभी इमामबाड़ो के काले अलम उतार दिए गए। शहर की मातमी अंजुमन असगरी, बनी हाशिम, रजा-ए-हुसैनी, गुलजारे हैदरी, सज्जादिया, मोहम्मदी, हुसैनी, सादात, इमामिया, अकबरी, हाशमी और मासूमिया ने मातम और नौहा ख्वानी की। जुलूस का संचालन अंजुमने रजाकाराने हुसैनी ने किया। काईद गुलाम सज्जाद और जनरल सेक्रेटरी खुर्शीद हैदर जैदी के अलावा इंमदाद आबिदी, डा.चंदन नकवी, हुसैन हैदर, शाने मेहदी, मोहम्मद गालिब, बाहर हैदर, मोहम्मद तकी खां, कमर रजा सलीम, शाने मुज्तबा, सैय्यद मुज्तबा, दायम रजा, जाफर रजा ने निगरानी की।

### मुहर्रम का आखिरी जुलूस बरामद

**सैदनगली**। नगर मे 8 रबीउल अव्वल सोमवार को मुहर्रम का आखरी जुलूस चुपताजिया यानी जुलूसे अमारी बरामद हुआ। सर्वप्रथम इमामबारगाह दादे हिमायत अली मे मजलिस हुई जिसमे मर्सियाखुवानी मास्टर नईमुल हसन और हमनवा ने की। जबकि मजलिस को सफी मुक्तदा ने खिताब करते हुए कहा कि रसूल की औलाद का काफला कर्बला, कूफा व शाम की दर्दनाक मुसीबतें उठाने के बाद अपने वतन मदीना पुहंचा और सबसे पहले रसूल के रौजे पर जाकर हाजिरी दी। मजलिस के बाद मुहम्मद अब्बास के मकान से जुलूसे अमारी बरामद हुआ जिसमे ऊंटों पर अमारियाँ ,जुलजनाह, अलम शामिल थे। जुलूस तयशुदा रास्तों से होता हुआ अपने मकाम पर जाकर खत्म हुआ। जुलूस के दौरान बिहार से तशरीफ लाए मौलाना वफा हैदर ने तकरीर की, सवारी अरीब हैदर, सफदर अली, मिसाल अब्बास आदि ने पढ़ी और नोहे मुहम्मद अब्बास, मुहम्मद हैदर आदि ने पढ़े।

## अलविदा हुसैन की सदाओं के साथ उतारे अलम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। अलविदा हुसैन-अलविदा हुसैन की सदाओं के बीच शिया समुदाय में जारी शोक खत्म हो गया। काला तजिए का जुलूस निकलने के साथ ही इमामबाड़ों से काले अलम उतार दिए गए।

सोमवार को शहीद-ए-कर्बला का आखिरी जुलूस अंजुमन-ए-सोगवारने हुसैनी के संयोजन में बस्ती स्थित इमाम बारगाह दौलत शहीद से दोपहर में बरामद हुआ। यहां सबसे पहले मजलिस को खिताब करते हुए दिल्ली से आए मौलाना सज्जाद रब्बानी ने कर्बला में इमाम हुसैन व उनके कुनबे की कुर्बानियों पर रौशनी डालते हुए सच्चाई के रास्ते पर चलने की हिदायत दी। मजलिस के बाद काला ताजिया बरामद किया गया। जिसमें पीछे-पीछे चल रहे अकादार जार-ओ-कतार रोते हुए सीनाजनी करते हुए चल रहे थे। जुलूस मजहर-ए-कर्बला, फातिमा इंटर कॉलेज, हुसैनी चौक, कोतवाली नौगावां सादात होता हुआ शिया जामा मस्जिद पहुंचा। जहां इमाम-ए-जुमा मौलाना मसरुर अब्बास ने अपनी तकरीर में वाक्या कर्बला बयान किया। तयशुदा रास्तों से गुजरते हुए जुलूस देर शाम इमाम बारगाह दौलत शहीद पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान हैदर रजा, अली इमाम, अतहर अब्बास, हसन हैदर, मीसम अब्बास आदि मौजूद रहे।

# 25 हजार 344 अभ्यर्थी देंगे पीईटी परीक्षा

## जिले में 6 व 7 सितम्बर को आयोजित होगी परीक्षा, डीएम ने ली तैयारियों संबंधी बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि पीईटी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करायी जायेगी। परीक्षा के लिए 14 केन्द्रों का निर्धारण किया गया है जिन पर 25 हजार 344 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

6 व 7 सितम्बर को जिले में 14 केन्द्रों पर पीईटी परीक्षा सम्पन्न करायी जायेगी। जिसके लिए 14 केन्द्र बनाये गये हैं। जिले में 25 हजार 344 अभ्यर्थी शामिल होंगे। पहली पाली में 6 हजार 336 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। आज कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने सैक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक व संबंधित अधिकारियों की बैठक ली तथा निर्देश दिये कि परीक्षा का दायित्व निष्पक्ष रूप से निभायें। संवे. दनशीलता, सुचिता एवं पारदर्शिता बरती जाये। शांति व्यवस्था भंग न होने पाये। परीक्षा के दिन बड़ी संख्या में परीक्षार्थी जिले में प्रवेश करेंगे, उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। महिला अभ्यर्थियों के लिए विशेष प्रबंध किये जायें। सैक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करें। सीसीटीवी, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई, पेयजल आदि का उचित प्रबंध करें। एएसपी अखिलेश भदौरिया ने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध करेगी। परीक्षा दो पालियों में 10 से 12 व दोपहर 3 से 5 बजे तक सम्पन्न करायी जायेगी। इस मौके पर वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक राव गौतम, पीडी डीआरडीए अमरीश कुमार आदि मौजूद रहे।

### इन केन्द्रों पर होगी परीक्षा

**अमरोहा**। पीईटी परीक्षा के लिए जिले में 14 केन्द्र बनाये गये हैं। जिनमें एएसएम माडन एकेडमी खाता, एकेके इंटर कालेज, भगवत सरन इंटर कालेज, दिल्ली पब्लिक स्कूल अतरासी, जीजीआईसी, जीआईसी, हिल्टन कान्वेंट, आई एम इंटर कालेज, जेएस हिन्दू इंटर कालेज, जेएस डिग्री कालेज, कुंदन माडल इंटर कालेज, एलएसए, सिख इंटर कालेज नारंगपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।




■ अमरोहा। कलेक्ट्रेट में पीईटी परीक्षा की तैयारियों संबंधी बैठक लेतीं डीएम निधि गुप्ता।

## पूरी ताकत से लड़ेंगे पंचायत चुनाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार एडवोकेट ने कहा कि पार्टी जिला पंचायत का चुनाव पूरी ताकत से लड़ेगी। आज हर वर्ग का रूझान पार्टी की तरफ है। प्रेस को जारी नोट में जिलाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि जो भी कार्यकर्ता जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ना चाहता है वह अपने वार्ड में दो-दो हजार सदस्य बनाये। उन्होंने कहा कि हर समाज का रूझान अब आजाद समाज पार्टी की तरफ है। पंचायत चुनाव पूरी ताकत से लड़ा जायेगा।

# जुलूस में अड़ंगा न डाले प्रशासन: महबूब

## अनुमति न दिए जाने पर जताई नाराजगी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने जुलूसे मौहम्मदी की अभी तक प्रशासन द्वारा अनुमति न दिये जाने पर नाराजगी व्यक्त की।

आज आजाद रोड स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि उन्हें कुछ समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली है कि पिछले 65 सालों से निकलने वाले जुलूसे मौहम्मदी पर इस बार प्रशासन ने रोक लगा दी है। अमरोहा अमन, चैन, शांति व भाईचारे का पैगाम देने वाला शहर है। मुस्लिम कमेटी के नेतृत्व में जुलूसे मौहम्मदी निकाला जाता है। उन्होंने प्रशासन से जुलूसे मौहम्मद निकालने की अनुमति तत्काल देने की मांग की। जुलूस की अनुमति के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को मुस्लिम कमेटी द्वार तमाम प्रपत्र मुहैया करा दिये गये हैं। उन्होने कहा कि जुलूसे मौहम्मदी शांतिपूर्ण तरीके से हर हाल में निक. ला जायेगा। इसमें प्रशासन को किसी तरह का अड़ंगा नहीं डालना चाहिए।

# क्राप सर्वे में न लगाई जाए पंचायत सहायकों की ड्यूटी

## कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पंचायत सहायकों ने कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंप क्राप सर्वे से ड्यूटी हटाए जाने व उच्च गुणवत्ता के मोबाइल फोन उपलब्ध कराये जाने की मांग की।

सोमवार को पंचायत सहायक कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होने कहा कि उनकी ड्यूटी क्राप सर्वे से हटायी जाये। लोकेशन बीस मीटर से बढ़ाकर 150 मीटर की जाये। उच्च गुणवत्ता के मोबाइल फोन उपलब्ध कराये जायें ताकि उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत न हो। यदि खेतों में सर्वे कराया जाता है तो दुर्घटना होने पर कम से कम दस लाख रूपये की आर्थिक सहायता दी जाये। यदि उनसे दूसरे विभागों का कार्य लिया जाता है तो सहयोग के तौर पर सचिवालय में रहकर कराया जाये न कि खेतों में घुमाकर। उन्होंने कहा कि पंचायत से जुड़े 29 विभागों की सूचनाओं के कारण वह काफी व्यस्त रहते हैं इसलिए उन पर काम का बोझ कम डाला जाये। ज्ञापन सौंपने वालों में शाहरूख चौधरी, जिलाध्यक्ष कृपाल सिंह, अजय कुमार, सुरेन्द्र सिंह, राजबाला, प्रियंका, रोहित चौधरी आदि मौजूद रहे।

# पहली शादी छिपाकर की दूसरी शादी

## विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। विवाहिता ने पति पर पहली शादी छिपाकर दूसरी शादी करने का आरोप लगाया है। विवाहिता ने जब इसका विरोध किया तो उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। मामले में पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाले एक व्यक्ति की बेटी के पति की आठ महीना पहले मृत्यु हो गई थी। करीब दो महीना पहले परिजनों ने उसकी शादी पास के ही एक गांव निवासी युवक के साथ कर दी थी। आरोप है कि महिला की जिस युवक के साथ दूसरी शादी की गई है वह पहले से शादीशुदा था। उसके पांच बच्चे भी हैं।लेकिन उसने अपनी पहली शादी का जिक्र नहीं किया। ससुराल जाने के बाद विवाहिता को जब इसकी जानकारी हुई कि उसका पति पहले से शाद. ीशुदा है तो उसने विरोध करना शुरू कर दिया। जिसे लेकर घर में विवाद रहने लगा। आरोप है कि पति व देवर उसके साथ मारपीट करने लगे। रविवार शाम पति व देवर ने मारपीट कर विवाहिता को घर से निकाल दिया। पीड़िता ने मायके जाकर परिजनों को जानकारी दी। बाद में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कोतवाली में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कही।

# बुलैरो सवार युवकों ने की फायरिंग, दहशत

## किसान ने रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बोलेरो सवार युवकों ने गांव में जमकर हंगामा काटा। विरोध करने पर किसान के घर पर चढ़ाई कर दी। दरवाजा तोड़ते हुए पथराव किया। आरोप है कि फायरिंग कर दहशत फैला दी। गांव में जाग होने पर हमलवार जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। 31 अगस्त की रात की घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव जग्गा नंगला की है। यहां पर रहने वाले किसान सीटू पंवार ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि रात में करीब डेढ़ बजे जब वह शोर सुनकर घर से बाहर निकले तो बाहर खड़े कुछ युवक हंगामा कर रहे थे। आरोप है कि सभी नशे में धुत थे। सीटू पंवार ने जब इसका विरोध किया तो युवकों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। घर पर चढ़ाई करने के इरादे से दरवाजा तोड़ दिया, पत्थरबाजी करने लगे। शोर सुनकर गांव में जाग हो गई, लोग घरों से बाहर निकल आए। उसी दौरान एक युवक ने तमंचा निकालकर सीटू पंवार पर फायर झोंक दिया। गनीमत रही कि गोली शरीर से सटकर गुजर गई। आरोप है कि युवकों ने फोन कर अपने साथियों को भी बुला लिया तथा बाद में बोलेरो में सवार होकर हूटर बजाते हुए भाग गए। पीड़ित ने छह नामजद आरोपियों के अलावा अज्ञात के खिलाफ तहरीर दे दी है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मुकदमा दर्ज कर जल्दी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### गतिरोध खत्म, काम पर लौटे अधिवक्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। एक सप्ताह से अधिक समय से चली आ रही बार एसोसिएशन की हड़ताल आखिरकार सोमवार को समाप्त हो गई। अधिवक्ताओं की मांगों और नाराजगी को लेकर चल रहे गतिरोध का समाधान उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव के साथ हुई सकारात्मक वार्ता से निकल सका। वार्ता में सभी बिंदुओं पर चर्चा करते हुए एसडीएम ने अधिवक्ताओं को ठोस और स्पष्ट आश्वासन दिया, जिसके बाद अधिवक्ताओं ने अपनी सांकेतिक हड़ताल खत्म करने का फैसला लिया और न्यायिक कार्यों में लौट आए।

# 50 लाख रुपये नौ प्रतिशत ब्याज से अदा करें

## उपभोक्ता फोरम का बीमा कम्पनी को आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बीमा कंपनी ने क्लेम का भुगतान करने से इनकार कर दिया। सुनवाई के दौरान न्यायालय स्थाई लोक अदालत में बीमा कंपनी को क्लेम के 50 लाख रुपये नौ प्रतिशत ब्याज समेत अदा करने का आदेश दिया है। इतना ही नहीं शारी. रिक, मानसिक क्षतिपूर्ति के अलावा वाद व्यय के खर्च के रूप में एक लाख रुपये अलग से देने होंगे। धनराशि का भुगतान करने के लिए बीमा कंपनी को दो महीने की मो. हलत दी है।

गजरौला थाना क्षेत्र के गांव फौंदापुर निवासी किसान श्योराज सिंह ने अपनी पत्नी अंजू चौहान के नाम से जीवन बीमा के तहत 50 लाख की पॉलिसी ली थी। श्योराज सिंह खुद इस पॉलिसी में नॉमिनी बने थे। पॉलिसी 28 फरवरी 2022 को जारी की गई, जिसका प्रीमियम अंजू चौहान के खाते से जमा होता था। अप्रैल 2022 को अचानक अंजू चौहान की तबियत बिगड़ गई। मेरठ के एक ट्रामा सेंटर में उनका इलाज चला लेकिन आखिर में अंजू चौहान को बचाया नहीं जा सका। पत्नी की मृत्यु के बाद श्योराज सिंह ने क्लेम के लिए बीमा कंपनी में आवेदन किया। जरूरी सभी दस्तावेज उन्होंने वेबसाइट पर अपलोड करा दिए गए।औपचारिकताएं पूरी होने के बाद कंपनी ने 26 जुलाई 2021 को आरटीजीएस के माध्यम से 4763 रुपये 25 पैसे श्योराज सिंह के खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद श्योराज सिंह ने बाकी 49.95 लाख रुपये के लिए बीमा कंपनी से संपर्क किया तो उन्होंने भुगतान करने से मना कर दिया। बाद में श्योराज सिंह ने बीमा कंपनी के अधिकारियों से बात की तो उन्होंने भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उत्पीड़न से तंग होकर शिव. राज सिंह ने स्थाई लोक अदालत की शरण ली थी। अध्यक्ष ओमवीर सिंह, सदस्य मोहम्मद मतीन और सिराज अहमद ने सुनवाई के दौरान बीमा कंपनी की ओर से रखे गए तर्क खारिज कर दिए। क्लेम की धनराशि 49,55,236 रुपये का भुगतान याचिका दायर करने की तिथि से नौ प्रतिशत ब्याज समेत देने का आदेश दिया।

# कार की टक्कर से टैम्पो सवार मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र में गजरौला मार्ग पर मनौटा गांव के नजदीक सवारी भरकर गजरौला जा रहे टेंपो को सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने जोरदार साइड मार दी। जिसमें जनपद संभल के थाना नखासा निवासी 35 वर्षीय कमल सैनी पुत्र कंछिद गंभीर रूप से घायल हो गया। वही टेंपो भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों द्वारा उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान 35 वर्षीय कमल सिंह की मौत हो गई। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव जब गांव पहुंचा तो परिवार के लोगों में चीख पुकार मच गई। परिजनों ने बताया कि मृतक मजदूरी करने के लिए जा रहा था। वह अपने पीछे पत्नी बबीता समेत तीन मासूम बेटियों राधिका मनी और श्री को रोते बिलखते छोड़ गया है। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

# नंद के घर आनन्द भयो, जय कन्हैया लाल की...

## धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। आनंद धाम आश्रम में स्वामी हीरानंद महाराज की पुण्यतिथि पर चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस का आयोजन सोमवार को भक्तिमय माहौल में हुआ। कथा वाचक सौरभ कौशिक महाराज ने भक्त ध्रुव की तपस्या और भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया।

कथा के दौरान जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की'' के जयकारों से गूंज उठा। ढोल-नगाड़ों और शंख-घंटी की ध्वनि ने वातावरण को और अधिक पावन बना दिया। भक्तों ने झूमते हुए भक्ति गीत गाए और बाल गोपाल के झूले को सजाकर बड़े हर्षोल्लास से झुलाया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने स्वामी हीरा नंद महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनका जीवन समाज को धर्म और आध्यात्मिकता की ओर प्रेरित करने वाला रहा है। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे जिनमें



अनूप अग्रवाल, राखी, सिम्मी, सुधा शर्मा, राकेश अग्रवाल, सुमन, सर्वेश, कमलेश, पुष्पेंद्र, संजीव, दीपक शर्मा, संतोष, आशु, सोनू, अशोक, के.पी. यादव, बिनोद, हरिओम, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, रजनी अग्रवाल, विजय अग्रवाल प्रमुख रहे। भक्ति और उल्लास से ओतप्रोत यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय बन गया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### उ.मुबंई में होगा सांसद खेल महोत्सव

**मुम्बई, वार्ता।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयुष गोयल ने हॉकी, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, फुटबॉल, जेवलिन, शूटिंग, तीरंदाजी खेलों से खिलाड़ियों को जोड़ने के लिए कांदिवली पश्चिम स्थित एमसीए क्लब में सोमवार को उत्तर मुंबई में सांसद खेल महोत्सव की घोषणा की। गोयल ने मुम्बई स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सांसद खेल महोत्सव की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव 21 सितंबर से 25 दिसंबर के बीच व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम खेल को हर घर तक पहुंचाने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य लगभग एक लाख खिलाड़ियों को जोड़ने और भारत में खेले जाने वाले सभी खेलों जैसे हॉकी, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, फुटबॉल, जेवलिन, शूटिंग, तीरंदाजी आदि को प्रोत्साहन देने का है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही हम हमारे खिलाड़ियों को अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं जिससे वो देश के साथ-साथ विश्व में भारत का नाम रोशन कर सकें।

### एस20 की नीलामी में एंडरसन और शाकिब उपलब्ध

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन, बांग्लादेश के शाकिब अल हसन नौ सितंबर को होने वाले एसए 20 2026 की नीलामी के लिए उपलब्ध 541 खिलाड़ियों में शामिल हैं। नीलामी के लिए एंडरसन सहित इंग्लैंड के कुल 97 खिलाड़ी उपलब्ध हैं जिसमें मोईन अली, एलेक्स हेल्स और एसए20 2025 फाइनल के प्लेयर ऑफ़ द मैच टॉम एबेल शामिल हैं। एंडरसरन ने टी-20 ब्लास्ट में लैंकशायर के लिए खेलते हुए टी-20 क्रिकेट में 11 वर्षों बाद वापसी की थी, वहीं उन्होंने द हंड्रेड में मैनचेस्टर ऑरिजिनल्स के लिए आठ में से तीन मैच खेले। ऑलराउंडर शाकिब अल हसन और तेज गेंदबाज मुस्तफिज़ुर रहमान नीलामी के लिए उपलब्ध बांग्लादेश के 14 खिलाड़ियों में शामिल हैं। डी' आर्की शॉर्ट और पीटर हत्योग्लू नीलामी सूची में शामिल केवल दो ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं क्योंकि बीबीएल और एसस20 एक साथ होने वाले हैं। नीलामी में 28 वेस्टइंडीज़ और 24 श्रीलंकाई खिलाड़ी हैं, जबकि दीपेंद्र सिंह ऐरी नीलामी सूची में शामिल एकमात्र नेपाली खिलाड़ी हैं। एडन मारक्रम, जिन्होंने सनराइजर्स ईस्टर्न केप द्वारा रिटेन न किए जाने का फैसला किया, सूची में दक्षिण अफीका के 300 खिलाड़ियों में प्रमुख हैं, उनके साथ टी-20 विश्व कप 2024 के उपविजेता खिलाड़ी अनरिख नॉर्खिए, क्विंटन डी कॉक, केशव महाराज, तबरेज शम्सी और गेराल्ड कोएत्जी भी शामिल हैं।



# महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए पुरस्कार राशि में चार गुना वृद्धि

**वर्ष 2022 में पुरस्कार राशि 35 लाख अमेरिकी डॉलर थी, जिसे बढ़ाकर 138.8 कर दी**

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारत में 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले आगामी महिला एकदिवसीय विश्वकप के लिए पुरस्कार राशि में चार गुना से अधिक की वृद्धि की है।

आईसीसी द्वारा आज की गई घोषणा के अनुसार, न्यूजीलैंड में 2022 में खेले गए इस टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में कुल पुरस्कार राशि 35 लाख अमे. रिकी डॉलर (लगभग 30-80 करोड़ रुपये) थी। जिसे इस बार बढ़ाकर कुल 138.8 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 117.74 करोड़ रुपये) कर दिया है। यह राशि 2023 में होने वाले पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए निर्धारित पुरस्कार राशि एक करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 88 करोड़ रुपये) से भी अधिक है। आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि यह घोषणा महिला क्रिकेट के सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पुरस्कार राशि में यह चार गुना वृद्धि महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और इसके दीर्घकालिक विकास के प्रति हमारी स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा संदेश सरल है, महिला क्रिकेटरों को यह पता होना चाहिए कि अगर वे इस खेल को पेशेवर रूप से चुनेंगी तो उनके साथ पुरुषों के समान व्यवहार किया जाएगा। आईसीसी ने टूर्नामेंट के प्रत्येक चरण के लिए पुरस्कार राशि में भी वृद्धि की है। विश्वकप विज. ेता को अब 44.8 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 39.42 करोड़ रुपये) मिलेंगे। यह 2022 में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को मिली 13-2 लाख अमेरिकी डॉलर (11-62 करोड़ रुपये) की राशि से दोगुना से अधिक है। उपविजेता टीम को 22.4 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 19. 71 करोड़ रुपये) मिलेंगे। हारने वाले दोनों सेमीफाइनलिस्टों को 11-2 लाख अमेरिकी डॉलर (9.86 करोड़ रुपये) मिलेंगे। ग्रुप-स्टेज में प्रत्येक जीत के लिए विजेताओं को 34,314 अमेरिकी डॉलर (30-2 लाख रुपये) मिलेंगे।

# जेमी ने टेस्ट क्रिकेट से लिया ब्रेक



**● कहा: मैं खुद को बेहद भाग्यशाली मानता हूं कि मैंने इंग्लैंड के लिए दो टेस्ट मैचों सहित 99 प्रथम श्रेणी मैच खेले है**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ऑराउंडर जेमी ओवरटन ने सोमवार को शारीरिक क्षमता का हवाला देते हुए टेस्ट क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने की घोषणा की। जेमी ओवरटन ने आज सोशल मीडिया मंच पर अपनी पोस्ट में लिखा कि काफी सोच-विचार के बाद, मैंने लाल गेंद वाले क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने का फैसला किया है।

मैं खुद को बेहद भाग्यशाली मानता हूं कि मैंने इंग्लैंड के लिए दो टेस्ट मैचों सहित 99 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। उन्होंने कहा कि लाल गेंद वाले प्रथम श्रेणी क्रिकेट ने मेरे पेशेवर करियर की नींव रखी है और अब तक मुझे खेल में मिले हर अवसर का प्रवेश द्वार रहा है। यहीं से मैंने खेल सीखा और इसने मेरे लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं को बल दिया जो मुझे इतने लंबे समय तक प्रेरित करती रहीं। हालांकि, मेरे करियर के इस पड़ाव पर, 12 महीने के कैलेंडर में क्रिकेट की मांगों के साथ, अब हर स्तर पर सभी प्रारूपों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना, शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से, संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आगे मेरा ध्यान सफेद गेंद वाले क्रिकेट पर रहेगा और मैं उच्चतम स्तर पर खेलने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास जारी रखूंगा। 2022 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले ओवरटन ने अब तक केवल दो टेस्ट मैच खेले हैं, उनका आखिरी मैच हाल ही में समाप्त हुई घरेलू श्रृंखला में भारत के खिलाफ ओवल में था। इस ऑलराउंडर ने टेस्ट की दो पारियों में केवल दो विकेट लिए और नौ रन बनाए।

2012 में सरे के साथ शुरू हुआ उनका प्रथम श्रेणी करियर थोड़ा ज़्यादा शानदार रहा है, जहां 31 वर्षीय ओवरटन ने 21-51 की औसत से 2410 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और 13 अर्द्धशतक शामिल हैं। गेंदबाजी में, उन्होंने 99 मैचों में 31-66 की औसत से 239 विकेट लिए हैं।

# चंद्रशेखर-प्रशांत की भारतीय जोड़ी ने किया बड़ा उलटफेर

**● चंद्रशेखर और विजय की भारतीय जोड़ी ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सेमीफाइनलिस्ट जोड़ी को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** भारत के अनिरुद्ध चंद्रशेखर और विजय सुंदर प्रशांत ने यूएस ओपन 2025 टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल वर्ग के पहले दौर में आठवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी की इवान किंग और क्रिश्चियन हैरिसन की जोड़ी को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

मुकाबले में अनिरुद्ध चंद्रशेखर और विजय सुंदर प्रशांत की भारतीय जोड़ी ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इस साल के फ्रेंच ओपन की सेमीफाइनलिस्ट जोड़ी को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। आठवें गेम में अपनी सर्विस गंवाने के बाद भारतीय जोड़ी ने पहला सेट गंवा दिया, लेकिन दूसरे गेम के छठे गेम में अमेरिकी जोड़ी की सर्विस तोड़कर वापसी की और निर्णायक सेट तक का सफर तय किया। अनिरुद्ध चंद्रशेखर और विजय सुंदर प्रशांत की जोड़ी ने तीसरे सेट में भी अपनी लय बरकरार रखी और शुरुआती गेम में इवान किंग और क्रिश्चियन हैरिसन की सर्विस तोड़कर मैच के बाकी समय तक अपनी सर्विस बचाए रखी। अंतिम क्षणों में वैकल्पिक खिलाड़ी के रूप में ड्रॉ में प्रवेश करने वाली भारतीय जोड़ी दूसरे दौर में ब्राजील के फर्नांडो रोम्बोली और ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ की जोड़ी के साथ मुकाबला करेगी। हालांकि, पुरुष युगल ड्रॉ में भारत की ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली और एन-श्रीराम बालाजी की जोड़ी अपने पहले दौर के मैच से आगे नहीं बढ़ पाई। भारतीय जोड़ी बार्ट स्टीवंस और वासिल किरकोव की डच-अमेरिकी जोड़ी के खिलाफ 3-6, 7(10)-6(8), 6-4 से हार गई और साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम से बाहर हो गई।

# सबालेंक, नोवाक व अल्काराज क्वार्टरफाइनल में

**● एकल वर्ग के मुकाबले में सबालेंका ने स्पेन की किस्ट्रीना बुक्सा को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया**



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका, सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जो. कोविच और स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्काराज ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में एकल वर्ग के मुकाबले में सबालेंका ने स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अपने शुरुआती तीन राउंड में कड़ी परीक्षा दे चुकी गत चैंपियन को फ्लशिंग मीडोज में विश्व की 95वें नंबर की खिलाड़ी को हराने और लगातार पांचवीं बार अंतिम-आठ में जगह बनाने में केवल 73 मिनट लगे। सबालेंका का अगले दौर में मुकाबला कजाकिस्तान की एलिना रिबाकिना और चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रा. सोवा के बीच होने वाले मैच के विज. ेता से होगा। आर्थर ऐश स्टेडियम में रविवार रात नोवाक जोकोविच ने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को हराकर एक ही सीजन में चारों ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज़ खिलाड़ी बनकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। वहीं अल्काराज ने ओपन युग में 13 ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने की उपलब्धि हासिल की। एक घंटे 49 मिनट तक चले मुकाबले 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मन क्वालीफायर जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-3, 6-2 से हराकर अपने करियर के 14वें यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच का अगला मुक. ाबला अमेरिकी नंबर 4 सीड टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने इससे पहले चेक गणराज्य के टॉमस मचाक को सीधे सेटों में हराया था। मैच के बाद साक्षात्कार में जोकोविच ने कहा कि अगर आप अच्छी सर्विस करते हैं तो यह निश्चित रूप से मददगार होता है। मुझे लगता है कि पिछले राउंड में और आज भी मेरी सर्विस बहुत अच्छी रही। शायद मुझे उतनी मेहनत करने की ज़रूरत नहीं है।

अपने करियर के ज़्यादातर समय मैं बेसलाइन से दौड़ता, फिसलता और घिसटता रहा हूं। लेकिन जब सही समय आता है, तो मैं आक्रामक होने का प्रयास करता हूं। रात भी ऐसा ही हुआ। इस जीत के साथ जोकोविच ने रोजर फेडरर और आंद्रे अगासी को भी पीछे छोड़ दिया, जो दोनों 13-13 यूएस ओपन क्वार्टर फ़ाइनल में पहुंचे थे, और अब वह 14-14 के साथ अकेले खड़े हैं। ओपन एरा रिकॉर्ड बुक में अब वह केवल कॉनर्स से पीछे हैं, जो 17 क्वार्टर फाइनल तक पहुंच चुके हैं।



# आकर्शी कश्यप को मिला एनटीपीसी कोरबा का समर्थन

**रायपुर, वार्ता।** भारत की उभरती हुई बैडमिंटन स्टार आकर्शी कश्यप को एनटीपीसी कोरबा ने अपनी सीएसआर पहल के तहत समर्थन दिया है। आकर्शी ने लागोस इंटरनेशनल क्लासिक्स 2025 में रजत पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। आकर्शी ने अपनी खुशी व्यद्र करते हुए कहा कि यह उपलब्धि एनटीपीसी कोरबा और मेरे शुभचिंतकों के निरंतर समर्थन के बिना संभव नहीं थी। यहां का अनुभव मुझे और कड़ी मेहनत करने और बड़ी सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित करता है। आकर्शी की अगली चुनौती वियतनाम इंटरनेशनल सीरीज़ है जो नौ से 14 सितंबर 2025 तक खेली जाएगी।

# सोनी बेकर द. अफ्रीका के खिलाफ करेंगे अंतर्राष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट में पदार्पण

**● सोनी बेकर ने मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के लिए 145 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हुए सात मैचों में 9 विकेट हासिल किए**



**हेडिंग्ले, वार्ता।** हैम्पशायर के तेज गेंदबाज सोनी बेकर मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के साथ इंग्लैंड की एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करेंगे। 22 वर्षीय बेकर ने अब तक केवल 11 लिस्ट ए मैच खेले हैं, लेकिन हंड्रेड के दौरान उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। उन्होंने मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के लिए 145 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हुए सात मैचों में नौ विकेट लिए। उन्होंने सर्दियों में लायंस के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन किया और इस साल की शुरुआत में उन्हें इंग्लैंड का अनुबंध मिला। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अपना पहला एकदिवसीय मैच खेल रहे जोफ्रा आर्चर और ब्रायडन कार्स इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण में उनके साथ शामिल होंगे। हैरी ब्रुक दूसरी श्रृंखला में एकादश की कप्तानी कर रहे हैं, जबकि जेमी स्मिथ और बेन डकेट अपनी सलामी जोड़ी बनाये रखा गया है। पहले एकदिवसीय मैच के लिए इंग्लैंड की एकादश इस प्रकार है:- जेमी स्मिथ, बेन डकेट, जो रूट, हैरी ब्रुक (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), जैकब बेथेल, विल जैक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद और सन्नी बेकर।

# टेनिस प्रीमियर लीग का ऐतिहासिक सातवां सीजन अहमदाबाद में

**मुंबई, वार्ता।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के तत्वावधान में आयोजित होने वाली टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) का सातवां सीजन नौ से 14 दिसंबर तक अहमदाबाद के गुजरात विश्व. विद्यालय टेनिस स्टेडियम आयोजित होगा। महाराष्ट्र के बाहर पहली बार आयोजित होने वाले टीपीएल के सातवें सीजन में लिएंडर पेस, सानिया मिर्जा, महेश भूपति, रकुल प्रीत सिंह और सोनाली बेंद्रे जैसे दिग्गजों द्वारा समर्थित आठ-फ्रैंचाइजी प्रतियोगिता में एटीपी रैंकिंग में 30 से 50 के बीच रैंकिंग वाले अंतर्राष्ट्रीय टेनिस सितारे, दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन रोहन बोपन्ना सहित भारत के शीर्ष खिलाड़ी शामिल होंगे। टीपीएल के सह-संस्थापक, कुणाल ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि हमें टीपीएल को पहली बार गुजरात में लाकर खुशी हो रही है। शहर की ऊर्जा, बुनियादी ढांचा और खेलों के प्रति जुनून इसे एक आदर्श मेजबान बनाते हैं। सातवां सीजन अहमदाबाद के प्रशंसकों के लिए विश्व स्तरीय टेनिस एक्शन प्रदान करते हुए एक विशेष संस्करण होने का वादा करता है। गुजरात टेनिस संघ के सचिव श्रीमल भट्ट ने कहा कि गुजरात के इतिहास में पहली बार, 30 से 50 वर्ष की आयु के शीर्ष एटीपी रैंकिंग वाले खिलाड़ी हमारे राज्य में आ रहे हैं। यह गुजरात में टेनिस के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन होगा।

# दक्षिण कोरिया ने बांग्लादेश को, मलेशिया ने चीनी ताइपे को हराया

**राजगीर, वार्ता।** दक्षिण कोरिया ने सोमवार को बांग्लादेश को हराकर एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वहीं मलेशिया की टीम ने चीनी ताइपे को एकतरफा मुकाबले में 15-0 से रौंदा। बिहार स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हॉकी स्टेडियम, खेले गए क्वार्टर फाइनल के ग्रुप बी में दक्षिण कोरिया ने बांग्लादेश को 5-1 के विशाल अंतर से परा. जित कर सुपर फोर में अपनी जगह पक्की कर ली है।

मैच की शुरुआत से ही दक्षिण कोरियाई टीम ने अपनी आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। टीम के स्टार खिलाड़ी डेन सोन ने शानदार मैदानी गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके दो मिनट बाद ही कोरिया ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में भी दक्षिण कोरिया का दबदबा बना रखा 16वें मिनट में सिंगबू ली ने मैदानी गोल दागकर स्कोर 3-0 कर दिया। इसके बाद 22वें मिनट में सेयोंग ओह ने चौथा गोल दागकर स्कोर 4-0 पहुंचा दिया। इसी दौरान 22वें मिनट में ही शोहानुर शोबुज ने पेनाल्टी कॉर्नर पर बांग्लादेश की टीम के लिए गोल किया। मैच के अंतिम क्षणों में दक्षिण कोरिया ने उन्हें मिले पेनाल्टी स्ट्रोक को अनुभवी खिलाड़ी जिहुन यांग ने गोल दागकर 5-1 के स्कोर के साथ अपनी टीम की जीत पक्की कर दी। वहीं एक अन्य मैच में मलेशिया ने चीनी ताइपे को एकतरफा मुकाबले में 15-0 से हराया।

# वेस्ट दिल्ली लायंस ने जीता डीपीएल का खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता।** नितीश राणा (एक विकेट/79रन) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत वेस्ट दिल्ली लायंस ने सेंट्रल दिल्ली किंग्स को छह विकेट से हराकर दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2025 का खिताब अपने नाम किया।



**● नितीश राणा ने एक विकेट लेकर 79 रनों की पारी भी खेली, वेस्ट दिल्ली लायंस ने सेंटर दिल्ली किंग्स को हराया**

अरुण जेटली स्टेडियम में रविवार रात हुए रोमांचक फाइनल मुकाबले में सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 173 रनों का स्कोर खड़ा किया। युगल सैनी ने 48 गेंदों में 65 रन बनाये। प्रांशु विजयरन ने 25 गेंदों में 50 रनों की पारी खेली। आर्यन राणा (21), सिद्धार्थ जून (10) और जोंटी सिद्धू ने 10 रनों का योगदान दिया। मैच की शुरुआत में ही किंग्स का शीर्ष क्रम दबाव में लड़खड़ा गया और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। एक समय तो वे 78/6 के स्कोर पर लड़खड़ा रहे थे और वेस्ट दिल्ली लायंस पूरी तरह से नियंत्रण में दिख रही थी। जब युगल सैनी और प्रांशु विजयरन क्रीज पर आए तो कहानी नाटकीय रूप से बदल गई। दोनों ने धैर्य, संयम और चतुराई भरे शॉट चयन का परिचय देते हुए सातवें विकेट के लिए 78 रनों की शानदार साझेदारी की। युगल ने 48 गेंदों पर 65 रनों की दृढ़ पारी खेलकर पारी को संभाला, जिसमें लगातार रन बनाने के साथ-साथ समय पर चौके भी शामिल थे। दूसरे छोर पर, प्रांशु ने शानदार आक्रामक खेल दिखाया और सिर्फ़ 24 गेंदों पर नाबाद 50 रनों की शानदार पारी खेली। अंतिम ओवरों में उनके निडर स्ट्रोक्स ने सुनिश्चित किया कि किंग्स न केवल वापसी करें, बल्कि लायंस के शुरुआती दबदबे को कम करते हुए शानदार लय भी बनाए रखें।वेस्ट दिल्ली लायंस के लिए मनन भारद्वाज और शिवांक वशिष्ठ ने दो-दो विकेट लिये। नितीश राणा, शुभम दुबे, मयंक गुसाई ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, सेंट्रल दिल्ली किंग्स के गेंदबाजों सिमरजीत सिंह और अरुण पुंडीर ने लगातार दो विकेट झटके, जिससे पांचवें ओवर में ही 48/3 के स्कोर पर लायंस की स्थिति खराब हो गई। ऐसे संकट के समय कप्तान राणा ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने मयंक गुसाईं के साथ मिलकर 42 रनों की साझेदारी करके टीम को जीत की राह पर बनाए रखा। गुसाईं (11 गेंदों पर 15 रन) तेजस बरोका का शिकार बने, लेकिन तब तक कप्तान ने नियंत्रण हासिल कर लिया था। इसके बाद राणा को ऋतिक शौकीन के रूप में एक आदर्श साथी मिला और दोनों ने सुनिश्चित किया कि आगे कोई झटका न लगे।

# केरल पर्यटन मंत्री आज सीताथोर्ड कायकिंग उत्सव का करेंगे उद्घाटन

**● प्रतियोगिताओं का आयोजन पुरुष-महिला, पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित श्रेणियों में होगा**

**पथनमथिट्टा, वार्ता।** केरल के पर्यटन मंत्री पी ए मोहम्मद रियास मंगलवार को सीताथोड़े में राज्य पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित कोडियेरी बालकृष्णन मेमोरियल सीताथोड कयाकिंग महोत्सव के पहले संस्करण का उद्घाटन करेंगे।

सुबह 9:30 बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता विधायक केयू जनीश कुमार करेंगे जबकि उपाध्यक्ष चित्तयम गोपकुमार कोन्नी में सीताथोड़े अग्निशमन केंद्र के पास कक्कट्टार नदी में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं को हरी झंडी दिखाएंगे। पर्यटन विभाग के अंतर्गत केरल एडवेंचर टूरिज्म प्रमोशन सोसाइटी (केएटीपीएस) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को तकनीकी रूप से केरल कयाकिंग सोसाइटी और कैनोइंग एसोसिएशन का समर्थन प्राप्त है। प्रतियोगिताओं का आयोजन पुरुष, महिला, पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित श्रेणियों में किया जाएगा जो 15 वर्ष से अधिक आयु के कयाकरों के लिए खुली है। कुल 110 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है जिनमें पुरुष एकल में 40, महिला एकल में 14, पुरुष युगल में 34, महिला युगल में आठ और मिश्रित युगल में 14 प्रतिभागी शामिल हैं। इस महोत्सव में केरल के बाहर चार राज्यों से 12 कयाकर तथा यूक्रेन और नेपाल से दो अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागी भी शामिल हो रहे हैं। प्रतिभागियों के लिए लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य है जबकि कयाक, जैकेट और पैडल केएटीपीएस द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।

# भारत की कूटनीतिक जीत

ट्रम्प से जारी टैरिफ वॉर के बीच चीन के तीसरे बड़े तियानजिननगर में हुए एससीओ समिट में पहलगाम आतंकी हमले की निंदा भारत की कूटनीतिक जीत है। भारत की इस जीत में रूस की भूमिका भी काफी अहम रही है। एससीओ समिट में मोदी–पुतिन और जिनपिंग की जुगलबंदी भी अमेरिका के लिए कड़ा संदेश है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओद्ध के शिखर सम्मेलन में भारत ने एक उपलब्धि हासिल कर ली है। एससीओ के साझा घोषणापत्र में आतंकवाद की निंदा की गई और पहलगाम आतंकी घटना की भर्त्सना हुई। यह पीएम मोदी की कूटनीतिक जीत है। चीन जो अभी तक पहलगाम पर चुप्पी साधे था और ऑपरेशन सिंदूर के वक्त खुल कर पाकिस्तान के पक्ष में था, वह भी इस घोषणापत्र से सहमत हो गया। दरअसल भारत को यह उपलब्धि हासिल करवाने में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूरा सहयोग किया। यह निंदा उस मंच से की गई जिसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी मौजूद थे। तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन भी आमंत्रित नेताओं में से थे। इनके अलावा सैन्य परेड में दक्षिण पूर्व एशिया के देशों के राष्ट्रप्रमुख पहुंच रहे हैं। भारत शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके सम्मेलन में हिस्सा लेने चीन गए थे। यह 2001 में बना था, तब चीन और रूस के अलावा कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान और किर्गिस्तान इसके सदस्य देश थे। 2017 में भारत भी इस संगठन में आ गया। उसी वर्ष पाकिस्तान भी अस्ताना के शिखर सम्मेलन में पाकिस्तान भी इसका सदस्य देश बना था। आज इसमें बेला रूस को मिला कर 10 देश हैं। इसका पिछला शिखर सम्मेलन पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में 15 और 16 अक्टूबर को हुआ था। उसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नहीं शरीक हुए थे। तब विदेश मंत्री एस। जयशंकर गए थे। 2024 के इस शिखर सम्मेलन में रूस और चीन से पुतिन तथा शी की बजाय उनके देशों के प्रधानमंत्री पहुंचे थे। इसके विपरीत 2025 में चीन के तियानजिन शहर में हुए एससीओ के 30 और 31 अगस्त के शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री स्वयं गए। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि उन्होंने अमेरिका और उसकी लाबी के देशों से कोई दूरी बना ली हो। भारत आज भी क्वाड से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री के चीन पहुंचने के पूर्व जापान भी गए थे, जो क्वाड का महत्त्वपूर्ण देश है। इस तरह उन्होंने यह संकेत भी दिया कि अमेरिका के प्रति वे कोई कटुता नहीं पाले है। तियानजिन चीन का तीसरा बड़ा शहर है। चीन ने टेक्नोलॉजी में जो तरक्क़ी की है, उसका प्रदर्शन भी किया गया। चीन ने अपनी एआई तकनीक की क्षमताओं का प्रदर्शन भी किया। जो भी उसकी इस तरक्की को देखता है उसकी आँखें फटी की फटी रह जाती हैं। चीन टेक्नोलाजी में अमेरिका से जरा भी पीछे नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी यह भी अच्छी तरह जानते हैं कि चीन भले पड़ोसी हो और आर्थिक रूप से समृद्ध हो किंतु आज भी वह आर्थिकी में अमेरिका के मुकाबले आधा ही है। अमेरिका 30 ट्रिलियन डॉलर पर खड़ा है, जबकि चीन की अर्थव्यवस्था 18 ट्रिलियन डॉलर की है और भारत मात्र 4 ट्रिलियन डॉलर पर टिका है। इसलिए जाहिर है व्यापार के लिए अमेरिका ही अकेला ऐसा देश है, जहां भारत अपना माल बेच सकता है, खपा सकता है, मगर कोई भी देश अपना स्वाभिमान खत्म कर व्यापार नहीं कर सकता।

### सत्ता के हाथ में धर्म को देंगे, तो हानि ही होगी



लोगों से अपील है कि वे धर्म काज से मंत्री–नेताओं को दूर रखें, धर्म की आड़ में राजनीति समाज के लिए नुकसानदायक है, राजनीतिज्ञ जहां घुसते हैं, आग लगाए बिना नहीं रहते, सत्ता के हाथ में धर्म को देंगे, तो हानि ही होगी, धर्म कार्य, समाज कार्य और राजनीति कार्य अलग- अलग हैं। धर्म व्यक्तिगत श्रद्धा का विषय है, कुछ राजनीतिज्ञ इसका इस्तेमाल करते हैं, इससे विकास और रोजगार का विषय दोयम दर्जे का हो जाता है, बोलना आसान है, करना कठिन है, मैं अधिकारी नहीं हूं, लेकिन मुझे अनुभव है कि जिस क्षेत्र में मैं काम करता हूं, वहां मन से सच बोलने की मनाही है।

**–नितिन गडकरी**
**केंद्रीय मंत्री**



# जल प्रलय के सन्देश



तनवीर जाफरी

भारतीय पंजाब के जो जिले इस भीषण जल प्रलय में प्रभावित हुए उनमें गुरदासपुर, पठानकोट, होशियारपुर, कपूरथला, अमृतसर, तरन तारन, फिरोजपुर व फजिल्का के नाम खासतौर पर उल्लेखनीय हैं जबकि लुधियाना और जालंधर में भी बढ़ का प्रभाव देखने को मिला। दर्जनों पुल टूट गए, सैकड़ों पशु बह गए अनेक वाहन तेज बहाव में समा गए। लाखों एकड़ फसल तबाह हो गई, तमाम मकान बह गए या क्षतिग्रस्त हो गए। दर्जनों जगह से हाईवे व मुख्य मार्ग बंद हो गए। और इस प्रलयकारी हालात से जूझने में कई जगह पंजाब का वह किसान स्वयं को असहाय महसूस करता दिखाई दिया जो हमेशा पूरी हिम्मत व हौसले के साथ दूसरों की सेवा सत्कार के लिए तत्पर दिखाई देता है। एक अनुमान के अनुसार राज्य के 500 से अधिक गांव डूबे गए इन गांवों में लगभग 6,600 से अधिक लोग फंसे थे।

भारत के पंजाब राज्य को सबसे उपजाऊ धरती के राज्यों में सर्वोपरि गिना जाता है। इसका मुख्य कारण यही है कि यह राज्य खेती के लिए सबसे जरूरी समझे जाने वाले कारक यानी पानी के लिए सबसे धनी राज्य है। सिंधु नदी की पांच सहायक नदियां सतलुज, ब्यास, रावी, चिनाब और झेलम इसी पंजाब राज्य से होकर बहती हैं। इन पांचों नदियों में केवल व्यास ही एक ऐसी नदी है जो केवल भारत में बहती है शेष सतलुज, रावी, चिनाब और झेलम नदियां भारत से होते हुए पाकिस्तान में भीप्रवाहित होती हैं। यही नदियां जो पंजाब को उपजाऊ भूमि बनाने और यहां की संस्कृति का आधार समझी जाती हैं इन दिनों यही नदियां भारत से लेकर पाकिस्तान तक जल प्रलय का कारण बनी हुई हैं। इन नदियों के उफान पर होने का कारण जम्मू कश्मीर व हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार होने वाली तेज बारिश यहां तक कि अनेक स्थानों पर बादल फटने जैसी घटनाओं को माना जा रहा है।

दरअसल पिछले कुछ दिनों हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर और पंजाब के जलागम क्षेत्रों में असामान्य रूप से भारी बारिश हुई। कई जिले तो ऐसे भी थे जहां केवल एक ही दिन में पूरे एक महीने की बारिश दर्ज की गई। जैसे केवल अमृतसर और गुरदासपुर में 150–200 मिमी से अधिक वर्षा दर्ज हुई। इससे शहरी जलनिकासी प्रणाली पूरी तरह फेल हो गई। दुर्भाग्यवश हमारे देश के अधिकांश राज्यों में बरसाती जल निकासी प्रणाली प्राय: फेल ही रहती है। भ्रष्टाचारयुक्त निर्माण से लेकर सरकारी अम्लों की अकर्मण्यता व गैर जिम्मेदार जनता द्वारा नाले नालियों में अवांछित वस्तुओं की डम्पिंग यहां तक कि मरे जानवर से लेकर रजाई गद्दे बोतलें प्लास्टक पॉलीथिन आदि सब कुछ नालों व नालियों में फेंक देने जैसी गैर जिम्मेदाराना प्रवृति, जल निकासी प्रणाली के फेल होने में सबसे अहम भूमिका निभाती है।

एक ओर तो भारी बारिश व जलभराव उसके बाद भारत के सबसे विशाल भाखड़ा नंगल डैम, पोंग डैम रणजीत सागर डैम व शाहपुर कंडी जैसे डैम्स से अतिरिक्त पानी का छोड़ा जाना भी पंजाब की बड़े हिस्से की तबाही का कारण बन गया। इन डैम्स से पानी छोड़ना भी इसलिए जरूरी हो गया था क्योंकि इनमें इनकी क्षमता से अधिक जलभराव हो गया था। उदाहरण के तौर पर भाखड़ा डैम का जल स्तर 1,671 फीट तक पहुंच गया था तो पोंग डैम का जलस्तर भी अधिकतम से ऊपर चला गया था। इसी के परिणाम स्वरूप राज्य की सतलुज, ब्यास और रावी नदियां उफान पर आ गई थीं। भारत से पानी छोड़ने के कारण ही पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त में भी बाढ़ आई, जहां रावी, सतलुज और चेनाब नदियां प्रभावित हुईं। इस स्थिति के मद्देनजर भारत ने पहले ही मानवीय आधार पर पाकिस्तान को तीन चेतावनियां जारी कर दी थीं।

भारतीय पंजाब के जो जिले इस भीषण जल प्रलय में प्रभावित हुए उनमें गुरदासपुर, पठानकोट, होशियारपुर, कपूरथला, अमृतसर, तरन तारन, फिरोजपुर व फजिल्का के नाम खासतौर पर उल्लेखनीय हैं जबकि लुधियाना और जालंधर में भी बढ़ का प्रभाव देखने को मिला। दर्जनों पुल टूट गए, सैकड़ों पशु बह गए अनेक वाहन तेज बहाव में समा गए। लाखों एकड़ फसल तबाह हो गई, तमाम मकान बह गए या क्षतिग्रस्त हो गए। दर्जनों जगह से हाईवे व मुख्य मार्ग बंद हो गए। और इस प्रलयकारी हालात से जूझने में कई जगह पंजाब का वह किसान स्वयं को असहाय महसूस करता दिखाई दिया जो हमेशा पूरी हिम्मत व हौसले के साथ दूसरों की सेवा सत्कार के लिए तत्पर दिखाई देता है। एक अनुमान के अनुसार राज्य के 500 से अधिक गांव डूबे गए इन गांवों में लगभग 6,600 से अधिक लोग फंसे थे। अमृतसर के रामदास क्षेत्र में रावी नदी का धुसी बांध टूट गया, जिससे 40 गांव डूब गए। इसी तरह गुरदासपुर में लगभग 150, कपूरथला में करीब 115, और अमृतसर में लगभग 100 गांव इस प्रलयकारी बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुए। गोया इस बार की बाढ़ ने कृषि–प्रधान पंजाब की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। इस बाढ़ के चलते सैकड़ों घर, 300 से अधिक स्कूल अनेक सड़कें, पुल और बिजली लाइनें आदि क्षतिग्रस्त हो गईं। अमृतसर में गुरुद्वारा बाबा बुढ़ा साहिब डूब गया। कई जगह रेल यातायात बाधित हुआ अनेक ट्रेन्स कैंसिल कर दी गईं। हाईवे टूटने व क्षतिग्रस्त होने के चलते 1,000 से अधिक सड़कें बंद कर गईं। अकेले वैष्णो देवी में बारिश के चलते हुए भूस्खलन से 30 से अधिक मौतें होने की खबर है।

अभी तक जो अनुमान लगाया जा रहे उसके मुताबिक धान, गन्ना व मक्का की लगभग 1.5 लाख एकड़ फसल पूरी तरह डूब गई। पंजाब में लगभग 3 लाख एकड़ से अधिक भूमि जलमग्न हो गई। इन बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के किसानों को सितंबर–अक्टूबर में होने वाली रबी की फसलों में भी नुकसान की आशंका बनी हुई है। पंजाब में आई बाढ़ से हुआ अरबों रूपए का यह नुकसान खाद्य मुद्रास्फीति को भी प्रभावित करेगा। बाढ़ और बारिश–संबंधी हादसों से भारत व पाकिस्तान में अनेक मौतें भी हुई हैं जबकि अनेक लोग लापता भी हो गए हैं। इसी तरह हजारों पशुओं के बह जाने, मरने,बीमार पड़ने के साथ साथ उनके चारों की भी भारी कमी दर्ज की जा रही है। इन्हीं हालात में बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है। इससे पर्यटन उद्योग भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। आपदा के इस समय में सेना एनडीआरएफ व एसडीआरएफ द्वारा 5,000 से अधिक लोगों की जान बचाई गई व उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इन ऑपरेशन्स में चिनूक हेलीकॉप्टर, चीता हेलीकॉप्टर,नावें और एम्फीबियन वाहन इस्तेमाल किए गए।

पंजाब और खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में होने वाली असाधारण बारिश व बादल फटने जैसी अनेक घटनाओं ने मौसम वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों को हैरत में डाल दिया है। इन हालात के लिए जहां दुर्लभ परिस्थितियों में पूर्वी, दक्षिणी और पश्चिमी मौसम प्रणालियों के एक साथ आने को जिम्मेदार माना जा रहा है वहीं ग्लेशियर का लगातार पिघलते जाना भी बाढ़ को और अधिक भयावह बना रहा है। माना जा रहा है कि यह बाढ़ 1988 की उस भीषण बाढ़ से भी प्रलयकारी है जिसे हजार वर्षों में एक बार आने वाली बाढ़ की संज्ञा दी गई थी। गोया हमें जल प्रलय के इस सन्देश को समझना होगा कि इन हालात के लिए ग्लोबल वार्मिंग के परिणामस्वरूप होने वाला जलवायु परिवर्तन ही सबसे अधिक जिम्मेदार है। और निश्चित रूप से विकास और इसके नाम पर पैदा किए गए ग्लोबल वार्मिंग के यह हालात पूरी तरह मानवजनित हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पुनर्जनन के दौरान अंग की मूल आकृति का निर्माण

वर्ष 2013 में नेचर पत्रिका में मकोतो टेकिओ और उनके साथियों ने बताया था कि नाखूनों की तली में स्टेम कोशिकाएं होती हैं, जो न सिर्फ निरंतर सख्त और किरेटिनयुक्त नाखून बनाने वाली को. शिकाओं में बदलती रहती हैं, बल्कि वे ऐसे संकेत भी भेजती हैं जो उंगली के पुनर्जनन को गति देते हैं।

चाहे सुंदर दिखने के लिए या सफाई और सहूलियत के लिए हम कभी–कभी नाखून काटते हैं, लेकिन थोड़े दिनों बाद ही वे वापस बढ़ जाते हैं। किरेटिन नामक प्रोटीन से बने नाखून हमें क्षति से सुरक्षित रखते हैं। यदि किसी नवजात शिशु की उंगली के ऊपरी पोर वाला हिस्सा (जोड़ के पहले तक की किसी जगह से) कट या टूट जाता है तो उंगली अपनी मूल आकृति में पुनरू बन जाती है।

वर्ष 2013 में नेचर पत्रिका में मकोतो टेकिओ और उनके साथियों ने बताया था कि नाखूनों की तली में स्टेम कोशिकाएं होती हैं, जो न सिर्फ निरंतर सख्त और किरेटिनयुक्त नाखून बनाने वाली कोशिकाओं में बदलती रहती हैं, बल्कि वे ऐसे संकेत भी भेजती हैं जो उंगली के पुनर्जनन को गति देते हैं। गौरतलब है कि स्टेम कोशिकाएं कई प्रकार की कोशिकाओं में तब्दील और विकसित हो सकती हैं। ये कोशिकाएं Wnt संकेत मार्ग को सक्रिय करती हैंय यह प्रक्रिया पुनर्जनन के लिए आवश्यक तंत्रिकाओं को आकर्षित करती है। छिपकली हमारे घरों में एक अनचाहा मेहमान है। हम अक्सर इसे मारने की कोशिश करते हैं, लेकिन अक्सर हाथ केवल इसकी पूंछ ही आती है। भगोड़ी छिपकली अपनी पूंछ छोड़कर भाग निकलती है और उसे फिर से बना लेती है, ठीक नवजात शिशु की घायल उंगली की तरह। इस प्रक्रिया की आणविक जैविकी का सार एलिजाबेथ हचिन्स और उनके साथियों ने 2014 में प्लॉसवन पत्रिका में प्रस्तुत किया था। इस प्रक्रिया को अंजाम देने में 300 से अधिक जीन शामिल होते हैं और इस दौरान घाव को भरने और पूंछ वापस उगाने के लिए कई विकासात्मक और घाव–प्रतिक्रिया पथ सक्रिय होते हैं। हालांकि जंतुओं और वनस्पतियों दोनों में घाव की मरम्मत सम्बंधी शोध पारंपरिक रूप से जीन–नियंत्रित क्रियापथों पर केंद्रित रहा है। लेकिन हालिया शोध विकासात्मक पादप विज्ञान में भौतिक संकेतों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता हैं। भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं शोध संस्थान IISER, पुणे की मेबेल मारिया मैथ्यू और कालिका प्रसाद ने हाल ही में करंट बायोलॉजी में प्रकाशित अपने एक अध्ययन में विकास और पुनर्जनन पर एक कम अध्ययन किए गए लेकिन महत्वपूर्ण कारक पर प्रकाश डाला हैरू कोशिकीय ज्यामिति। शोधकर्ताओं ने अध्ययन में देखा की कि कैसे शंक्वाकार आकृति का मूलाग्र कट जाने के बाद पुनरू अपने आकार में पनप जाता है। उन्होंने पाया कि मौजूदा कोशिकाओं ने अपनी ज्यामिति को बदलकर नई बनी कोशिकाओं की कतार को एक तिरछे, झुके पथ पर संरेखित किया। अंतत: को. शिकाओं की इन तिरछी पंक्तियों ने जड़ की शंक्वाकार आकृति का पुनर्निर्माण किया। तकनीकी शब्दों में, इस प्रक्रिया को आकृति–जनन कहा जाता है। आकृति–जनन वह जैविक प्रक्रिया है जो किसी जीव को उसका आकार और संरचना विकसित करने में मदद करती है। इसमें को. शिकाओं की समन्वित वृद्धि, विभाजन, विभेदन और व्यवस्थापन शामिल होता है जिससे ऊतक, अंग और यहां तक कि एक संपूर्ण जीव का निर्माण होता है। मूलाग्र पुनर्जनन की प्रणाली का अध्ययन सरसों परिवार के एरेबिडोप्सिस थैलिआना Arabidopsis thaliana पौधे पर किया गया था। इसमें यह समझा गया था कि को. शिका ज्यामिति में परिवर्तन आकृति–जनन में कैसे योगदान देते हैं और उसे सुगम बनाते हैं। उन्नत सूक्ष्मदर्शी और उपकरणों की मदद से टीम ने देखा कि जड़ों की सामान्य घनाकार कोशिकाओं की आकृति बदलकर समचतुर्भुज हो गई। फिर यह परिवर्तित कोशिकाएं विकर्ण रेखा पर विभाजित हुईं जिससे त्रिकोणीय प्रिज्म आकृति की कोशिकाएं बनीं। विकर्ण रेखा से विभाजन ने आस–पड़ोस की कोशिकाओं की वृद्धि को एक तिरछे पथ पर मोड़ा, जिन्होंने मिलकर कटा हुआ पतला सिरा फिर से बनाया। गणितीय और भौतिक विश्लेषण करने पर पता चला कि इन बदलावों के पीछे जो वास्तविक बल काम करता है वह है आंतरिक यांत्रिक तनाव। यह एक प्रकार का तनाव है जो कोशिकाओं को आकार बदलने और निर्धारित रूप से विभाजित होने के लिए उकसाता है। आकृति–जनन को समझने में जहां लंबे समय से स्टेम कोशिकाएं और जेनेटिक क्रियापथ अध्ययन का केंद्र रहे हैं, वहां यह अध्ययन एक अनदेखे महत्वपूर्ण पहलू पर प्रकाश डालता हैरू कोशिकाएं तनाव में अपनी आकृति को कैसे ढालती हैं। यह दर्शाता है कि कोशिका की आकृति और ज्यामिति ऊतक पुनर्जनन के दौरान आकृति–जनन में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

**–डॉ. डी बालसुब्रमण्यन**

# गुमनामी बाबा के कमरे से निकला सामान खास क्यों है



विनीत नारायण

उनके कमरे से जो तमाम बर्तन व रसोई का सामान मिला है उनमें से कुछ विदेशों में निर्मित हैं जो उनके लाइफस्टाइल को दर्शाता है। चूंकि वे होम्योपैथी के अच्छे जानकर थे इसलिए इसकी व दूसरी तमाम दवाइयां भी मिली हैं। आप सोच लीजिए कि गुमनामी बाबा नेताजी सुभाष चंद्र बोस नहीं थे तो और कौन थे?

पिछले हफ्ते नेताजी सुभाष चंद्र बोस के विषय में इस कॉलम में जो मैंने लिखा था उस पर बहुत प्रतिक्रियाएं आई हैं। पाठकों को और जानने की उत्सुकता है। इस विषय में यूट्यूब पर तमाम इंटरव्यू व रिपोर्ट्स हैं। वहां आप 'गुमनामी बाबा' या सुभाष चंद्र बोस' टाइप करके उन्हें देख सकते हैं। विशेषकर अनुज धर, चंद्रचूड़ घोष, शक्ति सिंह, डॉ दिनेश सिंह तोमर, आदि के इंटरव्यू व जी टीवी पर एक 'गुमनामी बाबा का बॉक्स नंबर 26' जैसी रिपोर्ट्स देख, सुनकर आप दंग रह जाएंगे।

पिछले लेख में मैंने उनके कमरे से मिली 2760 वस्तुओं में से कुछ का जिक्र किया था। यहां उन सामानों में से कुछ और का विस्तार से वर्णन कर रहा हूं। ए सूची इतनी प्रभावशाली है कि केवल साधना करने वाले संत का सामान नहीं हो सकता। आप सोचने पर मजबूर हो जाएंगे कि 'गुमनामी बाबा' अगर नेताजी सुभाष चंद्र बोस नहीं थे तो और कौन थे? ए सूची जब मैंने देश के एक सबसे बड़े पुलिस अधिकारी रहे सज्जन को पढ़वाई तो वे भी दंग रह गए।

'गुमनामी बाबा' के कमरे में अंग्रेजी, बंगला व संस्कृत साहित्य की 304 पुस्तकें मिली हैं। वहीं 260 आध्यात्मिक पुस्तकें भी मिली हैं। मेडिकल साइंस पर 118, राजनीति व इतिहास पर 57, रहस्य और तंत्रशास्त्र पर 46, रामायण व महाभारत पर 36, सुभाष चन्द्र बोस पर 34, यात्रा वृतांत ग्रन्थ 33 व ज्योतिष और हस्तरेखा विज्ञान पर 12 पुस्तकें मिली हैं। अब जरा अंग्रेजी की पुस्तकों के लेखकों नाम और उनके लिखे ग्रंथों की संख्या देखिए, चार्ल्स डिकेंस (51), अलेक्सांद्र सोल्जेनित्सिन (11), विल ड्यूरांट (11), शेक्सपियर का लिखा सम्पूर्ण साहित्य व 9 नाटक, टी. लोबसांग रम्पा (10), वाल्टर स्कॉट (8), अलेक्जेंडर डुमास (8), एरिक वॉन डेनिकेन (4), पीजी वोडहाउस (3), कुलदीप नैयर (3) आदि पुस्तकें उनके बक्सों और अलमारी से निकली हैं। ऐसे उच्च कोटि के विश्व. विख्यात साहित्य को पढ़ने वाला कोई भजनानंदी साधु नहीं हो सकता। सभी जानते हैं कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक संपन्न व कुलीन परिवार से थे। आईसीएस (वर्तमान में आईएएस) की परीक्षा में, 1920 में उनकी चौथी रैंक आई थी। आजादी की लड़ाई लड़ने के लिए 1921 में उन्होंने इतनी बड़ी नौकरी से इस्तीफा दे दिया था।

उपरोक्त साहित्य के अलावा, उनके कमरे से रीडर्स डाइजेस्ट, अमरीकी पत्रिका टाइम, इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया, ब्लिट्ज, ऑर्गेनाइजर, जुगवाणी, द पायनियर, आज, अमृत प्रभात, अमृत बाजार पत्रिका, आनंद बाजार पत्रिका, दैनिक जागरण, द स्टेट्समैन, टेलीग्राफ, टाइम्स ऑफ इंडिया व अमर उजाला जैसी तमाम प्रतिष्ठित पत्रिकाएं और अखबार भी मिले हैं।

उनके बक्से में से उनके परिवार व निकट के लोगों के 110 चित्र मिले हैं। जिनमें नेताजी के माता–पिता का फ्रेम करा हुआ चित्र, मखमली कपड़े में लिपटा हुआ उनके बक्से में रखा था। शक्ति सिंह के अयोध्या स्थित घर, 'राम भवन' के जिस कमरे में गुमनामी बाबा रहते थे, उसमें दीवार पर मां काली का चित्र टंगा था। जिनकी वे रोज धूप–बत्ती जला कर पूजा करते थे। रोचक बात यह है कि 23 जनवरी को देश भर में जहां भी उनका जन्मदिन मनाया जाता था उसकी खबरों में से सुभाष चंद्र बोस की फोटो निकाल कर संग्रह की गई हैं। इसी बक्से से नेताजी की बचपन से मित्र रहीं और क्रांतिकारी संगठन की नेत्री लीला रॉय, पंडित नेहरू, राजेन्द्र प्रसाद और महात्मा गांधी के चित्र भी मिले हैं।

उनके संगीत संग्रह में महिषासुरमर्दनी स्रोत की रिकॉर्डिंग, रवींद्र संगीत, नजरुल इस्लाम, श्यामा संगीत, केएल सहगल, ज्योतिका रॉय, उस्ताद फैयाज खघन, पं. रवि शंकर का सितार वादन, बिस्मिल्लाह खघं की शहनाई, नेताजी के बचपन से मित्र और मशहूर गायक दिलीप कुमार रॉय के गाए गीत, हेमंत कुमार के गीत, पन्नालाल घोष, लालन फकीर आदि की गायकी के रिकॉर्ड भी मिले हैं। इसके अलावा बॉलीवुड की फिल्म 'सुभाष चंद्र बोस' का पूरा साउंडट्रैक भी मिला है। इंग्लैंड के टाइपराइटर और जर्मनी की बनी दूरबीन, जापानी क्रॉकरी, दो महंगी घड़ियां जिनमें से एक सोने की बनी ओमेगा घड़ी बिल्कुल वैसी है जैसी नेताजी की मां ने उन्हें जन्मदिन पर भेंट की थी, जिसे वो अक्सर पहना करते थे। दूसरी महंगी घड़ी रोलेक्स की है। गोल फ्रेम के 8 चश्में जिसमें से एक का फ्रेम शायद सफेद सोने का है। इन सब सामानों में सबसे भावुक वस्तु है नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पिता जानकी नाथ बोस की एक पुरानी छतरी जो, उनकी यादगार के प्रतीक रूप में गुमनामी बाबा ने सहेज कर रख रखी थी। इस छतरी को नेता जी के भतीजी ललिता बोस ने पहचाना।

उनके कागजों में अयोध्या व काशी के विस्तृत नक्शे, भारत के सड़क मार्गों व फौजी ठिकानों के नक्शे, मध्य एशिया, मध्य पूर्व एशिया व दक्षिण पूर्व एशिया के नक्शे, जिन्हें हाथ से बनाया गया था, भी वहां बरामद हुए हैं। उनके सबसे प्रिय साथी पवित्र मोहन रॉय की संपत्तियों के नक्शे व एक अन्य साथी अतुल कृष्ण गुप्तो की ढाका में छूट गई संपत्ति के नक्शे आदि भी मिले हैं। उनके रहन–सहन के स्तर दर्शाते हुए उनके कमरे से नहाने के 75 साबुन मिले हैं, जो महंगे ब्रांड के हैं, जैसे यार्डले, क्यूटीक्यूरा, पियर्स, पोंड्स, लेवेंडर व डडू आदि। सबको मालूम है कि सुभाष चंद्र बोस 'चेन स्मोकर' थे। वे लगातार सिगरेट पीते थे। उनके सामानों में 'गोल्ड फ्लैक' व 'इंडिया किंग्स', सिगरेट के कई पैकेट, रोल बनाकर सिगरेट बनाने वाले कागज के 15 पैकेट व इन कागजों में भरने वाले तंबाकू के पैकेट और इनको लपेट कर सिगरेट बनाने वाली छोटी सी मशीन, जो इंग्लैंड की बनी हुई है। 3 विदेशी पाइप व तम्बाकू के पैकेट, सिगरेट जलाने वाले लाइटर भी मिले हैं। उनके कमरे में अंग्रेजी व बंगला में हस्त लिखित 1683 पत्र भी मिले हैं। दो भारतीय और एक अमरीकी हस्तलेखन विशेषज्ञों ने यह प्रमाणित किया है कि इन पत्रों पर पाई जाने वाली लिखाई 1935–36 की नेताजी सुभाष चंद्र बोस की लिखाई से पूरी तरह मेल खाती है।

पूजा के सामानों में तीन मुखी व छह मुखी रुद्राक्ष की, स्फटिक व तुलसी की 28 मालाएं मिली हैं। गौमुखी कमण्डल, आचमनी, शिवलिंग, शिवजी व मां काली के चित्र, मैहर की देवी का चित्र, चंदन की लकड़ियां, सिंदूर, आलता, शंख जिसे कान के पास लाने पर वह गूंजता है मिला है। गुमनामी बाबा के कमरे से 13 कमीजें, 4 पैंट, 31 बनियान, 31 चड्डी, 58 धो. तियां, 3 वार्मर, 2 दस्ताने, 2 बरसाती कोट, 30 तौलिए, 1 जैकेट, 2 जोड़ी काले जूते, 1 जोड़ी लाल जूते, चेरी ब्लॉसम की पॉलिश के डिब्बे, जूता चमकाने की क्रीम, खड़ाऊं, बंदर टोपी, 7 गद्दे, राजस्थानी रजाई जिस पर रेशम की कढ़ाई है, चादर व तकिए आदि भी मिले हैं। उनके कमरे से जो तमाम बर्तन व रसोई का सामान मिला है उनमें से कुछ विदेशों में निर्मित हैं जो उनके लाइफस्टाइल को दर्शाता है। चूंकि वे होम्योपैथी के अच्छे जानकर थे इसलिए इसकी व दूसरी तमाम दवाइयां भी मिली हैं। अब आप खुद ही सोच लीजिए कि गुमनामी बाबा अगर नेताजी सुभाष चंद्र बोस नहीं थे तो और कौन थे?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इशारा ट्रम्प की ओर, जिनपिंग बोले: दादागिरी की राजनीति बर्दाशत नहीं

## ट्रम्प का नाम लिए बिना चीन के राष्ट्रपति का एससीओ के मंच से बड़ा हमला

**तियानजिन (चीन)।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शुरुआत में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में धमकी वाले व्यवहार की कड़ी आलोचना की और अधिक निष्पक्षता, न्याय और बहुपक्षीयता की मांग की।

जिनपिंग की ओर से यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब चीन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से भारत समेत कई देशों पर भारी टैरिफ लगाए जाने की कड़ी निंदा की है। फिलहाल अमेरिका और चीन ने टैरिफ पर एक अस्थाई समझौता किया है, जिसमें ट्रम्प ने बीजिंग पर भारी टैरिफ को फिर से 90 दिनों के लिए टाला है, ताकि बातचीत जारी रह सके। हालांकि, पिछले हफ्ते ट्रम्प ने फिर धमकी दी थी कि अगर चीन अमेरिका को दुर्लभ खनिजों (रेअर-अर्थ मिनरल्स) का निर्यात रोकेगा, तो वह 200 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। राष्ट्रपति जिनपिंग ने यह बात 20 से ज्यादा देशों के नेताओं के सामने कही, जिनमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और मध्य एशिया, पश्चिम एशिया, दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के राष्ट्राध्यक्ष शामिल थे।

**जिनपिंग ने ऐसी विश्व व्यवस्था की मांग की जो न्याय व समानता पर आधारित हो और जिसमें सभी को भागीदारी का अधिकार हो**

उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कुछ शक्तिशाली देशों पर हठधर्मिता और शक्ति की राजनी. ति करने का आरोप लगाया। उन्होंने एक ऐसी विश्व व्यवस्था की मांग की जो न्याय और समानात पर आधारित हो और जिसमें सभी को भागीदारी का अधिकार हो। जिनपिंग ने कहा, लगभग 24 साल पहले जब इस संगठन की स्थापना हुई थी, तब हमने 'शंघाई भावना' की नींव रखी थी। यह भावना आपसी विश्वास, आपसी लाभ, समानता, सलाह-मशविरा, सभ्यताओं की विविधता का सम्मान और साझा विकास की कोशिशों पर आधारित है। हमने अपनी सीमाओं पर सैन्य विश्वास बढ़ाने की व्यवस्था सबसे पहले की, जिससे हमारी लंबी सीमाएं दोस्ती, विश्वास और सहयोग का सेतु बन गईं।

हमने सबसे पहले आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की तीन ताकतों के खिलाफ मिलकर बहुपक्षीय कार्रवाई शुरू की। हमने कानून व्यवस्था और सुरक्षा सहयोग को लगातार आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा, हमने कानून व्यवस्था और सुरक्षा सहयोग को बढ़ाया, मतभेदों को सही तरीके से संभाला और सुलझाया, बाहरी दखल का स्पष्ट रूप से विरोध किया और क्षेत्र में शांति व स्थिरता बनाए रखी। हमने सबसे पहले बेल्ट एंड रोड पहल की शुरुआत की हम हमेशा अंतर्राष्ट्रीय न्याय और निष्पक्षता के पक्ष में खड़े रहते हैं, सभ्यताओं के बीच समावेश और आपसी सीख को बढ़ावा देते हैं और प्रभुत्ववादी सोच और शक्ति की राजनीति का विरोध करते हैं। चीनी राष्ट्रपति ने कहा, भविष्य को देखते हुए हमें आज की चुनौतियों और बदलावों से भरी दुनिया में श्शंघाई भावनाश को आगे बढ़ाना चाहिए। हमें मजबूत कदमों के साथ आगे बढ़ना चाहिए और अपने संगठन की संभावनाओं का बेहतर उपयोग करना चाहिए। हमें मतभेदों को किनारे रखकर एकता की राह पकड़नी चाहिए, क्योंकि साझा लक्ष्य ही हमारी ताकत और लाभ का स्रोत हैं। मतभेदों के बीच समानता तलाशने की इच्छा, समझदारी और दूरदर्शिता को दर्शाती है। अपने भाषण में जिनपिंग ने आगे कहा, एससीओ के सभी सदस्य देश एक-दूसरे के दोस्त और साझेदार हैं।



**बोलती तस्वीरें:** तियानजिन। चीन में हुए शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन की वैश्विक सफलता ने सदस्य देशों के नेताओं में जोश भर दिया है, रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने जब चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग को (SCO) की खूबियां गिनाईं, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा भी खुशी से चकम उठा।

## जिनपिंग का संयुक्त, डब्ल्यूटीओ व्यवस्था को मजबूत करने का आह्वान

**तियानजिन/नई दिल्ली।** चीनी के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों से संयुक्तराष्ट्र पर केंद्रित विश्व व्यवस्था की रक्षा करने का आह्वान किया है।

जिनपिंग तियानजिन एससीओ राष्ट्राध्यक्ष परिषद की 25वीं बैठक में बोल रहे थे। जिन. पिंग ने चीन की अध्यक्षता में हो रहे इस सम्मेलन के पूर्ण अधिवेशन में अपने संबोधन मे कहा कि हमें न्याय और निष्क्षता को बनाए रखना चाहिए, द्वितीय विश्व युद्ध के इतिहास के बारे में सही दृष्टिकोण को बढ़ावा देना चाहिए, युद्ध की मानसिकता, गुटों के टकराव और धौंस-धमकी का विरोध करना चाहिए और संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय भूमिका वाली अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की व्यवस्था की रक्षा करनी चाहिए। चीनी राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र-केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था की रक्षा करने और विश्व व्यापार संगठन को केंद्र में रखते हुए बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली का समर्थन करने का भी आह्वान किया। उन्होंने इस वर्ष एससीओ सदस्य देशों के लिए दो अरब युआन (लगभग 28.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर) के अनुदान की घोषणा की, साथ ही एससीओ इंटरबैंक कंसोर्टियम के माध्यम से अगले तीन वर्षों में 10 अरब युआन के अतिरिक्त ऋण की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि अन्य एससीओ सदस्य देशों में चीन का संचई निवेश पहले ही 84 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो चुका है, जबकि वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया है। चीनी राष्ट्रपति ने एससीओ से 'वास्तविक परिणामों और उच्च दक्षता के लिए प्रयास' करने का भी आग्रह किया।

**जिनपिंग ने एससीओ से 'वास्तविक परिणामों और उच्च दक्षता के लिए प्रयास' करने का भी आग्रह किया**

# भूकंप की तीव्रता और उसका असर...

## आंकड़ों के आईने में देश-विदेश में आए कुछ बड़े भूकंप

**नई दिल्ली।** भूकंप अमूमन हर दिन आते हैं। दुनियाभर में एक दिन में औसतन 55 झटके लगते ही रहते हैं। आइए जानते हैं कि रिक्टर स्केल पर किस तीव्रता का भूकंप कितना खतरनाक हो सकता है।

**0-1.9 तीव्रता:**

इसका एहसास सिर्फ सिस्मोग्राफ पर होता है, किसी को पता नहीं चलता।

**2-2.9 तीव्रता:**

हल्का कंपन महसूस होता है इंसान इसे महसूस कर सकता है।

**3-3.9 तीव्रता:**

ऐसा एहसास होता है जैसे करीब से कोई ट्रक गुज़रा हो।

**4-4.9 तीव्रता:**

खिड़कियां टूट सकती हैं दीवारों पर टंगी फ्रेम गिर सकती हैं।

**5-5.9 तीव्रता:**

फर्नीचर जैसा भारी सामान हिल सकता है और जान-माल के खासे नुकसान की संभावना बन जाती है।

**6-6.9 तीव्रता:**

यह भूकंप विनाशकारी साबित हो सकता है। बड़ी से बड़ी इमारतों की नींव दरक सकती है और ऊपरी मंजिलों को नुकसान हो सकता है।

**7-7.9 तीव्रता:**

इस तीव्रता वाले भूकंप में इमारतें तक ढह जाती हैं जमीन के अंदर पाइप फट जाते हैं। यह भी बेहद विनाशकारी हो सकता है। पिछले साल फरवरी में तुर्की और सीरिया में आए 7.8 तीव्रता के भूकंप ने भारी तबाही मचाई थी जिसमें 50000 से अधिक लोग मारे गए और लाखों ज़ख्मी हुए थे। कई शहर पूरी तरह तबाह हो गए थे।

**8-8.9 तीव्रता:**

इस तीव्रता वाला भूकंप पूरे शहर को नुकसान पहुंचा सकता है। इमारतें और बड़े-बड़े पुल भी नहीं झेल पाते और ध्वस्त होकर गिर जाते हैं। साथ ही समुद्र में सुनामी आने का गंभीर खतरा बना रहता है।


**9 या उससे अधिक तीव्रता:**

यह सबसे ज्यादा विनाशकारी भूकंप होता है। मैदान में खड़े शख्स को धरती लहराती हुई दिखाई देगी और बहुत बड़े सुनामी का खतरा रहेगा। इस तरह के भूकंप कभी-कभार ही आते हैं। अब तक दुनिया में सिर्फ 5 बार ही 9 या उससे अधिक की तीव्रता वाले भूकंप आए हैं।

**दुनिया के कुछ सबसे भीषण भूकंप**

**1952 (रूस):** पांचवां सबसे बड़ा भूकंप, तीव्रता 9.0 दुनिया में यह पहली बार 9.0 की तीव्रता वाला भूकंप था। इस दौरान सुनामी आई और करोड़ों रुपये की संपत्ति बर्बाद हो गई।

**1960 (चिली):** दुनिया का सबसे भीषण भूकंप, तीव्रता 9.5। इसे 'ग्रेट चिली अर्थक्वेक' के नाम से भी जाना जाता है। इसमें करीब 1655 लोग मारे गए और 20 लाख से अधिक बेघर हुए।




**1964 (अलास्का, अमेरिका):** दूसरा सबसे भीषण भूकंप, तीव्रता 9.2 इसमें 130 लोग मारे गए और 2.3 बिलियन डॉलर की संपत्ति का नुकसान हुआ।

**2004 (सुमात्रा, इंडोनेशिया):** तीसरा सबसे भीषण भूकंप। इसका असर भारत के अंडमान निकोबार द्वीप तक दिखा। बड़े-बड़े सुनामी लहरें उठीं जिसने कई देशों को अपनी चपेट में लिया। 2.80 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई और दक्षिण एशिया व पूर्वी अफीका में 11 लाख लोग बेघर हुए।

**2011 (तोहोकु, जापान):** चौथा सबसे विनाशकारी भूकंप, तीव्रता 9.1। इससे पूरे क्षेत्र में सुनामी आ गई। 15,000 से अधिक लोग मारे गए और 1.30 लाख से अधिक लोगों को घर छोड़ना पड़ा।

## देश में आए भूकंप...

1. **किन्नौर भूकंप, हिमाचल प्रदेश (19 जनवरी, 1975)**
   - **परिमाण:** 6.8
   - **स्थान:** किन्नौर जिला, हिमाचल प्रदेश
   - **प्रभाव:** यह भूकंप ऊपरी सतलुज घाटी में आया था। इसके कारण लगभग 60 लोगों की मौत हुई और कई गांवों में भारी क्षति हुई। भूस्खलन और चटानों के गिरने से भी काफी नुकसान हुआ था।
2. **बिहार-नेपाल भूकंप (21 अगस्त, 1988)**
   - **परिमाण:** 6.9
   - **स्थान:** भारत-नेपाल सीमा पर (बिहार में दरभंगा, सहरसा, मुजफ्फरपुर और पूर्णिया जैसे जिले प्रभावित हुए)
   - **प्रभाव:** इस भूकंप में भारत और नेपाल दोनों में 1000 से अधिक लोगों की जान गई थी, जिनमें से सैकड़ों भारत में थे। हजारों लोग घायल हुए और बड़े पैमाने पर संपत्ति का नुकसान हुआ।
3. **उत्तरकाशी भूकंप, उत्तराखंड (20 अक्टूबर, 1991)**
   - **परिमाण:** 6.8
   - **स्थान:** उत्तरकाशी जिला, उत्तराखंड (तब उत्तर प्रदेश का हिस्सा)
   - **प्रभाव:** गढ़वाल हिमालय क्षेत्र में आए इस भूकंप में 760 से अधिक लोगों की मौत हुई और लगभग 5,000 लोग घायल हुए। हजारों घर नष्ट हो गए, जिससे बड़े पैमाने पर विस्थापन हुआ।
4. **लातूर भूकंप, महाराष्ट्र (30 सितम्बर, 1993)**
   - **परिमाण:** 6.2
   - **स्थान:** लातूर और उस्मानाबाद जिले, महाराष्ट्र
   - **प्रभाव:** यह भारत के सबसे घातक भूकंपों में से एक था, क्योंकि यह एक स्थिर महाद्वीपीय प्लेट क्षेत्र में आया था, जहाँ भूकंपों की उम्मीद कम होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### कृति सैनन बनीं यूएनएफपीए की मानद राजदूत



**मुंबई।** संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष इंडिया ने बॉलीवुड अभिनेत्री, निर्माता और उद्यमी कृति सैनन को लैंगिक समानता के लिए अपना मानद राजदूत नियुक्त किया है। कृति सैनन अपनी नई भूमिका में, महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों और कल्याण की वकालत करेंगी और सशक्तिकरण, शिक्षा, लैंगिक हिंसा को समाप्त करने और सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपना समर्थन प्रदान करेंगी। कृति सनोन ने अपनी नई भूमिका के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि लैंगिक समानता के लिए यूएनएफपीए इंडिया की मानद राजदूत के रूप में शामिल होकर मुझे बेहद सम्मानित महसूस हो रहा है।

### क्रैश हुआ पाक सेना का हेलिकाप्टर, पांच जवानों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे कश्मीर (पीओके) के गिलगित- बाल्टिस्तान क्षेत्र में सोमवार तड़के सेना का एक हेलिकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पांच सैन्यकर्मी मारे गए। मृतकों में दो अधिक. ारी भी शामिल हैं। पाकिस्तानी सेना की ओर से जारी आधिका. रिक बयान के मुताबिक, एमआई-17 हेलिकाप्टर नियमित प्रशिक्षण मिशन पर था, जिसमें उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आ गई।

# भारत को कमतर आंकना नासमझी, मोदी और जिनपिंग की मुलाकात अमेरिका को एक बड़ा संदेश

**बीजिंग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को चीन के तियानजिन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। इस मुलाकात पर पूरी दुनिया की निगाहें रहीं।

दरअसल दोनों नेताओं की मुलाकात ऐसे समय हुई, जब अमेरिका की ट्रम्प सरकार की टैरिफ नीति ने पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल पुथल मचाई हुई है। एक चीनी भू-राजनीतिक विशेषज्ञ ने पीएम मोदी और शी जिनपिंग की मुलाकात को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह अमे. रिका लिए एक कड़ा संदेश है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ताइहे इंस्टीटयूट के वरिष्ठ फेलो एइनार टैंगन ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प भारत को मजबूर करना चाहते थे, लेकिन भारत जैसे देश को, जो बाजारों और श्रम के लिए इतना महत्वपूर्ण है, उसे कमतर आंकना, मुझे नहीं लगता कि यह ठीक है। उन्होंने सुझाव दिया कि नई दिल्ली के पास इस धौंस जमाने वाले देश का सामना करने का अवसर है। टैंगन ने एनडीटीवी पर एक पैनल चर्चा के दौरान कहा कि पीएम मोदी और शी जिनपिंग की यह बैठक केवल भारत और चीन के बारे में नहीं थी, बल्कि कई देशों की चिंताओं के बारे में भी थी, जो अमेरिका के टैरिफ से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि यह अहम पल है, जो वाशिंगटन को भारत के प्रति उसके मनमाने व्यवहार के लिए एक कड़ा संदेश देता है। टैंगन ने कहा कि अमेरिका भारत पर दबाव बनाना चाहता है। उसे चिंता है कि भारत गुटनिरपेक्ष दुनिया का नेतृत्व कर सकता है और अमेरिका को बता सकता है कि आप हमारे साथ औपनिवेशिक खेल नहीं खेल सकते और हमें चीन, रूस और कई अन्य देशों सहित एक-दूसरे के खिलाफ नहीं खड़ा कर सकते। अमेरिका ने रूस से कच्चा तेल खरी. दने के लिए अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। भारत ने इसे अनुचित बताया है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि ट्रम्प, भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम का श्रेय न देने के लिए भारत से नाराज हैं और टैरिफ नीति के पीछे ये भी एक बड़ी वजह है।

**एक चीनी भू-राजनीतिक विशेषज्ञ ने पीएम मोदी व शी जिनपिंग की मुलाकात को ऐतिहासिक बताया**

**अमेरिका दबाव बनाना चाहता है, उसे चिंता है कि भारत गुटनिरपेक्ष दुनिया का नेतृत्व कर सकता है: टैंगन**

### अफगान में भीषण भूकंप के बाद हर ओर तबाही का मंजर

# वैश्विक संस्थाओं ने बढ़ाए मदद के हाथ

**काबुल।** अफगानिस्तान में आए भीषण भूकंप के बाद अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं सहायता पहुंचाने एवं राहत-बचाव कार्यों में तेजी ला रही हैं। तालिबान अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि इस विनाशकारी भूकंप में कम से कम 800 लोग मारे गए जबकि 2500 से अधिक घायल हुए हैं।

इससें कुनार और नांगरहार क्षेत्रों में अधिकतर गांव पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। सीबीएस न्यूज़ ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अमे. रिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता 6.0 आंकी है और यह स्थानीय समयानुसार रविवार रात 11:47 बजे आया जिसका केंद्र नांगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से लगभग 27 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में आठ किलोमीटर की गहराई में था। इसकी वजह से यह ज्यादा विनाशकारी साबित हुआ है।

भूकंप के बाद भी कई झटके महसूस किए गए जिनमें आज सुबह 5.2 तीव्रता का एक हल्का झटका भी शामिल था जिससे स्थानीय लोग अपने घरों से बाहर आ गए। दक्षिण में 350 किलोमीटर से भी जयादा दूर काबुल और इस्लामाबाद तक इसके झटके महसूस किए गए, जहां इमारतें हिल गई थी। अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफ़त ज़मान ने पुष्टि की है कि अधिकांश मौतें कुनार प्रांत में हुई जहां 610 से जयादा लोगों की मौत और 1300 से जयादा लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है।

नांगरहार में भी कम से कम 12 लोगों की मौत और सैकड़ों लोगों के घायल होने की खबर है। आपदा क्षेत्र के वीडियो फुटेज में स्थानीय लोगों को अंधेरे में अपने हाथों से ढहे हुए घरों को खोदते हुए, मलबे के नीचे से जीवित बचे लोगों एवं शवों को बाहर निकालते हुए देखा गया। हेलीकॉप्टरों और एम्बुलेंसों ने घायलों को अस्पतालों तक पहुंचाया जबकि अस्थाई स्ट्रेचरों की मदद से अन्य लोगों को चिकित्सा टीमों तक पहुंचाया जा रहा था।

**भूकंप की तीव्रता 6.0 आंकी गई, कई शहरों में अधिकतर गांव तबाह हो गए**

# पुतिन से मिले प्रधानमंत्री मोदी

## कहा: संकट में एक-दूसरे का साथ दिया है भारत-रूस ने

**तियांजिन/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका की विभिन्न देशों पर आयात शुल्क लगाए जाने की घोषणा से दुनिया भर में मची उथल-पुथल के बीच सोमवार को यहां तियांजिन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर महत्वपूर्ण चर्चा की।

उन्होंने कहा कि भारत तथा रूस हमेशा कठिन समय में एक दूसरे के साथ खड़े रहे हैं तथा उनकी साझेदारी दोनों देशों के साथ-साथ वैश्विक शांति, स्थिरता तथा समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। चीन की दो दिन की यात्रा के अंतिम दिन स्वदेश रवाना होने से पहले मोदी ने तियांजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्र प्रमुखों के 25 वें सम्मेलन के समापन के बाद पुतिन के साथ बातचीत में रूस-यूक्रेन संघर्ष के जल्द समाप्त होने की भी उम्मीद जताई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने आर्थिक, वित्तीय तथा ऊर्जा क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की और द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती पर संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने दोनों देशों के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। मोदी ने दोनों देशों के बीच प्रगाढ संबंधों तथा नियमित संपर्क का उल्लेख करते हुए कहा कि हम लगातार संपर्क में रहे हैं। दोनों पक्षों के बीच नियमित रूप से कई उच्च स्तरीय बैठकें भी हुई हैं। इस वर्ष दिसम्बर में हमारे 23 वें शिखर सम्मेलन के लिए 140 करोड़ भारतीय उत्सुकतापूर्वक आपका इंतजार कर रहे हैं।


प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वैदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC.
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104



अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com



ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311



यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108